सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 40.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-356 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 07 जून 2024
29 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

कंगना रनोट को महिला कॉन्स्टेबल ने मारा थप्पड़

बदसलूकी

- सीआईएसएफ महिला सस्पेंड, गिरफ्तार
- किसानों के मुद्दे पर पहले भी घिरी हैं कंगना

हिसार। कंगना रनोट को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ की महिला कॉन्स्टेबल का एक वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी कह रही है, कंगना ने कहा था कि 100-100 रुपए की खातिर लोग किसान आंदोलन में बैठ रहे हैं। जब उसने यह बयान दिया तो मेरी मां भी वहां बैठी थी। महिला कॉन्स्टेबल का नाम कुलविंदर कौर है। इस घटना के बाद उसे नौकरी से सस्पेंड कर दिया गया है और पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। ये घटना गुरुवार दोपहर साढ़े 3 बजे की है। कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही थीं। तभी एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेक के दौरान महिला कॉन्स्टेबल के साथ बहस हुई और उसने थप्पड़ मार दिया। कंगना ने इस मामले में शिकायत भी दर्ज कराई है। कंगना ने एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा, मैं सेफ हूं। आज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर मेरे साथ हादसा हो गया। एयरपोर्ट पर एक महिला जवान ने मुझे गालियां देनी शुरू कर दीं। उसने बताया कि वो किसान आंदोलन की सपोर्टर है। उसने साइड से आकर मुझे चेहरे पर हिट कर दिया। मैं तो सुरक्षित हूं, लेकिन मेरी चिंता पंजाब में बढ़ रहे उग्रवाद और आतंकवाद को लेकर है। इसे कैसे भी करके हैंडल करना पड़ेगा। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है, फिलहाल जांच चल रही है।

राहुल ने मोदी-शाह को घेरा, एग्जिट पोल पर भी कर दिया बड़ा दावा

शेयर बाजार में हुआ बड़ा घोटाला

आरोप

- मोदी-शाह ने निवेशकों के 30 लाख करोड़ डुबाए
- अमित शाह कहते हैं 4 जून से पहले शेयर खरीदें

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि शेयर बाजार पर सरकार की ओर से की गई टिप्पणी से लाखों खुदरा निवेशकों का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा कि यह शेयर बाजार का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी संसदीय समिति से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल ने कहा, हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री ने, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक मार्केट पर टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने दो-तीन चार बार देश को कहा कि स्टॉक मार्केट तेजी से आगे बढ़ने जा रहा है। स्टॉक मार्केट में निवेश करने के लिए कहा। अमित शाह कहते हैं कि 4 जून से पहले शेयर खरीदें। मोदी कहते हैं कि चार जून को स्टॉक खरीदें। 1 जून को मीडिया झूठे एग्जिट पोल निकालती है। भाजपा को जो आंतरिक एग्जिट पोल था, उसमें उसे 220 सीटें मिल रही थीं। आंतरिक एजेंसियों ने सरकार को 220 से 230 सीटों के मिलने के बारे में बताया था। स्टॉक मार्केट तीन जून को सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है और 4 जून को धड़ाम हो जाता है। राहुल ने कहा, ये दिखाता है कि कोई न कोई घपला हो रहा है। हजारों करोड़ रुपये यहां निवेश हुए। स्टॉक मार्केट गिरने के बाद 20 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये जो आप देख रहे हैं वह स्टॉक मार्केट के इतिहास का सबसे बड़ा नुकसान है।

देश को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं: पीयूष गोयल

पीयूष का पलटवार

नई दिल्ली। भारत के अर्थव्यवस्था की उपलब्धि साधारण उपलब्धि नहीं है। पूरा विश्व इसे गंभीरता से देख रहा है और समझ रहा है। भारत का विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होने जा रहा है। एक बार फिर मोदी सरकार बन रही है इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में वे अपने बयान से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। इक्विटी मार्केट में चुनाव के हिसाब से अलग अलग तरीके से बदलाव होते रहते हैं। ये बातें भाजपा नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के शेयर बाजार में घोटालों के आरोपों के पलटवार में कही है। गोयल ने यह भी कहा कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है। गोयल ने कहा, दुनिया भर में इस तरह से इक्विटी मार्केट चलती है। देखना यह है कि लंबे अरसे में इक्विटी मार्केट में क्या हुआ है। देश के निवेशक जानते हैं कि पिछले दस वर्ष के सफलतापूर्वक मोदी सरकार के कार्यकाल में हमारा मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ का कीर्तिमान हासिल किया है।

दिल्ली में 'आप' अपने रास्ते

दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

ऐलान

- विधायकों संग बैठक के बाद पार्टी का बड़ा फैसला
- 70 विधानसभा सीटों पर आप के 62 विधायक हैं

नई दिल्ली। दिल्ली में विधायकों के साथ बैठक के बाद आम आदमी पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने बयान जारी कर कहा, आप दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। बता दें कि गुरुवार को पार्टी ने अपने सभी विधायकों को मुख्यमंत्री आवास पर मीटिंग के लिए बुलाया था। मौजूदा समय में 70 विधानसभा सीटों पर आप के 62 विधायक हैं।

वहीं दिल्ली में लोकसभा चुनाव की बात करें तो आप का वोट शेयर 2014 और 2019 के चुनावों की तुलना में काफी बढ़ा है। दिल्ली के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में जहां केंद्र सरकार के कर्मचारी रहते हैं, उन्होंने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में आप के पक्ष में और भाजपा के खिलाफ भारी मतदान किया है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के मजबूत प्रदर्शन के बावजूद भाजपा 2015 के विधानसभा चुनावों में सिर्फ तीन सीटों पर सिमट गए और 2020 में 8 सीटों पर सिमट गए। इस बार लोकसभा में आप का वोट शेयर बढ़ा है। ऐसे में इस बार विधानसभा चुनावों में भाजपा का सफाया हो जाएगा। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़े। कुल सात सीटों में से जहां चार पर आप तो वहीं तीन सीटों पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा।

भाजपा का विधानसभा चुनाव में होगा सफाया

आम आदमी पार्टी ने भाजपा अध्यक्ष के बयान पर निशाना साधा। आप नेताओं का कहना है कि पार्टी जाति या धर्म में निहित किसी भी राजनीति की कड़ी निंदा करती है। हम समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे सभी को लाभ हो। केंद्र सरकार गरीब विरोधी है। लोकसभा चुनाव के परिणाम ने भाजपा की विफलता को उजागर किया है। भाजपा सरकार ने गरीबों की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया। हम इस देश के लोगों के आभारी हैं कि उन्होंने भाजपा को करारा जवाब दिया।

एसटीएफ ने शासन को सौंपी सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले की रिपोर्ट

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने अपनी रिपोर्ट बीते दिनों शासन को सौंप दी है। इसमें पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी और वांछितों के बारे में उल्लेख करने के साथ ही सुरक्षा में हुई चूक का भी विस्तार से जिक्र किया गया है। बता दें कि एसटीएफ की मेरठ यूनिट पेपर लीक से जुड़े एक मुकदमे की अभी विवेचना कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एसटीएफ को अभी पेपर छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के मालिक से पूछताछ करनी है, हालांकि वह पेपर लीक होने के बाद अमेरिका जाने के बाद से वापस नहीं आया है। एसटीएफ की मेरठ यूनिट प्रिंटिंग प्रेस के मालिक के अहमदाबाद स्थित पते पर तीन नोटिस भेज चुकी है। बता दें कि सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के लिए 18 व 19 फरवरी को लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ था।

मोहिबुल्लाह के बयान पर आजम की पत्नी का पलटवार

मौलाना नदवी को जेल जाने का ज्यादा अनुभव : तजीन फातमा

रामपुर। सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फातमा ने रामपुर से सपा से चुनाव जीतने वाले मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मौलाना नदवी को जेल जाने का ज्यादा तर्जुबा है। तभी वह इस तरह के बयान दे रहे हैं। उन्होंने नदवी को नसीहत दी कहा कि उन्हें इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए।

रामपुर लोकसभा सीट के नवनिर्वाचित सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने आजम खां से जेल में मिलने जाने के जवाब में कहा था कि जेल सुधार गृह है। जेल में कैदियों को सुधारा जाता है। उन्होंने कहा था कि आजम खान के लिए बस दुआ ही की जा सकती है। उनके इस बयान के बाद आजम खान के समर्थक भड़क गए हैं। मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी के बयान की आलोचना की जा रही है। कल इस मुद्दे पर मुरादाबाद की सपा सांसद रूचिवीरा ने नदवी के बयान को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने मोहिब्बुल्लाह को राजनीति में अपरिपक्व बताया था, जबकि गुरुवार को इस मामले में सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फातमा ने भी मोहिब्बुल्लाह को मामले में आड़े हाथों ले लिया। उन्होंने पहले तो मोहिब्बुल्लाह को जीत की बधाई दी और फिर उनके बयान पर ऐतराज भी जताया। कहा मुझे लगता है कि मोहिब्बुल्लाह को जेल जाने का काफी तर्जुबा है और वह जेल जा चुके हैं। तभी वह इस तरह की बातें कर रहे हैं। तजीन फातमा ने कहा कि उन्हें इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए। दूसरी ओर रामपुर से निर्दलीय प्रत्याशी व सुप्रीमकोर्ट अधिवक्ता महमूद प्राचा ने भी नदवी पर निशाना साधा। कहा कि जब मौलाना मोहिब्बुल्लाह जब जेल जाएंगे तब उन्हें छुड़ाने कौन-कौन जाएगा। उनके इस ब्यान पर लगातार प्रतिक्रियाएं आ रहीं हैं।

सीएम योगी ने फिर से शुरू किया जनता दर्शन

किसी भी फरियादी के साथ अशोभनीय व्यवहार न हो: योगी

कार्यक्रम

- चुनाव की घोषणा के बाद से बंद था जनता दर्शन
- पूरे प्रदेश से आए लोगों से सीएम ने समस्याएं जानी

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर से जनता दर्शन कार्यक्रम शुरू कर दिया है। चुनाव की घोषणा के बाद यह कार्यक्रम बंद कर दिया गया था।

गुरुवार से यह कार्यक्रम फिर से शुरू हो गया है। पूरे प्रदेश से आए लोगों से सीएम ने समस्याएं जानी। मालूम हो कि यह कार्यक्रम लखनऊ में रोजाना होता है। यदि सीएम प्रदेश में होते हैं तो वह एक घंटा जनता से मिलते हैं। यदि वह गोरखपुर में होते हैं तो वहां जनता दर्शन कार्यक्रम करते हैं। बता दें कि दो माह पूर्व आचार संहिता लगने से पहले तक सीएम योगी तकरीबन प्रतिदिन अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन से मुलाकात करते रहे हैं। सीएम योगी ने पहले ही स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि थानों और तहसीलों की सासाहिक समीक्षा जिलास्तर के वरिष्ठ अधिकारी करें, किसी भी फरियादी के साथ अशोभनीय व्यवहार नहीं होना चाहिए और उसकी समस्या का तत्काल यथोचित निराकरण जिलास्तर पर ही होना चाहिए। इसके अलावा जिले की समीक्षा मंडल स्तर और मंडल की समीक्षा लखनऊ मुख्यालय से प्रतिमाह होनी चाहिए।

राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार हैं: शशि थरूर

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। 10 साल बाद संसद में नेता प्रतिपक्ष होगा। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी और 10 प्रतिशत से अधिक सीटें हासिल करने के कारण यह पद कांग्रेस को मिलेगा। संसद में विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी की मांग उठ रही है। इस पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि मैंने आज कई साक्षात्कारों में मांग की है कि राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि इस पर ध्यान दिया जाएगा। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की। उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने देश भर में उल्लेखनीय प्रचार किया। वे असल में पार्टी के स्टार कैंपेनर हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राज्यसभा में पार्टी के नेता हैं। राहुल गांधी का लोकसभा में पार्टी का नेता बनना उचित होगा। अगर ऐसा होता है तो मुझे बहुत अधिक खुशी होगी।

मोदी का शपथ ग्रहण 9 जून को

सत्ता

- शाम 6 बजे होगा शपथ ग्रहण का कार्यक्रम
- स्मृति-राजीव चंद्रशेखर को मिल सकता है मौका
- नड्डा के आवास पर भाजपा नेताओं की बैठक

नई दिल्ली। मोदी सरकार के शपथ ग्रहण की गुरुवार को नई डेट आई। मोदी 9 जून को शाम 6 बजे शपथ ले सकते हैं। पहले 8 जून को शपथ लेने की खबरें थीं। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीते सभी मंत्री इस बार भी रिपीट होंगे।

विवाद से जुड़े चेहरों के नाम मंत्री पद की लिस्ट से काटे जा सकते हैं। चुनाव हारीं स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर को पार्टी एक और मौका दे सकती है। इन्हें फिर से मंत्री पद मिल सकता है।

दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर को अहम बैठक हुई। इसमें अमित शाह और राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में नई सरकार बनाने, भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में जगह देने और शपथ ग्रहण की तैयारियों समेत कई मुद्दों पर चर्चा की खबर है।

शपथ ग्रहण समारोह में जुटेंगे दुनियाभर के नेता

कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हफ्ते के आखिर में प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। साल 2014 की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में दुनियाभर के नेता जुटेंगे। इनमें श्रीलंका, नेपाल, मॉरिशस आदि के राष्ट्र प्रमुख शामिल हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण भी स्वीकार कर लिया है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमासिंघे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने नरेंद्र मोदी को बुधवार को लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए की जीत की बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया कि इस जीत से पता चलता है कि भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तरक्की और समृद्धि में विश्वास जताया है। सबसे करीबी पड़ोसी होने के नाते श्रीलंका की सरकार भारत के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ करने की तरफ देख रही है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि दोनों देशों के नेताओं के बीच बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति विक्रमासिंघे को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया।

आंधी-बारिश से बदला मौसम, 5 डिग्री तक गिरा पारा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुधवार देर रात आई आंधी और बारिश ने मौसम के मिजाज को एकदम बदल दिया है। लखनऊ में इसकी रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे के आसपास थी, जबकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश के मुताबिक दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि रात के पारे में भी 3 डिग्री के आसपास की गिरावट है। हालांकि शुक्रवार से फिर मौसम में बदलाव दिखेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा और लू व तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक लखनऊ में तो कहीं कहीं 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तो कहीं इससे भी तेज गति से आंधी चली। बुलंदशहर, सुल्तानपुर, गाजीपुर, गोरखपुर समेत पूर्वांचल के कई जिलों में बारिश हुई। लखनऊ में गोमतीनगर, हजरतगंज में केडी सिंह बाबू स्टेडियम सहित कई इलाकों में पेड़ गिरे।

चुनाव **सांसदों की लिस्ट राष्ट्रपति को सौंपी**

ईवीएम को आराम करने दीजिए : राजीव

तैयारी

- अगले चुनाव में ईवीएम को फिर खानी है गाली
- जम्मू कश्मीर में जल्द होंगे चुनाव

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों, ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने गुरुवार 6 जून को महात्मा गांधी के समाधि-स्थल राजघाट पहुंचे। यहां तीनों ने महात्मा गांधी को फूल अर्पित किए। यहां पर सीईसी ने कहा कि देश में 16 मार्च को चुनावों के ऐलान के साथ जो आचार संहिता लागू हुई थी, वह खत्म हो गई है।

ईवीएम को लेकर राजीव कुमार ने कहा कि अब नतीजे सबके सामने हैं। अगले चुनाव तक ईवीएम को आराम करने दीजिए। अगले चुनाव में वह फिर उठेगी, फिर उसकी बैटरी बदली जाएगी, उसके पेपर्स बदले जाएंगे, फिर वह गाली खाएगी और वह अपने रिजल्ट अच्छे से दिखाएगी।

उन्होंने कहा कि पिछले 20-22 साल से ऐसा ही हो रहा है। सरकार बदलती जाती हैं, केंद्र से लेकर राज्यों तक। शायद जब ईवीएम का जन्म हुआ था, तब मुहूर्त ऐसा था कि उसको गाली खानी है, लेकिन यह एक भरोसेमंद चीज है, जो अपना काम करती रहती है।

राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव होने बाकी हैं। जब हम वहां 12 मार्च को गए थे, तो हमने संकेत दिया था कि हम सही समय आने पर चुनाव कराएंगे। अभी हमारा उद्देश्य था कि लोकसभा चुनाव अच्छे से हो जाएं, जम्मू-कश्मीर में लोग अपने घरों से बाहर निकलें और वोटिंग की लाइनें देखें। अब जब ये हो गया है तो हम जल्द से जल्द लोगों को सरकार बनाने और अपने नेता चुनने का मौका देंगे। चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने गुरुवार शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लोकसभा चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों की लिस्ट सौंपी। एक बार सूची राष्ट्रपति को सौंपे जाने के बाद 18वीं लोकसभा के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे पहले राष्ट्रपति ने बुधवार को 17वीं लोकसभा को भंग करने का आदेश दिया था। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं।

एडीएम की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार को दिया मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पान मसाला और तम्बाकू को अलग,अलग दुकानों पर बिक्री करने की सरकारी अधिसूचना के खिलाफ मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र एडीएम की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार को दिया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मांग पत्र मैं कहा गया है कि आयुक्त खाद एवं औषधि प्रशासन ने एक अधिसूचना 7 मई 2024 को जारी की है। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अब एक ही दुकान से पान मसाला और तम्बाकू की एक साथ बिक्री पर रोक लगा दी गई है। जो कि यह आदेश पूर्ण रूप से अव्यवहारिक है। पान मसाला और तम्बाकू का व्यवसाय हर गली,नुक्कड़, चौक चौराहों पर होता है। जिसे अधिकतर गरीब वर्ग के व्यापारी बेचकर करके अपने परिवार का भरण पोषण करते है। मांग पत्र देने वालो में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी,नगर चेयरमैन पवन गुप्ता, नगर अध्यक्ष विनोद मिश्रा, नगर महामंत्री विनोद गुप्ता नगर उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता,शिव कुमार सोनी, गुंजन मिश्रा, श्याम राजपूत, सन्नी गुप्ता, उमेश कटियार, आदि व्यापारी शामिल हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विचार गौष्ठी का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी-पलियाकलां। स्थानीय चीनी मिल परिसर मैं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विचार गौष्ठी का आयोजन किया गया। पर्यावरण पर पॉलिथीन के द्वारा दुष्प्रभाव एवं कागज के बनाने मैं पर्यावरण को होने वाले नुकसान के विषय मैं विस्तृत जानकारी दी गई। यूनिट हैड ओपी चौहान और खंभारखेडा यूनिट हैड अवधेश गुप्ता, गोला यूनिट हैड जितेन्द्र सिंह जादौन ने मिल परिसर में पॉलिथीन बैग्स का उपयोग न करने की अपील की एवं आश्वासन दिया कि शीघ्र ही पूरे परिसर में पॉलिथीन बैग का उपयोग बंद कर दिया जाएगा। यूनिट हैड ने यह भी कहा कि बड़ी संख्या में हो रहे वृक्षों के कटान से पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। इस अवसर पर आसवनी हैड उदय प्रताप सिंह, हरिपाल सिंह, संजीव दूबे, राजीव तोमर, यूके पांडे, योगेन्द्र आर्य, मनोज मिश्रा, सर्वेश प्रताप, राजीव दुबे, सतीश श्रीवास्तव, सुहैल अनवर, वैश्रव सिंह सहित तमाम कर्मचारियों ने मिल परिसर में पौधरोपण किया।

वट सावित्री व्रत को लेकर महिलाओं में दिखा उल्लास

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। वट सावित्री व्रत को लेकर महिलाओं में उल्लास दिखा। सुहागिन महिलाएं शहर के जंगलीनाथ मंदिर, आवास विकास, लोक निर्माण विभाग के पास, रामलीला मैदान आदि जगहों पर पहुंचीं और वट वृक्ष की पूजा की। गोला गोकर्णनाथ, अलीगंज, पलिया, मोहम्मदी, फरधान आदि क्षेत्रों में भी सुहागिनों ने व्रत रखा। वट पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना की।

क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी-मितौली। कस्बे में शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को आगाज हो गया। बेहजम को हराकर उद्घाटन मुकाबला साई क्रिकेट क्लब मितौली ने अपने नाम कर लिया। मितौली कस्बे के खेल मैदान पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामखेलावन उर्फ छोटे भैया ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच साई क्रिकेट क्लब मितौली व बेहजम के बीच 4-44 ओवर का खेला गया। बेहजम की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेहजम की टीम .4 ओवर मैं 404 रन बनाकर आलआउट हो गई। बेहजम की टीम से अंशुमान ने 9 रन, हसन ने 6 रन, आशुतोष ने 8 रन, सुनील ने 5 रन, राजू ने सबसे ज्यादा 35 रन, राजा ने रन बनाए। वहीं बेहजम के गोलू, अजीत, दानिश, अंकित खाता भी नही खोल पाए। साई क्रिकेट क्लब की और से शानदार बोलिंग करते हुए साजन ने 5 विकेट, नमित व नमन ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई क्रिकेट क्लब मितौली ने 9.5 ओवर में ही 4 विकेट से मैच जीत लिया। मितौली की ओर से साजन ने 9 रन, रोबिल ने 8 रन, राजपाल ने 5 रन, शिवम केकड़ा ने 34 रन, विनोद राज ने 24 रन, अतुल ने 7 रन बनाया। वही मितौली के मूलचन्द्र, नमन, शिवम मिश्रा खाता नही खोल सके। साई क्रिकेट क्लब मितौली ने 9.5 ओवर 4 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। साई क्रिकेट क्लब के साजन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। साजन ने 9 रन बनाकर 5 विकेट लिए। उदघाटन के दौरान डॉ आशीष गुप्ता, डॉ शिवशरण राज, सिंकदर अली, सतीश भार्गव, प्रकाश वर्मा, मौलाना रहमत, इंद्रपाल राठौर, निसार बंजारा, रोशन सिद्दीकी, आलोक राज आदि लोग मौजूद रहे।

सरकारी हैंडपंप को चोरों ने उड़ाया

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। नेशनल हाईवे पर गोला-लखीमपुर के मध्य रजौरा गांव के तिराहा के निकट लगे सरकारी हैंडपंप को चोरों ने आरी से काटकर ले गये। थाना गोला की सीमा में स्थित यह हैण्डपम्प चोरों ने निशाने पर आ गया। बताते हैं कि यह नल काफी दिनों से बिगड़ा था। जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के कारण लोग भीषण गर्मी में भी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। किन्तु किसी की नजर इधर नहीं गई है।

शौक पूरा करने को सस्ते दामों में बेच देते थे चोरी के वाहन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। गंगोह कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को चोरी की पांच बाइकों के साथ पकड़ा है। मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया है। बाइक चोर गिरोह के खिलाफ जारी अभियान के चलते पुलिस ने शनिवार को पांच मोटरसाइकिल बरामद कर चार का चालान किया गया था। गत मंगलवार को भी पुलिस ने बाइक चोरी में एक का चालान किया था। बृहस्पतिवार को फिर पुलिस ने दो युवकों को पकड़कर उनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइकें बरामद की हैं। आरोपी आनन्द पुत्र श्रीपाल निवासी सहसपुर जट्ट नकुड़ व बाल अपचारी रहमान पुत्र शराफत निवासी आलमपुर चौराहा गंगोह बताए गए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चुराये गये वाहन सस्ते दामो मे बेचकर अपना शौक पूरा करते थे। आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया गया है।

उत्पीड़न के खिलाफ ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन कर दिया धरना

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। पंचायती राज विभाग द्वारा निर्वाचित ग्राम प्रधानों के अधिकारों का हनन व उनकी प्रदत्त शक्ति को कमजोर करने के विरोध मे आज अखिल भारतीय पंचायत परिषद, उ.प्र. से जुड़े ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जादौन के नेतृत्व में ग्राम प्रधान एकत्र हुए और अपनी मांगों के निस्तारण को लेकर हकीकत नगर चौक स्थित धरना स्थल पर बैठ गये। इसके पश्चात सभी ग्राम प्रधान नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पंचायती राज विभाग द्वारा एक काला कानून आचार संहिता के समय लागू कर प्रदेश के समस्त ग्राम प्रधानों के अधिकारों का हनन व उनकी प्रदत्त शक्ति को कमजोर करने का कार्य किया जा रहा है। एक तो पहले ही ग्राम प्रधानों पर इतने अंकुश लगा दिये गये हैं, उस पर पंचायती राज विभाग द्वारा एक और काला कानून थोप दिया गया है, जिसमें ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तर प्रदेश में सारे प्रयोग किये जा रहे हैं, जिसका शिकार ग्राम प्रधान को बनाया जा रहा है। पंचायतों को टारगेट कर ग्राम प्रधानो के अधिकारों का हनन किया जा रहा है जिसको संगठन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। ज्ञापन में कहा गया कि अभी हाल ही में पंचायती राज द्वारा एक काला फरमान जारी किया गया है जिसमें पंचायत सहायक का फेस ई-ग्राम पोटर्ल पर दिखाने पर ही उक्त पोर्टल खुलेगा, जबकि उक्त पंचायत सहायक प्रधानों की संस्तुति पर ही कान्ट्रेक्ट बेस पर रखे गये हैं ये लोग न तो प्रशिक्षित हैं और ना ही योग्यता के लिए अर्ह है। क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत को पिछले 03 साल से 30 प्रतिशत जो निधि प्रधानों से काटकर क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत को दी जा रही है, उसे तत्काल प्रभाव से वापिस लिया जाये। पंचायत सहायक व शौचालय के केयर टेकर का मानदेय अपने स्तर पर दिलाने का कार्य किया जाये ना कि निधि द्वारा दिलाया जाये। छोटी-छोटी ग्राम पंचायतें इसको वहन करने में असमर्थ है। ज्ञापन मे मांग की कि यदि हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार कर न्याय नहीं दिलाया गया, तो वह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालो मे अखिल भारतीय पंचायत परिषद, उ.प्र. (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जादौन, संघर्ष समिति के जिला संयोजक संजय वालिया, संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष अनुज चौधरी, डा.राव सारिक प्रधान, कृष्ण पाल प्रधान, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

बसपा लोकसभा प्रत्याशी माजिद व बड़े भाई केआरके को किया निष्कासित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। बसपा सुप्रीमों सुश्री मायावती ने पार्टी प्रत्याशी माजिद अली व उनके भाई के.आर.के को अनुशासनहीनता व संगठन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर उन्हें संगठन से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने उक्त आश्य की जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी सुप्रीमों सुश्री मायावती के निर्देशानुसार सहारनपुर लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी माजिद अली और उनके बड़े भाई के.आर.के. को पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के चलते आज बसपा से निष्कासित कर दिया गया। जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने बताया कि माजिद अली को कई बार अनुशासनहीनता अपनाने और पार्टी विरोधी गतिविधियों के बारे में चेतावनी भी दी जा चुकी थी।

हत्या में दोषी पांच अभियुक्तों को मृत्युदंड व 7.50 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश एडीजे-08 ने हत्या में दोषी पाये जाने पर 05 अभियुक्तों को मृत्युदण्ड की सजा व 7 लाख 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सनाई है।

गौरतलब रहे कि 26 दिसम्बर 2015 को वादी सतपाल छाबडा पुत्र करतार सिंह निवासी पटेलनगर थाना कुतुबशेर के साथ अभियुक्त भुपेन्द्र बत्रा पुत्र हरशरण, अमरजीत पुत्र हरशरण, गुरूप्रताप उर्फ हनी पुत्र भुपेन्द्र, गुरूनीत पुत्र अमरजीत निवासीगण माधोप्रसाद वाली गली गुरुद्वारा रोड थाना कुतुबशेर व गुरमीत पुत्र सरदार मूल सिंह निवासी मौहल्ला किशनपुर थाना कोतवाली नगर द्वारा उसकी गाडी को रोककर गाली-गलोच करने व धारदार हथियारों से जान से मारने की नियत से हमला करने, जिससे वादी सतपाल छाबडा को घायल हो जाने तथा कर्मवीर पुत्र सतपाल की हत्या हो जाने की सूचना पर धारा 147, 148, 149, 307, 302, 341, 504 भादवि थाना कुतुबशेर पर पंजीकृत कराया। उपरोक्त विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी कुतुबशेर शैलेन्द्र शर्मा द्वारा की गयी। उपरोक्त अभियोग एसटी नं. 240/2016 पर न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे-08 में विचाराधीन रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में ऑपरेशन कन्वीक्शन में चिन्हित मांनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे-08 द्वारा आज अभियुक्त भुपेन्द्र बत्रा पुत्र हरशरण, अमरजीत पुत्र हरशरण, गुरूप्रताप उर्फ हनी पुत्र भुपेन्द्र, गुरूनीत पुत्र अमरजीत व गुरमीत पुत्र सरदार मूल सिंह को दोषी पाते हुए फांसी की सजा व प्रत्येक अभियुक्त पर 1 लाख 50 हजार रूपये से दण्डित किया।

चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

लखीमपुर खीरी। धौरहरा ईसानगर थाना क्षैत्र के लोनियनपुरवा गांव में बच्चों के बीच खेल खेल में विवाद हो गया। ईसानगर थाना क्षेत्र के लौकाही मल्लापुर के मजरा गांव लोनियनपुरवा मैं बच्चों के बीच खेल खेल में विवाद हो गया। जिसको लेकर आरोपी अच्छे लाल, राम सरन, नीरज, और सरवन गालियां देने लगे। इसका विरोध जब छोटकन ने किया तो उसे मारने पीटने लगे। बचाव करने आई छोटकन की भाभी महदेई, और भतीजी संगीता की भी आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी। मामले मैं पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर काईवाई शुरू कर दी है।

भावाधस भारत ने नवनिर्वाचित सांसद चन्द्रशेखर का किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भारत ने आज नगीना से नवनिर्वाचित सांसद चन्द्रशेखर से भेंट की और उन्हें भगवान वाल्मीकि का सम्मान स्वरूप चित्र सौंपते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

आज भावाधस भारत के राष्ट्रीय संचालक अजय कुमार बिरला के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारी नगीना लोकसभा सीट से आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनिर्वाचित सांसद चन्द्रशेखर से उनके छुटमलपुर स्थित आवास पर भेंट की और विजयी होने पर हर्ष जतताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर नवनिर्वाचित सांसद चन्द्रशेखर को सम्मान स्वरूप आसमानी रंग का पटका पहना कर एवं भगवान वाल्मीकि का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। भावाधस के जिलाध्यक्ष गौरव चौहान, रणजीत सिंह, मंगल सेन, मुनेश कुमार, अनिल कुमार, रजत डबराल ने उनकी जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह दलित समाज की राजनीति की नयी शुरूआत है। भावाधस भारत के राष्ट्रीय संचालक अजय बिरला ने सांसद चन्द्रशेखर से आह्वान करते हुए कहा कि वह संसद में बहुजन समाज की आवाज को मजबूती से उठाने का काम करें और समाज का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उनके अधिकार दिलायें।

प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास का जन्म दिन संकल्प दिवस के रूप में मनायेंगे व्यापारी

सहारनपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की आयोजित बैठक में आगामी 11 जून को प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग का जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। युवा जिलाध्यक्ष जोली प्रजापति के कार्यालय में आयोजित बैठक में आगामी 11 जून को व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग का जनमदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया गया। व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि 11 जून को संगठन के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग का जन्मदिन है।

एनसीसी कैडेटों को गार्ड माउंटिंग और गार्ड ऑफ ऑनर का कराया अभ्यास

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। 83 यूपी वाहिनी एनसीसी के चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज कैडेट्स को गार्ड मार्उटिंग और गार्ड ऑफ ऑनर का अभ्यास कराया गया। चिलकाना रोड स्थित एचएवी इंटर कालेज में कमान अधिकारी कैम्प कमांडेंट कर्नन नवेंद्र सिंह मान सेना मेडल के नेतृत्व में चल रहे वार्षिक शिविर में आज कैडेट्स को गार्ड मार्उटिंग एवं गार्ड ऑफ ऑनर का अभ्यास कराया गया। वहीं कमान अधिकारी कर्नन नवेंद्र सिंह मान सेना मेडल की अगुवाई में मेरठ ग्रुप के समस्त सीटीओ का ओरिएंटेशन कैडर प्रतिदिन की भांति सम्पन्न किया गया जिसमें ले. कर्नल डा. मनीष कुमार जायसवाल ने बड़े ही सरल तरीके से ऑनलाईन एनसीसी कैडेट्स नामांकन प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया और कैडेट्स की आशंकाओं को दूर किया। डिप्टी कैम्प कमांडेंट ले. कर्नल तन्य कोटियाल ने कैडेट्स को सेना में भर्ती होने के लिए आवश्यक शर्तें व उपाय बताए।

15 दिन में जनपद की सभी रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन कराएं सुनिश्चितः डॉ.दिनेश चंद

- राशन कार्डों के सत्यापन में लाए तेजी, अपात्रों को हटाकर पात्रों को दें योजना का लाभ
- पर्यवेक्षण अधिकारी सत्यापन कर जिओ टैग फोटो कराएं उपलब्ध

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए कि 15 दिन के अंदर सभी रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि पात्रों के हक में कटौती करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि एसडीएम, बीडीओ, ग्राम स्तरीय समिति अथवा पर्यवेक्षण अधिकारी सत्यापन कर जिओ टैग फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ट्रक से ट्राली में जाने वाले खाद्यान्न पर सरकारी खाद्यान्न बैनर लगाया जाए तथा इंस्पेक्टर की निगरानी मे सरकारी खाद्यान्न की दुकान तक पंहुचाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र आजं कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में खाद्यान्न के वितरण एवं सत्यापन के संबंध में बैठक ले रहे थे। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षक को निर्देश दिए कि जनपद में सघन अभियान चलाकर अपात्रों को चिन्हित कर उनका राशन कार्ड निरस्त करते हुए तत्काल पात्रों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सत्यापन टीम द्वारा जांच में पाए जाने वाले जिन अपात्र कार्डधारकों का राशनकार्ड निरस्त किया जाए उसको नोटिस देकर अपात्रता का कारण भी स्पष्ट रूप से उल्लिखित किया जाए। सत्यापन टीमों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि राशन कार्ड में अंकित परिवार के सदस्यों में कोई सदस्य ऐसा है जो परिवार का सदस्य नहीं है उसकी जांच कर यूनिट की निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों जिनके राशन कार्ड नहीं है उनके राशन कार्ड प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार बनाएं जाएं। साथ ही निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा निःशक्त पेंशन योजना के ऐसे पात्र लाभार्थी जो कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में आच्छादित होने से छूट गये है, का सत्यापन कराते हुए उन्हें भी पात्र पाये जाने की स्थिति में राशनकार्ड निर्गमन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, उपजिलाधिकारी सदर युवराज सिंह, उप जिलाधिकारी देवबंद अंकुर वर्मा, डिप्टी आरएमओ, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सहित खंड विकास अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे।

नगर विधायक ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने आज जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर बदहाली पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को जमकर लताड़ लगाई और कहा कि वह इस सम्बंध में सरकार को अवगत कराकर कार्यवाही कराएंगे।

पिछले कुछ दिनों से मीडिया में चल रही खबरों का संज्ञान लेते हुए नगर विधायक राजीव गुम्बर सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड पहुँचे, जहां उन्होंने रोगियों से बात कर उनसे चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और इमरजेंसी वार्ड में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त की। इसी प्रकार जनरल वार्ड में भी पीने के पानी की व्यवस्था न होने और शौचालयों में समुचित साफ सफाई न होने एवं पीने के पानी के वाटर पम्प की मोटर एवं मशीन के चालू न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विधायक राजीव गुम्बर ने निर्देश दिए कि इमरजेंसी वार्ड और जनरल वार्ड में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। जो वाटर कूलर खराब है, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। साथ ही अन्य स्थानों पर भी पीने के पानी को व्यवस्था कराई जाए। रोगियों के रजिस्ट्रेशन के लिए अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की जाए। साथ ही वहां टेंट इत्यादि लगाए जिससे कि रजिस्ट्रेशन कराने वालो का धूप से बचाव हो सके। नगर विधायक ने अस्पताल में समुचित साफ -सफाई रखने के निर्देश दिए। विधायक राजीव गुम्बर ने हाउस कीपिंग मैनेजर विक्रांत को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने जिला चिकित्सालय की नालियों एवं आवासीय कालोनियों का भी जायजा लिया। जहां उन्होंने पाया कि अधिकतर नालियां अटी पड़ी हैं और आवासीय परिसर भी गंदगी से अछूते नहीं हैं। इस पर उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं किसी भी रूप में दुरूस्त नहीं है। इस दौरान नगर विधायक के साथ भाजपा क्षेत्रीय मीडिया सहसंयोजक गौरव गर्ग, राधेश्याम, सीएमओ डॉ संजीव मांगलिक, सीएमएस डॉ रामानंद उपस्थित रहे।

सांसद इमरान की जीत पर कांग्रेसियों ने मिठाई बांट जतायी खुशी

सहारनपुर। मंडल में सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत पर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाकर मिठाई बांटी और प्रचंड जीत के लिए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्किार्जुन खड़गे के प्रयासों की जमकर सराहना की। आज गोविंद नगर स्थित महानगर अध्यक्ष वरूण शर्मा के आवास पर सहारनपुर सीट पर इमरान मसूद की जीत का जश्न मनाया गया और पूरे देश में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में कांग्रेस को मिली अपार सफलता पर खुशी मनाई गई और मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में राहुल गांधी ने मोहब्बत की दुकान को जिस प्रकार बनाया है, उससे पूरे देश में नफरत फैलाने वालों का खात्मा हो गया है और यह प्यार का पैगाम निरंतर जारी रहेगा।

सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी के सीएस मंडले बने मण्डल अध्यक्ष

सहारनपुर। सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी की बैठक में सीएस एंडले को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया। आज प्रताप मार्किट स्थित सोसायटी के कार्यालय पर संस्थापक के. एल. अरोड़ा व चयन समिति द्वारा सी. एम. एंडले की संस्था के प्रति सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संस्था के विस्तारीकरण का दायित्व सौंपा गया और सर्वसम्मति से उन्हें मंडल अध्यक्ष भी घोषित किया गया। इस दौरान संस्थापक श्री अरोड़ा ने कहा कि संस्था जनपद के अलावा उत्तराखंड में भी कार्य कर रही है। साथ ही संस्था का लक्ष्य है कि आने वाले दिनों में सहारनपुर मण्डल व उसके बाहर संस्था का विस्तारिकरण हो तथा जो वरिष्ठ नागरिक संस्था से जुडने से वंचित है, उन्हें भी संगठन का लाभ मिल सकें। सीएम एण्डले आईआईटी रूड़की से सीनियर प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत हैं तथा समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति हैं तथा महानगर की अनेक शैक्षिक संस्थाओं में कार्य कर चुके हैं।

एक जनपद एक उत्पाद के लिए जिलाधिकारी को वुडन रेक सौंपा

- सीआईएस पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दिया डिस्पले
- जीएसटी कार्यालय को सौंपा गया वाटर कूलर

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। चैम्बर ऑफइंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज सहारनपुर द्वारा आज जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ओडीओपी के तहत वुडन हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के डिस्प्ले के लिए शॉकेस (डिस्पले रैक) जिलाधिकारी कार्यालय लगाए जाने के लिए जिलाधिकारी को सौंपा गया।

आज संस्था के अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी के नेतृत्व में उद्यमी जिला मुख्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्रा से भेंट कर उन्हें डिस्पले रैक में गणेश की प्रतिमा रखकर शिलान्यास कराया। इस पर जिलाधिकारी ने सभी आभार जताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य एक जनपद एक उत्पाद में बन रहे वुडन हैंडीक्राफ्ट के उत्पादों की जानकारी बाहर से आए लोगों को मिल सके और जिला मुख्यालय के माध्यम से जानकारी दूर-दूर तक पहुंच सके। अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी ने कहा कि जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के निर्देशानुसार कराया गया है। इस डिस्प्ले रैक का उद्देश्य बाहर से आए उच्च प्रशासनिक, अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं अतिथि जिला मुख्यालय पर आते हैं तो उनको सहारनपुर के ओडीओपी यानी वुडन हैंडीक्राफ्ट के उत्पादों का परिचय मिल सके। इस डिस्प्ले रैक में मुख्यतः मिगलानी क्राफ्ट एक्सपोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, लियो आर्ट्स, शाइनिंग हैंडीक्राफ्ट, ए.आर.एम. इंटरनेशनल, गोयल क्राफ्ट हाउस एवं कृष्णा हैंडीक्राफ्ट्स के उत्पाद डिस्प्ले रैक मैं लगाने के लिए देने में अपना सहयोग दिया। इसके अलावा प्रदेश के जीएसटी विभाग के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 एस. पी. सिंह की इच्छानुकसार एक वाटर कूलर आरओ सुविधायुक्त की व्यवस्था जीएसटी कार्यालय की तीसरी मंजिल पर कराई गई है जो आज जीएसटी कार्यालय को सौंपा गया। इस अवसर अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी, चेयरमैन एच.एस. चड्ढा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कपूर, महासचिव अमित चौधरी, संयुक्त महासचिव रवि टंडन, कोषाध्यक्ष विजय वशिष्ठ, संयुक्त कोषाध्यक्ष गौरव जैन, कोऑर्डिनेटर संजय गुप्ता, सचिव राजेश गुप्ता, सुनील सूरी, ब्रिज धीमान, वुडन हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन से परविंदर सिंह, सोम गोयल, समाजसेवी एवं उद्यमी विश्वजीत पुंडीर आदि उद्यमी मौजूद रहे।

प्रतिमा का ब्रिगेडियर ने किया अनावरण

अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। शहीद नायक दृगपाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण राजेपुर ब्लाक के ग्राम अंबरपुर में सेना के ब्रगेडियर द्वारा किया गया। महावीर चक्र से सम्मानित नायक दृगपाल सिंह के हौसले के आगे दुश्मन को मैदान छोड़ना पड़ा था। उनके साहस को देख उनकी कंपनी के जवान लगातार दुश्मन से भिड़ते रहे। भले ही युद्ध की समाप्ति 16 दिसंबर 1971 को हुई,लेकिन दुश्मन सेना के हौसला पस्त करने का काम 13 व 14 दिसंबर की रात को ही हो गया था। मेजर ललित मोहन भाटिया और नायक दृगपाल सिंह ने दुश्मन सेना पर हमलावर होते हुए दुश्मन सेना का हौसला पस्त कर दिया था। उनके द्वारा देश के लिए दी गई कुर्बानी हमेशा याद रखी जाएगी यह कुर्बानी हमारे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगी। कार्यक्रम मे आए सभी लोगों ने शहीद नायक दृगपाल सिंह की प्रतिमा को नमन किया। मूर्ति अनावरण के दौरान आर्मी की बटालियन मौजूद रही।आर्मी फोर्स के साथ-साथ तमाम रिटायर्ड सैनिक मौजूद रहे। इस मौके पर अवधेश सिंह सोमवंशी, नरेंद्र सिंह सोमवंशी, नेत्रपाल सिंह सोमवंशी, करुणा शंकर अग्निहोत्री, प्रदीप सिंह सोमवंशी फौजी,सुनील सिंह फौजी,रामप्रताप सिंह फौजी, हरनाम सिंह फौजी, सुरेंद्रपाल सिंह फौजी,उमेश सिंह पूर्व प्रधान एवं पूर्व सैनिक, बृजपाल सिंह राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

सालाना उर्स पर चादर पेश कर दुआएं मांगी गयी

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। कोंच रोड पर लहचूरा के पास हजरत कमाल

शाह सैयद वली का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। सुबह जहां मजार पर अकीदत के साथ चादर पेश की गई और दुआएं मांगी गई तो रात में कव्वाली का आयोजन हुआ। लोगों मेले व कव्वाली का जमकर लुत्फ उठाया। हजरत कमाल शाह सैयद वली का मजार जालौन से कोंच रोड पर लहचूरा के पास स्थित है। मजार पर हर साल उर्स का आयोजन होता है। लोगों ने सुबह से ही मजार पर पहुंचकर चादरपोशी कर दुआएं मांगीं। खास बात यह है कि यह इस उर्स में सभी धर्म के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मुल्क में अमन शांति और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। इस दौरान मेले का भी आयोजन किया गया। जहां अकीदतमन्दों ने विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी की। उर्स में आये कव्वाल शीबा परवीन कानपुर व नुसरत सुल्तानी झांसी के बीच रात में जबावी मुकाबला हुआ। जिसका मौजूद लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान नवनिर्वाचित सांसद नारायण दास अहिरवार के बेटे राजीव कुमार भी कव्वाली के प्रोग्राम में पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि इस उर्स में जो गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली यह काबिले तारीफ है। इस मौके पर मनोज बादल, अनिल राजावत,धीरेंद्र सिंह, कैलाश बाबू वर्मा, अनिल वर्मा प्रधान,रमजान, रज्जन शाह आदि मौजूद रहे।

दो बदमाशों ने बाइक पर सवार महिला का बैग छीना

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। देर शाम जालौन से उरई शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक दंपति को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उनके बैग को छीना, जिसके चलते महिला चलती बाइक से नीचे गिर गई जिससे उसके गंभीर चोटें आई। घायल महिला को वहां से निकल रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल तक पहुंचने में सहयोग किया। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा अज्ञात चोरों को पकड़ने के लिए टीमें गठित की। बुधवार की शाम तकरीबन 8:30 बजे के आसपास जालौन नगर के शिक्षक अनवार अपनी पत्नी शबनम तथा एक छोटे बच्चों को लेकर उरई एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे जैसे वह भिटारा निकले ही थे कि पीछे से तेज गति से आ रही बाइक जिस पर दो युवक बैठे थे उन्होंने महिला के बैग को छीना जो महिला अपने हाथ में लिए थी, बैग की छीना झपटी से महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह चलती हुई मोटरसाइकिल से गिर गई जिससे उसके पैरों में हाथ में तथा सिर में गंभीर चोटें आईं,पीछे से आ रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आदित्य हृदय तथा स्वयं गोस्वामी ने उन बदमाशों का पीछा करने का भी प्रयास किया।

घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान उठा ले गए

महमूदाबाद सीतापुर अवधनामा संवाददाता। बीती रात तेज आंधी पानी का फायदा उठाकर चोरों ने लाखों रुपए का सामान चुरा कर भागने में सफल रहे पीड़ित ने कोतवाली मे स्न.द्ब ऋ दर्ज करा कर करवाई की मांग की है मोहल्ला अमीर गंज निवासी आरिफ हुसैन अपनी पत्नी की डिलिवरी को लेकर लखनऊ के एक अस्पताल में एडमिट थे उनके घर पर ताला बंद था इसका फायदा उठाते हुए चोरों ने गेट और कमरों का ताला तोड़कर सोने का जेवर नकदी और एक बड़े बैग में लगभग ढाई लाख रुपए का कामदानी बनवाने वाले दुपट्टे का बैग उठा ले गए आरिफ हुसैन ने बताया कि चोरों ने कटर से गेट का कुंडा और ताले को काटा किचन खोलकर फ्रिज में रखें पानी को भी पिया और पूरे घर की तलाशी लेकर कीमती सामान उठा ले गए।

एक युवक नाबालिक लड़की के साथ फरार

बलरामपुर अवधनामा संवाददाता। देश प्रदेश में हुए आम चुनाव की छटा भी साफ नही हुई कि अपराधी अपने रंगत में आना शुरू हो गए और प्रदेश की मौजूदा सरकार पर धब्बा लगाने का प्रयास शुरू कर दिए ज्ञात हो की चुनाव के अंतिम समय पर मतगणना से ठीक पहले एक वर्ग विशेष के व्यक्ति ने जो पहले से ही शादीशुदा और दो बच्चों का बाप है एक नाबालिक लड़की जिसकी उम्र महज 13 - 14 साल है को बरगला कर उसके गांव से भागा ले जाने की घटना समने आई है संबंधित मामले में दोषियों के खिलाफ तत्काल प्रार्थना पत्र दिया गया परंतु पुलिस की निष्क्रियता के कारण अभी तक उक्त लड़की का कोई अता पता नहीं चल सका जबकि आरोपित लड़के का उक्त लड़की के साथ मांग भरी फोटो फेसबुक पर बराबर वायरल हो रहा है देखना है कि स्थानीय पुलिस उक्त घटना का पटाछेप किस तरीके से करती है देखना बाकी है।

सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है माँ भगवती जन कल्याण सेवा समिति, म0नं0-106 ग्राम मवी नान अहतमाल तहसील कैराना जिला शामली के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी / सदस्य है:-1. श्री धर्मबीर अध्यक्ष 2. श्री प्रदीप कुमार उपाध्यक्ष 3. श्री दीपेन्द्र कुमार उर्फ दीपचन्द सचिव 4. श्री विपिन कुमार उपसचिव 5. श्री मनोज कुमार कोषाध्यक्ष 6. श्री देवेन्द्र कुमार सदस्य 7. श्री राहुल कुमार सदस्य 8 श्री बिजेन्द्र सदस्य 9. श्री लोकिन्द्र कुमार सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

आज्ञा से (विजय शुक्ला) सहा.रजि., फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, सहारनपुर।

सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है पैट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन शामली, मैसर्स परमात्मा शरण राम किशन धीमानपुरा शामली के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/ सदस्य है:-1. श्री विजय कुमार गर्ग संरक्षक 2. श्री सूर्यवीर सिंह अध्यक्ष 3. श्री दिनेश चन्द जैन उपाध्यक्ष 4. श्री रोहित गुप्ता सचिव 5. श्री चरत कुमार बंसल कोषाध्यक्ष 6. श्री बिजेन्द्र सिंह सदस्य 7. श्री योगेन्द्र सरोहा सदस्य 8. श्री पंकज कुमार सदस्य 9. श्री मयंक जैन सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत एसोसिएशन के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर एसोसिएशन के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी हुई है।

आज्ञा से (विजय शुक्ला) सहा.रजि., फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, सहारनपुर।

प्रभू की मूरत से मिलती जीवन में शान्ति की प्रेरणा

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। प्रभु की मूरत जीवन में शान्ति की प्रेरणा देती है जिसको देखकर जव प्रभु का स्मरण करोगे जीवन में ऐसा परिवर्तन आएगा, जिससे भविष्य तो सुधरेगा ही साथ ही परिणामों में निर्मलता आएगी। उक्त विचार जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी ने व्यक्त कर श्रावकों को प्रभु के कल्याणक पर जीवन में कुछ न कुछ ऐसा संकल्प लेने को प्रेरित किया जिससे आत्मिक शान्ति की अनुभूति होगी। मुख्य आयोजन नगर के चन्द्रप्रभु जिनालय डोढाघाट पर जिनधर्म प्रभाविका आर्यिकारत्न सृष्टिभूषण माता जी आर्यिका विजज्ञास्साश्री माताजी एवं आर्यिका विश्वयशश्री माताजी सानिध्य में भगवान शान्तिनाथ का जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक उत्साह के साथ मनाया। सुबह अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त

सामूहिक पूजन एवं निर्वाण लाडू भी भक्तों ने चढाया। प्रभु की आरती पालना झूला का सौभाग्य पुर्ण्याजक परिवार द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त नगर के जैन मंदिरों में प्रभुअभिषेक शान्तिधारा कर भक्तों ने निर्वाण लाडू चढाया और सामूहिक पूजन की। नगर के सतोदय तीर्थ सेरोन में भगवान शान्तिनाथ के तीनों कल्याणक प्रतिष्ठाचार्य पं.जयकुमार जैन ने विधिविधान पूर्वक सम्पन्न कराए अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त निर्वाण लाडू चढाया गया।

पर्यावरण से ही पृथ्वी पर जीवन सम्भव है : ओ.पी. बिरथरे

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। इन्टैक ललितपुर चैप्टर के तत्वावधान में कला भवन में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण सरंक्षण संगोष्ठी, पर्यावरण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन प्रख्यात चित्रकार ओमप्रकाश बिरथरे के मुख्य आतिथ्य एवं इन्टैक ललितपुर चैप्टर के संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कलासाधकों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित चित्र बनाये। मुख्य अतिथि कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे ने पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप पर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि पर्यावरण से ही पृथ्वी पर जीवन सम्भव है। पर्यावरण में सभी मनुष्य, जीव-जन्तु, प्रकृति, पेड़-पौधे, मौसम, जलवायु सभी समाहित है। हम सभी

भोजन, हवा, पानी अन्य जरूरतों के लिए पर्यावरण पर निर्भर है, इसलिए व्यक्ति के लिए अपने पर्यावरण को बचाना और संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। हमें अपने वातावरण को हराभरा रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इन्टैक ललितपुर चैप्टर संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा ने कहा कि धरती पर जीवन के लालन-पालन के लिए पर्यावरण प्रकृति का उपहार है।

पर्यावरण के अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमें जीवन को बचाये रखने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा और यह पृथ्वी पर निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। अतः प्रत्येक उत्सव पर कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाये, तभी मानव जाति को ग्लोबल वार्मिंग से बचाया जा सकेगा। कार्यक्रम में इन्टैक संस्थापक सदस्य विनोद त्रिपाठी ने कहा कि हमारी सरकारें पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है, हम प्रतिवर्ष अरबों की संख्या में वृक्षारोपण करते है, लेकिन जल एवं रखरखाव के अभाव में उनमें से कुछ लाख ही पौधे सुरक्षित रह पाते है। हमारी सरकार को इस दिशा में कार्यप्रणाली को परिवर्तित करने की आवश्यकता है। विनोद त्रिपाठी ने जनसामान्य से अपेक्षा की है कि वह जो भी वृक्ष लगाये, उसे सुरक्षित एवं संरक्षित अवश्य करे, जब भी आवश्यकता हो, पेड़-पौधों को जल मुहैया अवश्य करायें एवं जनसमान्य को जागरूक कर पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी बनाया जाये, भले ही इसके लिए कठोर कानून बनाना पड़े। इस अवसर पर कलासाधकों में वैभव जैन, मनीषा सोनी, भूमिका गुप्ता, वैदेही मालवीय, भव्या मिश्रा, वंशिका सिंह, मणि सोनी, कृति वर्मा, सोनिका राज सक्सेना, श्रृद्धा गंगेले, पूजा पाल, रजनी यादव, प्रियंका जैन, अंकुश मजूमदार, अभिषेक कुमार, ब्योम मालवीय, श्रीमती दीपा गंगवानी, आशी जैन आदि ने पर्यावरण पर सुन्दर प्रेरणादायी चित्र बनाये। कार्यक्रम का संचालन विनोद त्रिपाठी ने किया।

हीट वेव से मरीजों को बचाने को बना कोल्ड रूम अपर निदेशक को मिला गर्म, नहीं तैनात प्रभारी, सीएमएस को लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिला अस्पताल लोहिया का कानपुर से आई अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गर्मी में हीट वेव से मरीजों को बचाने को बनाया गया कोल्ड रूम गर्म मिला। बिना प्रभारी के कागजों में संचालित कोल्ड रूम में आइस पैड और साफ सफाई की अवस्था मिली। वही पीकू वार्ड के स्टोर में पानी और कोल्ड ड्रिंक की बोतल सहित गंदगी की भरमार मिली। स्टोर रूम में कबाड़ हुए समाज के साथ नई कुर्सी रखी होने पर नाराजगी जताई। जिला अस्पताल लोहिया का अपर महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग कानपुर संजू अग्रवाल, डॉ सुरेंद्र सिंह और टेक्नीशियन कानपुर मंडल आरपी राघव, प्रसाशनिक अधिकारी जेपी सुडेले के साथ निरीक्षण करने पहुंची। उनके साथ सीएमओ डॉ अवनींद्र कुमार भी आए। सबसे पहले इमरजेंसी में पहुंच कर व्यवस्था देखी, जहां दवाओं का रखरखाव सही नहीं मिला। प्रशिक्षु फार्मासिस्ट की भरमार होने पर नाराजगी जताई। हॉल में तीमारदारों हेतु बेच डलवाने के सीएमएस को आदेश दिए। पीकू वार्ड में टूटे पड़े हीटर, बिजली वायर इधर उधर मिलने पर इलेक्ट्रीशियन पवन तिवारी को फटकार लगा दी। वही पीकू वार्ड के गेट पर पुराने चिकित्सकों के नाम हटाने के आदेश दिए। बाद लैब में पहुंची अपर निदेशक को स्टाफ ड्रेस में नहीं मिला। एक एलटी आईडी कार्ड के बगैर मिला। लैब में स्टाफ को एडी ने प्रोपर हाइजीन और ड्रेस कोड का पालन करने को कहा। लैब के बाहर गैलरी में कैमरे लगवाने का आदेश दिया। अल्ट्रासाउंड के प्रसाधान कक्ष में गंदगी मिली। एक्सरे कक्ष के बाहर बड़ी संख्या में मरीज फर्श पर बैठे मिलने पर सीएमएस से नाराजगी जताई और तत्काल बेंच डलावने को कहा। जब फर्नीचर नहीं होने की बात कही गई तो डेड स्टोर प्रभारी को तलब कर लिया। डेड स्टोर में अपर निदेशक को सही सामान, रिपेरिएवल सामान और कंडम सामान एक साथ पड़ा मिला। एक नई कुर्सी पड़ी मिली। जिसपर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी। स्टोर में रखे सामान की रिपेयरिंग के लिए आए बजट से नया समान क्यों खरीदा गया। इस सवाल पर जिम्मेदार बगले झांकने नजर आए। जिसके बाद अपर निदेशक ने सीएमएस के कार्यालय का जायजा लिया। फाइल और अन्य सामान व्यवस्थित ढंग से रखवाने के निर्देश दिए। वही पर पुरुष अस्पताल व महिला अस्पताल का उपस्तिथि रजिस्टर मंगवाकर चेक किया। लोहिया अस्पताल में लाखों रुपए के बजट का गोलमाल होना आम वापसी है। यह प्रकरण अपर निदेशक के निरीक्षण के दौरान भी खुल गया। जब मेंटेनेंस को आए बजट का खर्च उन्होंने तलब कर लिया। जिस पर सीएमएस कार्यालय के बाबू गंधर्व परेशान नजर आए। महिला अस्पताल के अंतर्गत संचालित एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण करने पहुंची अपर निदेशक को डॉ शिवाशीष उपाध्याय बिना अप्रिन के मिले। साथ ही शू कवर भी गेट पर नहीं रखे गए। जिससे अंदर जाने वाले लोगों से नवजात शिशुओं को इन्फेक्शन का खतरा रहता है। नवजात शिशुओं की देखभाल में लापरवाही मिलने पर अपर निदेशक ने चिकित्सक को फटकारा लगा दी। अपर निदेशक ने बताया कि जिला अस्पताल लोहिया में साफ सफाई की कमी है तीमारदारों के लिए बेहतर इंतजाम के आदेश दिए है, लगातार काम चल रहा है।

इलेक्ट्रीशियन को कड़ी फटकार

अपर निदेशक के साथ आए प्रशासनिक अधिकारी जेपी सुडेले ने विवादित जनरेटर आपरेटर/ इलेक्ट्रीशियन पवन तिवारी को पीकू वार्ड सहित अन्य वार्डों में बिजली की फिटिंग गड़बड़ मिलने पर फटकार लगाई तो बहस शुरू हो गई। प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि आप अपना काम करने के बजाय चिकित्सकों के कक्ष के निरीक्षण कर राउंड लेते है,यह अधिकारी किसने दे दिया। वही सीएमओ को पीकू वार्ड इलेक्ट्रीशियन को अधिक नेतागिरी करने पर एफआईआर कराने तक की चेतावनी दे डाली।

ओटी में पहुंची अपर महानिदेशक

लोहिया अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक आपरेशन थियेटर पहुंची।उसी दौरान सर्जन डॉ अमरनाथ एक मरीज का गांठ का आपरेशन कर रहे थे। जिसके चलते अपर महानिदेशक को कुछ देर ओटी के बाहर इंतजार करना पड़ा। आपरेशन खत्म होने के बाद अंदर गई अपर महानिदेशक ने बारीकी से अभिलेखों का निरीक्षण किया। महीने में और प्रतिदिन कितने आपरेशन होते इसकी जानकारी ली। ओटी के उपकरणों के स्ट्रेलाइजेशन की व्यवस्था भी देखी।

वट अमावस्या पर सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। ज्येष्ठ मास की अमावस्या को महिलाओं ने बरगद के पेड़ की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। इस दिन महिलाएं जब तक बट वृक्ष की पूजा नहीं कर लेती तब तक वह ना तो पानी पियेंगी और ना ही भोजन करेंगी। ज्येष्ठ मास को पडने वाली अमावस्या के दिन सुहागिन स्त्री बट वृक्ष की पूजा करती हैं ऐसी पौराणिक कथा है कि इस वृक्ष के नीचे सत्यवान तथा सावित्री बैठकर तपस्या कर रहे थे सत्यवान की उम्र पूरी होने पर उसके प्राणों को यमराज ने बुला लिया जब यह एहसास सावित्री को हुआ तो वह इसी वटवृक्ष की सहायता से अपनी पति के साथ जिंदा यमलोक जाने लगी जब यमराज ने सावित्री को देखा कि यह महिला मेरे पीछे आ रही है तो उन्होंने उसको लौटने के लिए कहा, लेकिन जब वह नहीं लौटी तो यमराज को उसके पति के प्राणों को लौटना पड़ा तब से इस वृक्ष की पूजा का महत्व है । लेकिन यही एक कथा नहीं है विद्वानों के अनेक मत हैं अलग-अलग कथाएं हैं लेकिन यह सत्य है कि सुहागिन महिलाएं इस वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

गंगा नहाते समय तीन दोस्त गंगा में डूबे

एक की मौत, दो बचाए गए

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। पांचाल घाट पर गंगा नहाने गए चार दोस्तो में तीन डूब गए। दो को बचा लिया गया एक की मौत हो गई।घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के सदर कोतवाली के मोहल्ला रेती निवासी गुरुदेव त्रिवेदी का 19 वर्षीय पुत्र राज त्रिवेदी इंटर का छात्र था।वह अपनी मां रानू व भाई सुंदर के साथ एक सप्ताह पहले थाना कादरी गेट क्षेत्र के पांचाल घाट निवासी मौसा विवेक कुमार पांडे के यहां आया था।

पड़ोस में ही मामा संजय अगिनहोत्री भी रहते है।गुरुवार सुबह राज अपने मौसा के भतीजे प्रांशु, अनुभव व मामा के बेटे चंदन के साथ गंगा नहाने गया। पैंटून पुल के पास गंगा नहाने के दौरान राज, चंदन, अनुभव डूब गए। प्रांशु के शोर मचाने पर आस पास के लोग आ गए। चंदन और अनुभव को बाहर निकाल लिया गया।लेकिन तब तक राज गहरे पानी में जाने से गायब हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक घंटे बाद राज का शव पैंटून पुल के पूर्व दिशा में बरामद किया। परिजन निजी वाहन से शव को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। ईएमओ डॉ. अभय श्रीवात्सव ने शव का चिकित्सा परीक्षण कर उसको मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुत्र की मौत की जानकारी मिलते ही मां रानू अपनी बहन कोमल के साथ लोहिया पहुंची। जवान बेटे का शव देखकर उनका रो रो कर बुरा हाल हो गया। मामा संजय अग्निहोत्री ने बताया कि उनके बहनोई गुरुदेव ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं, खुद का ट्रक चलाते हैं। उनको सूचना दे दी गई है।

आंगनबाड़ी का बड़ा खेल पोषाहार वितरण हुआ फेल

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। बाल पुष्टाहार वितरण को लेकर सरकार की योजनाएं बिल्कुल स्पष्ट है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पढ़ने वाले नोनिहालो के स्वास्थ्य को लेकर प्रति माह पोषाहार वितरण किया जाता है। जिसमें पौष्टिकता को लेकर विशेष ध्यान रखा जाता है। स्कूल में पढ़ने वाले नोनिहाल एवं गर्भवती महिलाओं को इस सुविधा का लाभ निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

किसी प्रकार की कोई धंधली ना हो सके इसके लिए इस योजना को सरकार ने अपनी वेबसाइट से जोड़ रखा है। परंतु फिर भी इस योजना में धांधल बाजी करने से ना तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री पीछे हट रही है और ना ही इनका विभाग। मोबाइल पर मैसेज पहुंच जाता है कि आपके घर पोषाहार पहुंचा दिया गया है। परंतु

लाभार्थी को इसका लाभ नहीं मिलता। ग्राम गुडेरा निवासी तीन वर्षीय अनुभव पुत्र भानु प्रताप रंजन पुत्री विवेक आरुष पुत्र रामू वैभव पुत्र रामू सोनी पत्नी राम सिमरन आदि लोगों के पास मोबाइल पर पोषाहार प्राप्त होने का मैसेज पहुंचा तो यह लोग आश्चर्य में पड़ गए कि अभी तक पोषाहार मिला नहीं फिर प्राप्त होने का मैसेज कैसे आ गया। अब उनकी फरियाद भी सुनने वाला कोई नहीं है। जब इस समस्या के समाधान के लिए सीडीपीओ से जानकारी ली गई तो उनका एक ही रटा रटाया जवाब था कि जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी और जिन लोगों को पोषाहार नहीं मिला है उन्हें दिलवाया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्री विमला देवी का कहना है कि उनके पास तीन गांव है जहां वह समय से पोषाहार वितरण करवाएंगी। नौलिहालो के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर न पड़े इसके लिए पौष्टिकता से भरपूर पोषाहार वितरण किया जाता है। परंतु जब इस पर खुलेआम डकैती पडने लगे तो साफ जाहिर होता है कि इन नौनिहालों के स्वास्थ्य से जमकर छेड़छाड़ की जा रही है। ऐसी स्थिति में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को चाहिए कि वह प्रत्येक जिले में अपने अधिकारियों को सतर्क करें और इस धांधलबाजी पर लगाम लगाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाटा संख्या 2314 रकबा 0.1052 हे.ग्रा.स. दुर्गागंज तहसील तरबगंज जिला गोंडा भूमि मेरे द्वारा क्रय किया जा रहा है अगर सर्वसाधारण मे किसी को उक्त भूमि पर किसी भी तरह का सरकारी गैरसरकारी दावा/ आपत्ति /रेहन/ वसीयत/बैनामा अगर है तो 15 दिवस के अंदर मुझसे संपर्क करे अन्यथा 15 दिवस बीत जाने के बाद किसी भी तरह का दावा / आपत्ति मान्य नही होगा। प्रार्थी अब्दुल राजिक पुत्र अब्दुल खालिक निवासी शाहपुर थाना नवाबगंज तहसील तरबगंज गोंडा उप्र है।

मोबाईल नंबर
9554644444

सनातन धर्म संस्कृति के संवाहक योगी आदित्यनाथ

ललितपुर। विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वाधान में नगर के मां शारदा इण्टर कालेज में आयोजित राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री के जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रयागपीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य ओमकारानंद सरस्वतीजी ने अपना आर्शीवाद प्रदान करते हुए कहा योगी जी सनातनधर्म की संस्कृति के संवाहक हैं। उन्होने प्रभु राम की जन्मस्थली अयोध्या में दिव्य भव्य मंदिर के निर्माण में अपना योगदान देकर सनातन धर्म की ध्वज पताका फहराई।

उन्होंने विश्व हिन्दू महासंघ एवं गौरखपीठ द्वारा सनातन धर्म संस्कृति की रक्षार्थ किए गए कार्यो को प्रसंशनीय बताया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री अक्षय अलया ने कहा राम जन्म भूमि आन्दोलन में गौरक्ष पीठ का निरंतर योगदान रहा, उसी का परिणाम रहा उनके सुयोग्य शिष्य योगीजी के प्रयासों से उनके ही मुख्यमंत्रित्व काल में राममंदिर की स्थापना का कार्य पूर्ण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की।

पूर्व सांसद स्व. इलियास आज़मी की याद में मरहूम की पहली बरसी के मौके पर एक कांफ्रेंस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के होटल प्रीमियर, बेलदारी लेन, में पूर्व सांसद स्व. इलियास आज़मी की याद में ''मरहूम की पहली बरसी के मौके पर एक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जैसा कि आप जानते हैं, पूर्व सांसद इलियास आज़मी का बीमारी के चलते दिनांक 5 जून, 2023 को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में देहान्त हो गया था। इलियास आज़मी साहब की पैदाइश आज़मगढ़ के एक छोटे से गांव सदरपुर बरौली में हुयी थी, इलियास आज़मी साहब अपने बाद अपने तीन पुत्रों अरशद सिद्दीकी, शकील सिद्दीकी एवं डॉ0 अलीम सिद्दीकी को समाज की सेवा के लिए छोड़ गये। आज की कांफ्रेंस में जनता का अपने नेता इलियास आज़मी के प्रति इतना अपार प्रेम था कि होटल प्रीमियर में बैठने की जगह नहीं बची थी, इस कांफ्रेंस में इलियास आज़मी साहब द्वारा लोक सभा

सांसद रहते हुए किये गये कार्यो को बताया गया। सभी अतिथियों ने इलियास आज़मी द्वारा के साथ बिताये हुये पल एवं उनके द्वारा समाज सेवा के कार्यो को साझा किया। इस कांफ्रेंस पूर्व मंत्री श्री यशवन्त सिंह, पूर्व मंत्री श्री अब्दुल मन्नान, पूर्व आई.ए.एस. एवं पूर्व कुलपति-डॉ अनीस अंसारी, नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहाबाद, श्री हृदय राम, सदस्य उप्र अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम लि. व अन्य गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरूओं के साथ-साथ कई सारे वरिष्ठ अधिवक्ता, वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद, धर्म गुरू, मीडिया बन्धु, बड़ी संख्या में छात्र आदि मौजूद रहे। इस आयोजन का सजीव प्रसारण YouTube पर भी हुआ, जिसे देश के लोगों देखा और इस कांफ्रेंस में लखनऊ के साथ-साथ लखीमपुर, हरदोई के लोग भी आये, इलियास आज़मी साहब के चाहने वालों की चाहती इतनी थी कि दूरी का कोई मायने नहीं थे। इस कांफ्रेंस में उपस्थित सभी लोगों ने नम आखों से स्व. इलियास आज़मी साहब को श्रद्धान्जली अर्पित की तथा ईश्वर से प्रार्थना की, कि स्व. इलिया आज़मी साहब को स्वर्ग में उच्च स्थान मिले। इस कार्यक्रम का आयोजन पीपल्स जस्टिस पार्टी के अध्यक्ष इंजीनियर सलीम अख्तर अलीग से कराया। स्व. इलियास आज़मी साहब के बेटे अरशद सिद्दीकी ने सभा में मौजूद सभी लोगों का अभिवादन किया। अन्त में इलियास आज़मी साहब के बेटे अरशद सिद्दीकी ने कार्यक्रम का सफल आयोजन शखावत खान, अरशद अली एवं आदिल सिद्दीकी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:

ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2024-89 (Two Packet System), **कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर कैण्ट-गोण्डा जं. (अप एवं डाउन) कुल 37.106 ट्रैक कि.मी. एवं मनकापुर-अयोध्या (एकल लाइन) 35.744 ट्रैक कि.मी. कुल 72.85 ट्रैक कि.मी. आइ.एस.डी. का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 11,22,15,242.86, **अग्रिम धन :** रु. 7,11,100.00, **समापन अवधि :** 24 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-89 के लिए ई-निविदा दिनांक 03.09.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

मुजाधि/डब्ल्यू-102

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

अयोध्या के मतदाताओं ने जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे की राजनीति का बहिष्कार किया : हिन्दू महासभा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव परिणाम 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मतदाताओं ने भाजपा को एकल बहुमत से वंचित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शीर्ष नेतृत्व के मध्य मनमुटाव की उड़ती खबरों और उत्तर प्रदेश में टिकट वितरण प्रक्रिया में योगी आदित्यनाथ को विश्वास में नहीं लेने से उत्तर प्रदेश के मतदाताओं का भाजपा से मोह भंग हुआ और प्रदेश की सभी 80 सीट पर जीत का दावा करने वाली भाजपा 33 लोकसभा सीटों पर सिमट कर रह गई। यह जानकारी हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में दी।

जारी बयान के अनुसार हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि अयोध्या जनपद की फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार को निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह की व्यक्तिगत पराजय से जोड़ते हुए कहा कि अयोध्यावासियों से संवादहीनता और जनसमस्याओं के समाधान के प्रति उदासीनता उनकी हार का प्रमुख कारक है। इसके अलावा हिन्दू महासभा से मंदिर निर्माण का उसका श्रेय छीनने और हिन्दू महासभा को उपेक्षित करने की कुचेष्टा को भी उन्होंने भाजपा की हार के लिए दोषी ठहराया।

हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के वक्तव्य का समर्थन करते हुए कहा कि हिन्दू महासभा ने 70 वर्ष तक न्यायिक वाद लड़ने के बाद सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। भाजपा ने हिन्दू महासभा को उपेक्षित करते हुए सारा श्रेय स्वयं लूट लिया और जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे का नारा देकर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या के मतदाताओं ने भाजपा की इस नारे की राजनीति का बहिष्कार किया और अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी को पराजित कर करारा सबक सिखाया।

अयोध्या से भाजपा की हार का एक अन्य कारण रेखांकित करते हुए अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह से स्थानीय मतदाता नाराज थे। टिकट वितरण से पूर्व अयोध्या से लल्लू सिंह के स्थान पर किसी अन्य प्रत्याशी को टिकट देने की आवाज बुलंद हुई लेकिन भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने चार बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके लल्लू सिंह को ही अपना प्रत्याशी घोषित कर अपनी तानाशाही का परिचय दिया।

आज होगा भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी संगठन की महापंचायत

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी संगठन की महापचायत का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को सुबह 10 बजे विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के समनामऊ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पुल के नीचे होना सुनिश्चित किया गया है जिसमे अमरवल कृशिया, व ओहरामाऊ गांव में व्याप्त भ्रष्टाचार व किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस बैठक के दौरान संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला विधिचंद यादव ने संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनुराग शुक्ला ,प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण सिंह राणा ,युवा महासचिव अस्तित्व प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राजललन यादव, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र यादव, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुनीता कनौजिया, तहसील उपाध्यक्ष आशा गौतम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

विद्युत विभाग ने खोदा गढ्ढा फिर भूल गए, गढ्ढे में गिर कर आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल

अवधनामा संवाददाता

नवाबगंज (गोण्डा)। विद्युत विभाग के कारनामे भी अजब-गजब हैं। कभी आपूर्ति, कभी बिलिंग तो कभी कनेक्शन को लेकर किए गए कारनामों से विभाग की किरकिरी होती ही रहती है। अब इसी विभाग का एक और कारनामा प्रकाश में आया है दरअसल नवाबगंज सीएचसी के पास लगभग एक माह पूर्व विद्युत विभाग के कर्मियों ने भूमिगत लाइन में आई खराबी को ठीक करने के लिए एक बड़ा गढ्ढा नवाबगंज -तरबगंज मार्ग से सटाकर खोद डाला। कर्मियों ने लाइन ठीक कर आपूर्ति भी शुरू कर दी लेकिन गढ्ढा पाटना भूल गए। अब सड़क के बगल बना यही गढ्ढा लोग के लिए दुर्घटनाओं का सबब बन चुका है बीते एक माह में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग इस गढ्ढे की वजह से घायल हो चुके हैं। गढ्ढे के बगल वेल्डिंग की ढाबली चला रहे लौव्वाबीर पुर निवासी अर्जुन ने बताया कि एक माह से यह गढ्ढा रोड के बगल बना है जिससे आए दिन लोग इसमें गिरकर घायल हो रहे हैं।

मेडिकल स्टोर संचालक शुभम यादव ने कहा कि लगभग 05 बाइक सवार इस गढ्ढे में गिर कर बुरी तरह चोटिल हो चुके हैं। कई बार विद्युत विभाग में इसकी शिकायत भी की जा चुकी है। नवाबगंज विद्युत उप केंद्र के अवर अभियंता राम अचल ने बताया कि बीते एक माह से अन्य आवश्यक कार्य होने के कारण गढ्ढे की पटाई नही की जा सकी है एक - दो दिन में समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। वहीं विद्युत कर्मियों की इस लापरवाही से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

तनुज की जीत आंधी में मंत्री, विधायक व प्रमुख पोंलिग धराशाई

नीरज शुक्ल

बाराबकी। इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया की जीत आंधी में विधायक, मंत्री व ब्लॉक प्रमुख के भी पोलिंग बूथ आधी में उड़ गए। क्योंकि सत्ता पक्ष क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत के गांव मीरापुर की वोटिंग मतदान केंद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय केसरगंज के चार बूथ 63, 64, 65 व 66 पर हुई। क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, उनकी पत्नी ब्लाक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत की बूथ संख्या 64 है। यहां कुलमत 1114 में से 784 वोट पोल हुआ। विधायक अपना बूथ 75 वोट से हार गए। क्योंकि इस बूथ पर इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को 409 तो भाजपा राजरानी रावत को 334 मत मिले हैं। बूथ संख्या 63 पर कुलमत 1079 में से 772 मत पड़े। यहां भाजपा 402 तो कांग्रेस 350 वोट मिला। इस बूथ को भाजपा 52 वोट से जीत लिया। जबकि

बूथ संख्या 65 के कुलमत 1079 में से 636 मत पड़े। इस पर भाजपा 206 तो कांग्रेस 402 मत मिला। यानि पुनिया को 196 अधिक मत मिले। इसी क्रम में बूथ संख्या 66 के कुलमत 1047 में से 696 वोट पोल हुआ। इस बूथ पर कांग्रेस ने 325 मतों जीता है। क्योंकि यहां भाजपा 175 को कांग्रेस 500 वोट मिला। कहने आशय है कि विधायक दिनेश अपना बूथ 75 वोटों साथ 544 मतों से पोलिंग हार गए। इसी तरह उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश शर्मा गांव सर्वोदय इंटर कॉलेज नसीपुर मंसारा अपनी पोलिंग 261 मतों से कांग्रेस के तनुज पुनिया से हार गए। क्योंकि तनुज को 1222 व भाजपा को 961 ही मत मिला। लेकिन वह अपना बूथ 80 को 171 मतों से जीत लिया। क्योंकि यहां कुलमत 1305 में से 882 वोट पड़े थे। जिसमे कांग्रेस के तनुज पुनिया 335 व भाजपा राजरानी रावत को 506 मत प्राप्त हुआ है। लेकिन शेष दो बूथ 81 व 82 पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। क्योंकि बूथ 81 कुलमत 1209 में से 780पर कांग्रेस को 382 व भाजपा 372 मत मिले। वहीं बूथ 82 कुलमत 1058 में से 602 वोट पोल हुआ। मतगणना में कांग्रेस को 504 बीजेपी को मात्र 83 वोट मिला। इस कारण से राज्यमंत्री सतीश शर्मा पोलिंग को हार का सामना करना पड़ा। उधर, बूथ 80, 81 व 82 पर बहुजन समाज पार्टी के शिवकुमार दोहरे क्रमशः 20, 13 व 4 वो वोट ही मिला।

पैसे लेन देन में दबंगो ने युवक को पीटा, पुलिस से की शिकायत

अवधनामा संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। पैसों की देन देन? को लेकर आपसी विवाद में एक व्यक्ति को तीन लोगों ने जमकर मारा पीटा?। पीड़ित द्वारा जैदपुर थाने में शिकायत करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। बताते चलें कि महानगर निसादगंज चौकी लखनऊ निवासी अनीस पुत्र रहमतुल्लाह ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये आरोप लगाया है कि नौ साल पूर्व थाना जैदपुर के गढीराखमऊ निवासी मोहियततदीन पुत्र आरिफ को पांच लाख नब्बे हजार रूपये दिये थे। जिसमें अभी दो लाख चालिस हजार रूपये अभी बाकी है। जिसे दिनांक 5/6/2024 को मांगने पर मोहियततदीन मुमताज, इम्तियाज ने लात घूंसों से मारा पीटा। जैदपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मोहियततदीन सहित दोनों बेटों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

घटिया सामग्री से कराया जा रहा आरआरसी सेंटर का निर्माण, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। गांवो को साफ सुथरा बनाए रखने व कूड़े और कचरे के निस्तारण के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतो में बनाए गए अधिकांश आर आर सी सेंटरो का संचालन अभी तक शुरू नहीं हो पाया है जिसकी वजह से गांव को कचरा मुक्त रखने की सरकार की मंशा फलीभूत नहीं हो पा रही है। यही नहीं लाखों रुपए की लागत से बनाए जा रहे आर आर सी सेंटर (एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन केंद्र) के निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है मानक विहीन घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर सरकारी धन का बंदर बांट भी किया जा रहा है। हैदरगढ़ विकासखंड की गेरावा ग्राम पंचायत सहित तमाम ग्राम पंचायत मे बीते वित्तीय सत्र में स्वच्छ भारत मिशन को और आगे बढ़ाने के लिए द्वितीय चरण में आरसी सेंटर का

निर्माण कराया गया था। इनमें से कुछ ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और कुछ ग्राम पंचायत में अभी भी आरआर सी सेंटर अधूरे पड़े हैं। इसी क्रम में गेरावां ग्राम पंचायत में अभी तक केंद्र का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। कचरा प्रबंधन की बात तो बहुत दूर है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आधे अधूरे पड़े इस केंद्र के निर्माण में मानकों को ताक पर रखकर पीले ईंटें के साथ-साथ घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है यही नहीं गांव में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही है। गांव की नालियां गंदगी से बज बजा बजा रही है और जगह जगह कूड़े के ढेर बीमारी को दावत देती हुई नजर आ रही है जबकि मानसून सर पर आ चुका है। ऐसी स्थिति में गांव में बड़े पैमाने पर संक्रामक रोग फैलने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता हैं जिम्मेदार अधिकारी मामले से अनजान बने हुए हैं और कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

एसपी ने बीट आरक्षियों को क्षेत्र में भ्रमण करने का दिया निर्देश

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने गुरुवार को कोल्हुई थाने का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने थाने में रखा अभिलेख और बंदीगृह आदि का गंभीरता से जांच कर पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने अपराध रोकथाम, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण एवं सभी तरह की पेंडेंसी खत्म करने के लिए कहा। उन्होंने थानो के धार्मिक स्थलों, संवेदनशील क्षेत्र के बूथ, बैंक, एटीएम के साथ-साथ क्षेत्र के गुंडा, बदमाशों, एचएस की प्रॉपर जांच कर शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दिए आवश्यक निर्देश जनपद में शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने को कहा। उन्होने इस दौरान थाना परिसर,जीडी कार्यालय,आवासीय बैरक, सीसी टीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजी आरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया।

जल जमाव से वार्डवासियों की मुसीबते बड़ी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। नगरपालिका परिषद महराजगंज की बिस्मिल नगर वार्ड नम्बर 21 में हल्की बारिश में भी पानी जमा हो गया जिससे वार्डवासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। वार्डवासी दीनदयाल ने बताया कि गुरुवार को सुबह बारिश हुई है जिसके वजह से पूरे वार्ड का पानी नाली के रास्ते इसी रोड पर लग जाता है। आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिससे गंभीर बीमारी के साथ-साथ पनियो के साथ बह कर आये कीडे, मकोडो व जहरीले सांपो से खतरा बना रहता है, इसकी शिकायत सभासद से कई बार की गई। लेकिन न तो सफाई ही हो पाई न ही टूटी नालियों का सुधार तथा रोड की समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं वार्डवासी नंदलाल ने बताया कि कभी भी बारिश होती है तो हमारे घर के सामने पानी का जमाव हो जाता है आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिससे गंभीर बिमारी का खतरा बना रहता है जिसकी शिकायत सभासद से की गई लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ न जाने इस वार्ड की समस्या पर नगरपालिका परिषद कब सज्ञान लेगा वार्ड की दुर्दशा पर संदीप रौनियार, विनोद रौनियार, राजन, नन्दलाल, दीनदयाल, विंध्याचल, छोटेलाल रौनियार, साजिद, रवि शर्मा आदि वार्ड वासी आक्रोस जताया।

भीषण गर्मी में आधा दर्जन ट्रांसफार्मर हुआ खराब, युद्धस्तर चल रहा काम

अवधनामा संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर में ओवर लोड को देखते हुये पूराने आधा दर्जन ट्रांसफार्मर को हटाकर नये ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य जेई के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा युद्ध अस्तर किया गया। जिससे तमाम मोहल्ले की विघुत आपूर्ति काफी देर बाधित रही। बताते चलें कि नगर पंचायत जैदपुर में ओवर लोड को देखते हुये गुरुवार को सुबह से ही जूनियर इंजीनियर शमसुल लका अंसारी की मौजूदगी में 250 केवी के आधा दर्जन ट्रांसफार्मरों को हटाकर 400 केवी ट्रांसफार्मर लगाने के कार्य में सुपरवाइजर वकार मेहंदी सुरेन्द्र कुमार मो0 वसी,फुरकान इरशाद पुल्ली, चांद बाबू, सहित गठित टीम के तमाम कर्मचारियों द्वारा बांध? चौराहा,हाउज मस्जिद बडापूरा, पावर हाउज के सामने नगर पंचायत जैदपुर के सामने मोलवी कटरा, बगहा आदि स्थानों पर लगे पुराने ट्रांसफार्मर को बदला गया है।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 850 अभ्यर्थियों का लक्ष्य प्राप्त

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। उपायुक्त उद्योग, परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना जनपद में लागू है। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग (हस्तकला एवं नि0प्रो0 अनुभाग-13) उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ0प्र0, कानपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद को पारम्परिक कारीगरों जैसे- हलवाई ,बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, राजमिस्त्री को प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत कुल 850 अभ्यर्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उक्त ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदनपत्र ऑनलाइन वेबसाइट- http://diupmsme.upsdc.gov.in एवं http:// msme.gov.in पर आमंत्रित किये जा रहें हैं। प्रशिक्षित लाभार्थियों को बैंकों की विभिन्न योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से ऋण प्राप्त करने की सुविधा है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति स्वयं या पति/पत्नी आवेदन न करें। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले कारीगर/दस्तकार योजनान्तर्गत मात्र ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे।

आवेदन पत्र मैन्यूली स्वीकार नहीं किये जायेंगें। इच्छुक आवेदक भारत सरकार की उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर इस योजना का लाभ उठायें। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

हक के लिये कमजोरों का साथ देने से आलाह खुश होता : मौलाना मीसम

बाराबंकी। ईरान राष्ट्रपति आयतुल्लाह इब्राहिम रईसी समेत कई लोगो की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हो गए। उसी की याद में अस्करी नगर स्थित इमामबारगाह काज़िम हुसैन में एक मजलिस का आयोजन किया गया मजलिस को हिंदुस्तान के मशहूर मौलाना मीसम ज़ैदी ने संबोधित करते हुवे कहा कि इब्राहीम रईसी की मौत से पूरी दुनिया ग़मज़दा है, तो वही अमरीका और इजराइल शक के घेरे में देखे जा रहे है। उन्होंने आगे कहा कि हक के लिये कमजोरो के साथ देने से अल्लाह खुश होता है और ईरान एक ऐसा देश है जिससे अमरीका इजराइल डरता है। मौलाना ने अंत मे कर्बला के शहीदों के दर्दनाक मसायाब बयान किये जिसे सुनकर अजादार रोने लगे। मजलिस से पूर्व मौलाना हिलाल अब्बास ने तिलावत और मौलाना इब्ने अब्बास ने इब्राहिम रईसी के तासुरात बयान किये और मोहम्मद आबान हुसैन, मोहम्मद मुर्तजा खान, बाकर नक़वी, कशिश संडेलवी, कलीम आजर अदनान रिज़वी ने पेशखानी की।

बाइक को बचाने के चक्कर में बोलोरो पलटी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। गुरुवार को महराजगंज कस्बे से घुघली जा रही एक बोलोरो बाइक को बचाने के चक्कर में बीच सड़क पर पलट गई। जिसमें सवार लोगों को हल्कीफुलकी चोट लगने से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बोलोरो को सीधा किया।

जानकारी के अनुसार एक बोलोरो महराजगंज कस्बे से घुघली की तरफ जा रही थी अभी वह गौनरिया बाबू में हीरो बाइक एजेंसी के पास पहुंची ही थी की तभी अचानक एक बाइक आने से बोलोरो अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे पलट गई। गाड़ी पलटने की आवाज सुनकर अगल बगल और राहगीरों में दहशत फैल गई। किसी अनहोनी के डर से लोग मौके पर दौड़ कर पहुंचे और बोलोरो में फसें लोगों को किसी तरह से दरवाजे का शीशा तोड़ कर निकाला। गाड़ी में सवार घुघली निवासी निशांत शर्मा ने बताया कि

सभी लोग कोर्ट से होकर आ रहे थे और घुघली थाने पर जा रहे थे । जिसमे घुघली थाने से एक महिला कांस्टेबल आरजू सिंह भी गाड़ी में थी। वो भी इस घटना में बाल बाल बच गई। गाड़ी में बच्ची को लेकर कुल आठ लोग सवार थे। जिसमे कांस्टेबल को लेकर दो महिला ,दो बच्ची उम्र लगभग 8 वर्ष व 14 वर्ष, ड्राइवर सहित 4 पुरुष जिनकी उम्र लगभग 35 से 45 के बीच है। ड्राइवर ने बताया कि बाइक सवार अचानक एक साइड से हमारे साइड में आ गया और फिर उसी साइड जाने का प्रयास कर रहा था जिसे बचाने के चक्कर में गाड़ी पलट गई।

गोंडा से लगातार तीन बार चुनाव जीत कर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने दो विधान सभा हार के बाद मनकापुर से रिकॉर्ड बढत के बाद लगाई हैट्रिक

- **कैसरगंज से करण भूषण सिंह एक विधान से चुनाव हारने के बावजूद तरबगंज से रिकॉर्ड मतो से बढत लेकर भारी अन्तर से जीत दर्ज कराई**

गोण्डा से कीर्तिवर्धन सिंह का तीन विधान सभा मे लीड पडा भारी श्रेया वर्मा दो विधान सभा में लीड लेकर चुनाव हार गयी भारी,गोण्डा में 948 कैसरगंज -14887 नेनोटा दबाया देखें किसको किस विधान सभा मे कितना मिला मत उतरौला में-कीर्तवर्धन को 89018 मत,श्रेया को 96203 मत, श्रेया का बढ़त-7185 मत मेहनौन में-कीर्तवर्धन को-16112 मत,श्रेया वर्मा को 95358मत,कीर्तवर्धन को बढ़त-10774 मत गोण्डा में-कीर्तवर्धन को-94201 मत,श्रेया को-85697 मत, कीर्तवर्धन को बढ़त-8504 मत मनकापुर में कीर्तवर्धन को-104279 मत,श्रेया को-67751 मत,कीर्तवर्धन को बढ़त-36528 मत, गौरा में-कीर्तवर्धन को-80081मत,श्रेया को-82354 मत,श्रेया को बढ़त-2273 मत मिला।

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। गोण्डा संसदीय सीट व कैसरगंज से पर भाजपा का कब्जा बरकार रहा है गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह लगातार भाजपा से तीसरी बार चुनाव जीत कर हैट्रिक लगाने मे सफल रहे वही बृजभूषण शरण सिंह सिंह से जूडी कैसरगंज लोक सभा सीट पर उनके छोटे पुत्र करणभूषण सिंह भारी मतो के अन्तर से चुनाव जीतकर पिता के जगह पर लोक सभा मे स्थान बनाने मे सफल रहे है।

गोण्डा से भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने जहा लगातार तीन बार चुनाव जीत कर हैट्रिक लगाने का रिकॉर्ड बनाया है वही गोण्डा लोक सभा से चार बार सांसद रहे कुंवर आनन्द सिंह के रिकॉर्ड को तोड़कर पांच बार सांसद होने का रिकॉर्ड बना है यह रिकॉर्ड अपने पिता के द्वारा बनाये गये रिकॉर्ड को तोडा है। कैसरगंज में करण भूषण सिंह चार विधान सभाओ मे लीड लिया जबकि सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र एक विधान सभा मे लीड लेकर चुनाव हार गये। पयागपुर में करन भूषण को-115323 मत,भगतराम को 91544 मत,करणसिंह को बढ़त-23779 मत कैसरगंज में करण सिंह को100586 मत,भगतराम को 107372 मत,भगत राम को बढ़त-6786 मत कटरा में करन भूषण को-121621 मत,भगतराम को 90226 मत,करणसिंह को बढ़त-31395 मत, कर्नेलगंज में-करन भूषण को-94238 मत,भगतराम को 75119 मत,करणसिंह को बढ़त-19119 मत, तरबगंज में-करणसिंह को-138668 मत भगत राम को-57751मत,करणसिंह को बढ़त-80917 मत हुआ।

कैसरगंज संसदीय सीट से करण भूषण सिंह पयागपुर विधान सभा से 6786 मतो से चुनाव हारने के उपरांत चार विधान सभा क्षेत्रो से बढत ली जिसमे तरबगंज विधान सभा 80917 मतो के रिकॉर्ड बढत के बाद लगभग डेढ लाख मतो से सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र को पराजित कर अपने पिता बृजभूषण शरण सिंह के द्वारा छोडी गयी सीट पर सफलता प्राप्त किया है।

पांच सपा कार्यकर्ता पार्टी से निष्कासित

महराजगंज। समाजवादी पार्टी के पांच कार्यकर्ताओं को अनुशासनहिनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया हैं।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विद्यासागर ने गुरुवार को विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पार्टी में अनुशासनहीनता के कारण दिलीप शुक्ला, अजय यादव, सूरज यादव, तसव्वर हुसैन और विनोद यादव को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि दिलीप शुक्ला पार्टी के एक बैठक में अनुशासनहीनता किया था जबकि अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निचलौल जनसभा के दौरान हेलीपैड के पास अनर्गल नारेबाजी की थी। उन्होंने यह भी बताया कि बीजेपी के लोगों से साथ मिलकर वीडियो भी वायरल कराया है जो पार्टी में अनुशासनहीनता का एक परिचय है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस तरह की अनुशासनहीनता बिलकुल भी बर्दाश्त नही करेगी।

नाली सफाई को लेकर जेठानी ने देवरानी को पीटा

अवधनामा संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। बारिश होते समय नाली साफ करने को लेकर विवाद में जेठ जेठानी ने देवरानी व सास को पीटा। पीड़ित की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा तीन लोगो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है जानकारी के अनुसार बीते दो दिन पूर्व मौसम के मिजाज में बदलाव आते ही बारिश होते समय नाली में कचढा फंसने पर बेरी आलमपुर निवासी मंजू देवी पुत्नी अर्जुन रावत नाली साफ करने लगी। जिसे लेकर जेठ राकेश,रामू पुत्र राम मनोहर जेठानी बृजरानी ने मिलकर मंजू देवी व सास को जमकर मारा पीटा।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जी कुआं में पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जी कुआँ गोंडा में पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत। डी0एल0एड0 2022 एवं डी0एल0एड0 2023 प्रशिक्षुओ के बिच पर्यावरण संरक्षण से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे डी0एल0एड0 2022 के प्रशिक्षुओ ने प्रथम तथा 2023 के प्रशिक्षुओ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया! संस्थान के प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक अतुल कुमार तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में प्रशिक्षुओ को बताया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप कुमार, अंशुमान शुक्ल, एवं प्रवक्ता ज्ञान बहादुर पासी,डॉ राम तेज वर्मा, ओंकार चौधरी, ओमकार नाथ गुप्ता, अमित कुमार मिश्र, हरेंद्र कुमार, डॉ बीर बहादुर सिंह, डॉ सौमित्र सिंह, संदीप कुमार, मोहम्मद शरीफ, गणेश कुमार एवं समस्त डी0 एल0एड0प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

किशोरी बहला फुसलाकर भाग ले जाने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ तरबगंज पुलिस ने अपहरण की धाराओं में केस किया दर्ज

तरबगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला फुसला कर भाग ले जाने के मामले में उसके भाई ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। किशोरी के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया उसकी 17 वर्षी बहन को बीते 3 जून की शाम 6-30 बजे अपहरण कर लिया गया। काफी तलाश की गई। तब जाकर पता चला कि उसके रिश्तेदार पिता पुत्र ने उसकी बहन को बहला फुसला कर भाग ले जाने में आरोपी सहयोग किया है। जिससे वह काफी परेशान है। वही इस पूरे मामले के बाबत प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने गुरुवार को बताया की तीन आरोपियों के खिलाफ अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

रेलिंग विहीन पुलिया दे रही है दुर्घटना को दावत

सिंदुरिया। विकास खंड मिठौरा के अंतर्गत ग्राम सभा जमुई पंडित के समीप पुलिया की रेलिंग टूट गई है। जिससे राहगीरों को असुरक्षा का खतरा बना हुआ हैं।

जानकारी के अनुसार निचलौल पुरैना रोड पर स्थित जमुई ग्राम सभा में नहर पर बनी एक पुलिया की रेलिंग काफी दिनों से टूटी हुई है जो राहगीरों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकती है। यह मार्ग काफी व्यस्त भरा रहता है जिससे लोगो को गुजरने में काफी दिक्कत होती का समाना करना पड़ता है। इस मार्ग से रोजना हजारों लोगों का आवागमन होता है। इस पुलिया के दोनो तरफ घुमावदार मोड़ होने से आए दिन दुर्घटना हो जाती है। स्थानीय निवासी संतोष विश्वकर्मा, कमलेश गुप्ता, हरिलाल, बृजेश सहनी,अंगद प्रसाद, चीनकु कुमार का कहना है कि पुलिया की रेलिंग आए दिन टूट जाती है जिसको बनवाना जरूरी है नही तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता हैं।

सतत खाद्य प्रणाली अपनायें विषय पर कार्यक्रम

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में गुरुवार को Summer Camps on the theme Eco Clubs for Mission LiFE के अंतर्गत सतत खाद्य प्रणाली अपनायें विषय पर विभिन्न प्रकार के लाभप्रद क्रिया-कलापों का विद्यालय में आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा किचन गार्डन में विभिन्न प्रकार की सब्जियां लगाई गई। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को किचन गार्डन के महत्व को बताया गया तथा सतत खाद्य प्रणाली के विषय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राधा बल्लभ मिश्र द्वारा किचन से निकलने वाले विभिन्न प्रकार के अनुपयोगी सामग्री का पुनः प्रयोग कैसे करें इस विषय पर विस्तार से जानकरी दी गई।

हरे पेड़ों की कटान जोरो पर, खत्म हो रहे है हरे पेड़

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में इस समय हरे पेड़ों की कटान जोरो पर चल रहा है। जिम्मेदार जानकर भी अनजान है जिसमें पेड़ों का कटान थम नही रहा है। गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम देऊरवा मे के जी बांध के पश्चिम सटे दर्जनों हरे आम के पेड़ काट लिया गया है। हालात यह है की बिना परमिट के पेड़ वन माफियाओं द्वारा आम का पेड़ काट लिया जाता है। जहां सरकार लाखों रुपए खर्च कर के पांच जून को पर्यावरण दिवस सरकार मनाती है वही वन माफिया धरती की सिंगार उजाड़ रहे है। इसी तरह लोटन कोतवाली क्षेत्र काफी जगहों पर हरे पेड़ों को काट लिया गया है। इसी तरह वन माफिया सक्रिय रहे तो आने वाले दिनों में पेड़ों का नामो निशान मिट जायेगा। फारेस्टर शैलेन्द्र यादव का कहना है की जानकारी मिलते ही मौके पर वन दरोगा अदालत प्रसाद को भेजा हू पता चला है वन माफिया कटा पेड़ छोड़ कर मौके से चले गये है।

फालेरिया बीमारी से ग्रस्त मरीजों को प्रशिक्षण देकर बचाव की दी गई जानकारी

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन बाजार में हाथी पांव यानी फाइलेरिया की बीमारी से ग्रसित मरीजों को घरेलू रोग प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया के लगभग 17 मरीजों को प्रशिक्षण के उपरांत किट भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण दे रहे बीसीपीएम रमाकांत चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह व शाम फाइलेरिया प्रभावित मरीजों को शरीर के अंगों को सामान्य पानी से साबुन लगाकर नियमित साफ-सफाई करनी चाहिए। साथ ही साथ चिकित्सक द्वारा बताए गए व्यायाम विधि को अपनाने से सूजन नहीं बढ़ता। इस बिमारी मे साफ सफाई दबा से भी ज्यादा ज़रूरी है। इस दौरान अधीक्षक डॉ अमित कुमार चौधरी ने फाइलेरिया रोगियों को किट में एंटीफंगल क्रीम, तौलिया, साबुन व एक-एक बाल्टी-मग दिया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी, डॉ मोहसिन सिद्दीकी, संगिनी अनीता साहनी, पुष्पा मिश्रा, गीता देवी, आशा, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

कई स्थानों पर गिरे पेड़, बिजली रही बाधित

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। तेज आंधी और बरसात के बीच बिजली खंभों और तारो पर गिरे डालियों से आधा दर्जन के करीब खंभे टूट गए। कई स्थानों पर तार टूटकर गिर पड़ा।खंभा और तार टूटने और गिरने से मालीपुर उपकेन्द्र से जुड़े तीनो फीडरो की आपूर्ति 12 घंटे से अधिक समय तक ठप हो गई। इसी बीच सूचना मिली कि वाजिदपुर पावर हाउस से मुख्य लाइन पर तकनीकी कमी आ गई है। मालीपुर फीडर की आपूर्ति लगभग एक बजे बहाल हो गई। भदोई फीडर के जगतूपुर बिलटई गांव एक खंभा टूट गया। यहां टूटे खंभे से जुड़े दो दर्जन उपभोक्ताओं का मुख्य तार काटकर बिजली आपूर्ति लगभग 2 बजे शुरू हो गई। इसी उपकेंद्र से जुड़े देवसरा फीडर पर तेज आंधी से दो खंभे करमिसिरपुर और एक खंभा सुरहूरपुर मुख्य लाइन का टूट गया।बिजली कर्मी प्रभाकर मौर्य दीप चंद, वीरेंद्र यादव समेत अन्य सहयोगियों के साथ लगभग 5 बजे तक खंभा गाड़ने में सफलता पाई।इसके बाद भी लाइन होल्ड नही हो पाई। समाचार प्रेषण तक मालीपुर और भदोई फीडर के जगतूपुर बिल्टई गांव को छोड़ सभी गावों की बिजली जहां बहाल हो गई वही देवसरा फीडर के 19 गावों के लगभग 25 हजार आबादी को 13 घंटे बाद भी आपूर्ति नही मिल पाई। बिजली नहीं मिलने से जहां लाइनमैन और उपकेंद्र की घंटी बजती रही वही उपभोक्ताओं भीषण गर्मी झेलने को विवश रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के क्रम में 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने के सम्बन्ध में आज गुरुवार को रमेश चन्द्र-प्रथम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर व परिवार न्यायालय के परामर्शदातागण एवं मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थगण तथा प्री-ट्रायल हेतु नियत मामलों के पक्षकार उपस्थित रहे। रमेश चन्द्र-प्रथम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक पारिवारिक मामलों को निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया तथा परिवार न्यायालय के परामर्शदाता एवं मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थगण के साथ अधिक से अधिक पारिवारिक वादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। श्री मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एव सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित परामर्शदातागण एवं मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थगण से अपील की गयी। 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल चिन्हित 73 वादों के सापेक्ष आज प्री-ट्रायल बैठक में पक्षकार उपस्थित हुए। पक्षकार को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय एवं मध्यस्थगण तथा परामर्शदातागण द्वारा पक्षकारगण को सुलह समझौते के आधार पर समझाने का प्रयास किया गया एवं अगली प्री-ट्रायल बैठक में उपस्थित होने हेतु पक्षकारों को नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि आगामी प्री-ट्रायल मीटिंग में पक्षकारगण उपस्थित हो सकें।

विधवा ने पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक व डीएम से लगाई न्याय की गुहार

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र के विधवा ने पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी के नाम आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। शाहपुर मुस्तहकाम निवासी राजकुमारी देवी ने प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाया कि हमारे पति की मृत्यु हो चुका है, पति ने अपने जीवन काल में अपने मकान का पंजीकृत वसीयत कर दिया था, मैं अपने मकान में अपने लड़के कन्हैया लाल के साथ जीवन यापन पति के जीवनकाल से करती चली आ रही हूं। मेरे पति के मृत्यु के बाद पुत्र कन्हैया मुझे तरह तरह से परेशान करता रहता है। मेरे पति स्वर्णकार का कारोबार करते हैं, उनके मृत्यु के उपरांत पुत्र कन्हैया लाल मेरे पति के व्यापार का सारा पूंजी खा गया और मेरे जेवरात भी जबरदस्ती व सरकसी के बल पर छीनकर बेच दिया है। मेरे बेटे का इतने से पेट नही भरा तो उसने मुझे भी मेरे ही घर से निकाल दिया है जबकि उक्त मकान का मेरे पति ने पंजीकृत वसीयत नामा अपने जीवन काल में दिया है। राजकुमारी देवी ने पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर जानमाल की सुरक्षा करते हुए जेवरात वापस दिलाते हुए मकान खाली कराने का गुहार लगाया है। इसके बाबत थानाध्यक्ष इटवा ने बताया कि पारिवारिक मामला है, शांति भंग की कार्यवाही की जा चुकी है।

पुलिस ने तीन वारंटी को भेजा जेल

इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु व वांछित/वारंटी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए थाना इटवा की पुलिस ने बृहस्पतिवार को अलग अलग मामलों में फरार चल रहे 3 वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक इटवा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए न्यायालय द्वारा निर्गत किए गए वारंट के आधार पर वारंटी चरितर पुत्र राम समुझ, बबलू पुत्र चरितर निवासी मूसा व अजय पुत्र बलिराज निवासी परसा बुजुर्ग थाना इटवा को छापामारी कर धर दबोचा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई प्रदीप कुमार चौहान, हे0का0 कमलदीप, का0 मोतीचन्द व का0 पप्पू गुप्ता आदि शामिल रहे। आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया है।

आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। हरिवंशपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रसियावल कला टोला चिऊरहिया में बृहस्पतिवार सुबह में आकाशीय बिजली गिरने से 10वर्ष के गोपाल की मौके पर ही मौत हो गयी व किशन पुत्र घनश्याम उम्र 11वर्ष बुरी तरह झुलस गया। घटना सुबह की है। परिवार के अनुसार गोपाल व किशन एक साथ आधी व पानी आने के दौरान आम इक्ट्ठा करने के लिए घर से निकले थे ।पानी आने के बाद दोनों अलग अलग आम के पेड़ के नीचे छुपे हुए थे।अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी। गोपाल नाम के लड़के की मौके पर ही मौत हो गई।वही किशन बुरी तरह झुलस गया झुलसे हुए लड़के को परिवार के लोगो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन लाया । लेकिन स्थित को खराब देखते हुए डाक्टरों ने मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर के लिए भेज दिया ।इस घटना से आसपास के तमाम गांवों में मातम छाया है। परिवार के लोगो का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है।

हितधारक संवाद बैठक का एनटीपीसी द्वारा किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी-टांडा द्वारा ग्रामों में विकास कार्य की समीक्षा के सम्बन्ध में हितधारक संवाद बैठक का आयोजन एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक (टांडा) अशेष कुमार चट्टोपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति में कर्मचारी विकास केन्द्र में किया गया। इस दौरान एनटीपीसी टांडा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त ग्राम प्रधान उपस्थित थे। बैठक के दौरान एनटीपीसी द्वारा ग्रामों में प्रस्तावित एवं पूर्ण किये गये विकास कार्यों के बारे में चर्चा की गयी। बैठक के दौरान कार्यकारी निदेशक महोदय द्वारा एनटीपीसी के सामाजिक विकास कार्यों जैसे मोबाइल मेडिकल यूनिट, ऑक्सीजन प्लांट, सौलर लाईट जैसी अन्य पहलों की समीक्षा की गई। उन्होनें बुनियादी ढाचों के विकास के साथ-साथ, रोजगार परक प्रशिक्षण जैसे सीपेट, जैविक खेती, वर्षा जल संचयन इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक ने ग्राम प्रधानों द्वारा दिए गए सुझावों के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि बैठक के दौरान प्रस्तुत सभी सुझावों के कार्यान्वयन पर विचार किया जाएगा। उन्होनें यह भी कहा कि एनटीपीसी आसपास के गाँवों में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के नए तरीके खोजने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का प्रयास करती है।विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (मानव संसधान) रजनीश खेतान द्वारा दिया गया।

मामूली विवाद में दो लोगों में हुआ खूनी संघर्ष

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में रास्ते से निकलते समय मामूली विवाद में दो लोगों में खूनी संघर्ष हो गया। कुल्हाड़ी और धारदार हथियार चल गए। इसमें 2 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस जांच में जुटी है। कादरीगेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला भोपतपट्टी निवासी 30 वर्षीय सूरज घर की ओर जा रहा था। मकान से कुछ दूर रह रहे युवक रजत प्रताप सिंह से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर रजत प्रताप सिंह ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाव में सूरज भागा, मगर वह पीछे से मारता ही रहा। इसी दौरान सूरज के हाथ में भी धारदार हथियार लग गया तो उसने भी हमला बोल दिया। इसमें रजत प्रताप सिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। वहां सूरज की हालत गंभीर बनी हुई है और युवक रजत प्रताप सिंह की भी हालत गंभीर बनी हुई है।

दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग से सारा सामान जलकर खाक

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। बुधवार की रात में इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर में एक कपड़े की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें दुकान में रखा लाखों का कपड़ा जलकर खाक हो गए। सूचना पाकर अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। शाहपुर से धोबहा मार्ग पर स्थित बारी मार्केट में एक कपड़े की दुकान में रात को 9 बजे के आस पास अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपट इतना तेज थी कि अगल बगल के दुकानदारों में हाहाकार मच गया, अगल बगल के दुकानदारों से आनन फानन में अपना दुकान खाली करना शुरू कर दिए, वही अगल बगल के लोगों व राहगीरों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। आग लगने से दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। कपड़े की दुकान के मालिक अशोक पाठक ने बताया कि रात्रि लगभग 8ः30 बजे हर रोज की तरह मैं अपनी दुकान बंद कर के घर चला गया था। घर पहुचते ही सूचना मिली कि आप के दुकान में आग लग गई है। आग की सूचना मिलते ही डुमरियागंज से शाहपुर चौराहे पर स्थित अपने कपड़े की दुकान पर पहुचा कि देखा कि दुकान के अंदर भीषण आग लगी हुई है। अग्निशमन विभाग आग पर जब तक काबू पाता तब तक दुकान में रखा लगभग 40 लाख का कपड़ा समेत अन्य समान सब कुछ जल चुका था। इस संबंध में इटवा थानाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच चल रही है।

अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ने भनवापुर में आयोजित ट्रिपल ए बैठक का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। बृहस्पतिवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सभी स्वास्थ उप केंद्रों पर ट्रिपल ए का बैठक आयोजित किया गया।अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा द्वारा क्षेत्र के सभी ट्रिपल ए बैठकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ.ओझा के द्वारा बताया कि ट्रिपल ए बैठक का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम वृहस्पतिवार एवं तृतीय वृहस्पतिवार को उपकेंद्र से संबंधित एएनएम की अगुवाई में आशा बहू एवं आंगनबाड़ी के साथ आयोजित किया जाता है। निरीक्षण के दौरान रतनपुर उपकेंद्र की एएनएम फरहा अंजुम के द्वारा नियमानुसार ट्रिपल ए बैठक संचालित करने के लिए अधीक्षक के द्वारा फरहा अंजुम की उनकी तारीफ की गई। इस बैठक के माध्यम से आशा बहू, आंगनबाड़ी और एएनएम की संयुक्त प्रयास से ग्राम स्तर पर संचालित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रमों हेतु लाभार्थी सूची का मिलान करते हुए संयुक्त डियू लाभार्थी सूची तैयार करने के उपरांत कार्ययोजना के अनुसार ग्राम स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हीकारण तथा संदर्भन, उच्च जोखिम वाली महिलाओं की पहचान करते हुए सूची तैयार करने का निर्देश देते हुए समय से चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराना, प्रसव की कार्य योजना तैयार किया जाना आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पीएन तिवारी, राहुल कुमार, लक्ष्मी, हेमलता, मंगलवती, अनीता, ज्योति आदि मौजूद रहे।

सरयू नदी में नहाने गये बच्चे डूबे

आलापुर (अम्बेडकरनगर)। थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अन्तर्गत एक ही परिवार के लोग दोपहर लगभग 1 बजे चाण्डीपुर घाट पर सरयू नदी में नहाने गये थे जहाँ गहरे पानी में एक बच्चे का पैर फिसला जिसको बचाने में बच्चे की दो सगी मौसी और बच्चा तीनों गहरे पानी में डूब गये बच्चे की माँ अपने बच्चे और दोनों बहनों को अपनी आंखों के सामने गहरे पानी डूबते हुए देखती रह गई। मालूम हो दोपहर लगभग 1 बजे अपने मायके नरवा पीताम्बर पुर आई धोनी उम्र लगभग 10 वर्ष की माँ अपनी बहनों के साथ चाण्डीपुर घाट सरयूनगर में नहाने गई थी धोनी ग्राम चौतरा जनपद गोरखपुर का रहने वाला था और नरवांपिताम्बरपुर थाना जहाँगीरगंज ननिहाल आया हुआ था। नदी में नहाते समय धोनी जब गहरे पानी में डूबने लगा तो उसको बचाने के लिए धोनी की माँ धोनी की दोनों मौसी रेशम उम्र लगभग 16 वर्ष और शीलू उम्र लगभग 18वर्ष के साथ अन्य लोगों ने बचाने का प्रयास किया परन्तु धोनी के बचाने में ही शीलू और रेशम गहरे पानी में समा गई।

पीएम मोदी, भाजपा नेतृत्व को सिरे से जनता ने नकाराः मंजू पाण्डेय

घटक दल की महिला को प्रधानमंत्री बनाये एनडीए

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। जनादेश से बिलकुल स्पष्ट है कि जनता ने नरेन्द्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व को सिरे से नकार दिया है। जनादेश से यह भी स्पष्ट है कि एनडीए के किसी घटक दल के नेता को प्रधानमंत्री बनाना चाहिये वह भी महिला को। यह बातें कांग्रेस पार्टी की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती मंजू पाण्डेय ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कही। उन्होने कहा भाजपा को बड़ा दिल दिखाना चाहिये। देशभर में महिलाओं संग हो रहे अत्याचार के मामले रिकार्ड बना रहे हैं, ऐसे में यदि किसी महिला को अवसर मिलेगा तो वह महिलाओं की दर्द समझेगी और बगैर किसी भेदभाव के देश को विकास के रास्ते पर ले जायेगी। मंजू पाण्डेय ने कहा जनता से किसी दल को स्पष्ट जनादेश नही दिया। जबकि 2024 का चुनाव भी नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर लड़ा गया है। स्पष्ट है पीएम मोदी अब भाजपा का चेहरा नही रहे। उन्होने संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया को काबू कर देश में तानाशाह को बढ़ावा दिया। जनता द्वारा

चुने गये मुख्यमंत्रियों को जेल भेजवाया। मीडिया और संवैधानिक संस्थायें उनके इशारों पर नाचती रहीं। ऐसे में तीसरी बार मोदी के हाथों में देश की कमान आई तो रही सही फजीहत भी पूरी हो जायेगी। मंजू पाण्डेय ने यह भी कहा यूपी में भाजपा की हालत और ज्यादा खराब है। जिस राज्य को केन्द्र में रखकर भाजपा न मॉडल के तौर पर तैयार किया, भव्य व दिव्य राम मंदिर बनवाया उस राज्य में भाजपा की करारी हार की जिम्मेदारी लेते हुये मंख्यमुत्री योगी आदित्यनाथ को भी इस्तीफा दे देना चाहिये। केन्द्र को चाहिये देश के सबसे राज्य उत्तर प्रदेश में ऐसे मुख्यमंत्री की नियुक्ति करे जो कानून सम्मत व्यवस्था का पक्षधर हो। मंजू पाण्डेय ने कहा उत्तर प्रदेश की जनता ने बुलडोजर पॉलिसी को भी नकार दिया है। अयोध्या की जनता ने स्पष्ट कर दिया कि केवल राम मंदिर बनवाने से देश का विकास नही होगा और न ही लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि इसके लिये नफरत की राजनीति बंद करनी होगी और औद्योगीकरण को बढ़ावा देना होगा और रिक्तियों को भरने की पारदर्शी प्रक्रिया शुरू करनी होगी।

अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रिया श्रीवास्तव का खेल कोटा से रेलवे में चयन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी के वार्ड नंबर तीन लोहिया नगर निवासी स्व. अनिल श्रीवास्तव की पुत्री और अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी कुमारी रिया श्रीवास्तव का चयन खेल कोटा से पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में हुआ है। रिया के चयन से परिवार के सदस्यों समेत खेल जगत से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला सचिव मो. इब्राहिम के मुताबिक कुमारी रिया श्रीवास्तव शुरुआती समय में जागृति सपोर्टिंग क्लब बढनी में कोच शंभू गुप्ता के प्रशिक्षण मे खेल की बारीकियां सीखी। उसके बाद वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर में प्रवेश लिया, जहां कक्षा छह से 12 तक पढ़ाई पूरा किया। इस दौरान सीनियर, सब जूनियर, मिनी नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभा किया और मेडल प्राप्त किया। इसके के बाद पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला में बीए की छात्रा रही। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी दौरान 2018 में 12वां ऐशियन महिला चैम्पियनशिप अंडर-17 में प्रतिभाग कर भारत को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। चयन पर जिला ओलपिंक संघ के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, जिला सचिव मो. इब्राहिम, जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष कमालुद्दीन समेत देवेंद्र पांडेय, निज़ाम अहमद, जिला एथलीट संघ के सचिव सोनू गुप्ता, रत्नेश सिंह, विजय वर्मा, इशांक सिंह, अजय प्रताप गुप्ता, विनय शर्मा, सगीर अहमद, शंभू नाथ गुप्ता, जुग्गी राम राही, अब्दुल हलीम, खालकुल्लाह खान ने बधाई दी है।

पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर पर लगी गोली, दो पुलिसकर्मी भी घायल

अवधनामा संवाददाता

किछौछा अम्बेडकरनगर। बीती रात स्थानीय पुलिस को एक मुठभेड़ में तीन अंतर्जनपदीय शातिर गोवंश तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जिनके पास से पुलिस ने एक ट्रक, 5 जिंदा गौवश, दो देसी तमंचा, दो जिंदा कारतूस 315 बोर व दो खोखा 315 बोर का बरामद करने का दावा किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध बसखारी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। यह चुनाव से फुर्सत पाई पुलिस की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बीते 5/6 जून की रात्रि बसखारी प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह हमराही पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में सुदृढ़ कानून व्यवस्था एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर जांच अभियान चलाए हुए थे कि इसी बीच टांडा की तरफ से आ रही एक ट्रक को टार्च की रोशनी के इशारे से रोकने का प्रयास किया। लेकिन ट्रक चालक ने अपनी रफ्तार तेज कर भागने लगा, जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह को उक्त ट्रक की घेराबंदी करने का निर्देश देते हुए ट्रक का पीछा कर ट्रक को नई बाजार बसखारी फ्लाई ओवर के निकट घेराबंदी करते हुए रोकने का प्रयास किया। इधर से थाना अध्यक्ष बसखारी व उधर से उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ ट्रक घेर लिया। पुलिस से घिरा हुआ देख ट्रक में बैठे शातिर अपराधी ट्रक से कूद कर पुलिस पर फायर करते हुए भागने लगे। जिस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए दो शातिर अपराधियों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरे भाग रहे अपराधी को कांबिंग के दौरान पुलिस को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाशों की पहचान सैमुद्दीन पुत्र कमालुद्दीन (28) मुनीम पुत्र नूर नैन (27) निवासीगढ़ नसीरपुर थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। यह दोनों पुलिस की मुठभेड़ में घायल हुए हैं। जबकि कंबिग के दौरान गिरफ्तार किए गए बदमाश मोहम्मद तारिक पुत्र कुद्दूस निवासी विन्दवल जराजपुर थाना आजमगढ़ के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने क्रूरता पूर्वक ट्रक में भरकर ले जाए जा रहे पांच गाय ट्रक सहित, दो देसी तमंचा, दो जिंदा कारतूस 315 बोर व दो खोखा 315 बोर का बरामद करने का दावा किया है। इनके ऊपर उत्तर प्रदेश के कई अन्य थानों में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज है।बसखारी पुलिस ने उपरोक्त बदमाशों के विरुद्ध 149/24 भारतीय दंड विधान की धारा 307, 3/5क/8 गोबध निवारण अधिनियम 3/25 आर्मस एक्ट सहित सहित पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पहले इलाज करने के लिए अस्पताल ले गई।

आरक्षण का द्वन्द

चुनाव के माहौल में आरक्षण का राजनैतिक द्वन्द खुल कर उभरा दोनो पक्ष की अपनी अपनी धराणाये है। द्वन्द तार्किक न होकर भावनात्मक रहा जो मतदाताओं को लुभाने का आसान तरीका होता है। इसमें पार्टियों राज्य सरकारों की अपनी अपनी घारणायें है। आरक्षण केन्द्र धर्म रहा है। पहला प्रश्न उठता है संविधान के अनुसार भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है। यहां धर्म का आरक्षण क्या उचित है। संविधान के आर्टिकल 15 (4) में कहा गया है किसी भी नागरिक के किसी भी सामाजिक और शैक्षधिक रूप से पिछड़े वर्ग या एससी और एसटी की उन्नति के लिये विशेष प्रावधान करने को अधिकार राज्यों के पास निहित रहेगा। आर्टिकल 15 में राज्यों को केवल धर्म, जाति, लिंग, नस्ल और जन्म स्थान के साथ के आधार पर नागरिकों के साथ भेद भाव करने से रोकता है। ऐसे में क्या एससी, एसटी, ओबीसी, का कोटा कम कर धर्म के आधार पर आरक्षण सम्भव है।

संविधान सभी के लिये समान व्योहार को सन्दर्भित करता है। पर साथ ही एंतिहासिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े कई समुदायों के आरक्षण की व्यवस्था भी करता है। सुप्रीम कोर्ट की धारणा है कि समानतन के कई पहलुओं और आयामों के साथ एक गतिशील अवधारण है। पारम्पिरिक सीमाओं के भीतर बांधा या सीमित नहीं किया जा सकता।

केरल राज्य बनाम एनएम थामस (1975) मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बाद आरक्षण को अर्टिकल 15 (1) और 16 (1) के समानता, गैर भेदभाव खन्डों का अपवाद नहीं बल्कि समानता सूची में सभी मुस्लिम समुदाय को शामिल कर लिया गया है। इसे लेकर भयानक वैचारिक लड़ाई चल रही है। मन्डल आयोग ने पिछड़ा को परिभाषित करते हुये 3743 जातियों को मिलाकर ओबीसी को 27 प्रतिशत, आरक्षण दिया था। आयोग ने कई राज्यों द्वारा निर्धारित उदाहरण का अनुसरण करते हुये मुस्लिम आबादी के लगभग 82 प्रतिशत हिस्से ओबीसी की सूची में डाल दिया इन्द्रा सहानी केस (1992) में सुप्रीम कोर्ट ने निधारित किया कोई भी सामाजिक समूह जिसकी धार्मिक पहचान कुछ भी हो अगर वह समान मानदन्डों के अनुसार पिछड़ा पाया जाता है तो वह पिछड़ा वर्ग माना जायेगा।

मन्डल आयोग में मुस्लिम जातियों को धर्म के आधार पर नहीं हिन्दु जातियों की तरफ सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े होने की वजह से शामिल किया है। कर्नाटक सरकार मुस्लिमों को ओबीसी कोटे से अलग कर आरक्षण दे रही है। धर्म आरक्षण 1936 में त्रावणाकोर कोचीन राज्य में शुरू हुआ था। 1952 में साम्प्रदायिक आरक्षण से बदल दिया गया। मुस्लिम ओबीसी में समाहित हुये। तामिलनाडु में 95 प्रतिशत मुस्लिम समाज आरक्षण से लभान्वित है। बिहार में ओबीसी मुस्लिम को सबसे पिछड़े वर्गो में विभाजित किया गया है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग किसी समुदाय के पिछड़ेपन के निर्धारित करने के लिये उसकी सामाजिक आर्थिक शैक्षणिका राजनीतिक स्थिति के कई संकेत को की पहचान की है। मंडल आयोग ने गैर हिन्दू समुदायों में पिछड़ेपन की पहचान का सुझाव दिया है। पर धर्म पर आरक्षण की सिफारिश नही की है। 2006 में कांग्रेस ने सच्चर आयोग का गठन किया। इसमें मुसलमानों को सामाजिक आर्थिक, शैक्षणिक रूप से बेहद पिछड़ा माना गया। पर आयोग की सिफारिश मानी नही गई। मुसलमानों में पसमन्दा बेहद पिछड़ा माना गया है मुसलमानों को एक जाति समूह मान कर आरक्षण मिलता है तो पसमन्दा समूह बेचारगी की स्थिति में पड़ा रहेगा।

खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर होता

सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

एक समय था जब भारत अपनी खाद्यान्न आपूर्ति के लिये दूसरे देशों की दया पर निर्भर था। हमारे पास न उस समय कृषि के साधन थे, और न ही उन्नत तकनीक थी। फलतः आज का वही कृषक पहले अपनी कृषि से वैसा उपज नहीं प्राप्त कर पाता था, जैसा कि आज वह प्राप्त कर रहा है। आज कई मायनों में भारत खाद्यान्नों के मामले में अब आत्म निर्भर हो चुका है। इस संबंध में समाजशास्त्रियों का भिन्न-भिन्न मत है। कुछ कहते हैं कि ये ठीक है कि आज हम खाद्यान्न उपज के मामले में पूर्व से बहुत बेहतर हैं, पर आज हमारी जनसंख्या भी तो बहुत बढ़ गई है, जिससे हमारी खाद्यान्न उत्पादन की बढ़ी हुई क्षमता तो जैसी की तैसी ही रह गई अर्थात हम जहाँ पहले वे आज भी वहीं है कोई परिवर्तन नहीं है। जबकि दूसरे मत के समाजशास्त्री कहते हैं कि भारत में जनसंख्या की वृद्धि हुई है यह सही बात है, पर इस तथ्य को भी हमें नहीं भूलना चाहिये कि यहाँ अब श्रम करने वाले हाथ भी तो उतने ही बढ़ गये हैं, जो खाद्यान्न उत्पादन के लिये आवश्यक है। अर्थात जहाँ कम क्षेत्रफल में कम हाथों (श्रमजीवी किसान) द्वारा जो कार्य किया जा रहा था। बहुत सीमित एरिया सीमित मात्रा में था, वह अब असीमित होकर हमारी क्षमता को बेहतर और वृहत्तर बना रहा है।

वैसे दूसरा मत वास्तविकता के नजदीक जान पड़ता है, ऐसा मुझे लगता है। एक दिन मैं एक पुरानी पत्रिका ÷नवनीत÷ जो मई 1973 को प्रकाशित हुई थी, उसके पृष्ठ को पढ़ रहा था तो उसमें एक जगह सरकारी विज्ञापन दिखाई दिया जिसमें लिखा था,.... कम अनाज खाइये खाद्यान्नों के मूल्य कम करना आपके हाथ में है, गेहूँ चावल कम खाईये, सप्ताह में कम से कम एक बार बिना अनाज का भोजन लीजिये। उक्त विज्ञापन से साफ जाहिर होता है कि आज से कुछ वर्षो पूर्व हम खाद्यान्न के मामले में बहुत पीछे थे, हमारे यहाँ खाद्यान्नों जैसे गेंहू, चावल की बहुत कमी थी, तभी तो सरकार ने मजबूर होकर ऐसा विज्ञापन दिया रहा होगा। पर क्या आपने आजकल गत वर्षों में ऐसा कुछ विज्ञापन देखा है....? इसका जवाब होगा बिलकुल नहीं। इसका मतलब यही हुआ न कि अब हमारे यहाँ वैसी स्थिति नहीं है जैसी पहले हुआ करती थी। अब तो यह स्थिति है कि अब हम चायपत्ती उत्पादन में विश्व में प्रथम चावल में द्वितीय, गेहूँ में, तीसरी एवं चीनी उत्पादन में दूसरे, कपास में भी दूसरा स्थान पर है। देश में चावल का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य प. बंगाल एवं दूसरा आंध्र प्रदेश है, किंतु चावल की प्रति हेक्टेयर उपज पंजाब में सर्वाधिक है, मध्यप्रदेश आज देश में, सोयाबीन का उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा राज्य है। देश में मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम, तुअर में तथा अन्य दालों में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय और धान (चावल) में तीसरा स्थान रखता है। किंतु प्रतिव्यक्ति औसत उत्पादन में पंजाब और हरियाणा के पश्चात तृतीय है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में खरीफ की फसले 57 प्रतिशत क्षेत्र में और रबी की फसले 43 प्रतिशत क्षेत्र में बोई जाती हैं। विभिन्न खाद्यान्नों में कुछ क्षेत्र लगभग 82 लाख हेक्टेयर है, जिससे खाद्यान्न लगभग 71 लाख हेक्टेयर में और अन्य फसले 22 लाख हेक्टेयर में है। छत्तीसगढ़ में धान लगभग 18 लाख हेक्टेयर (कुल क्षेत्र का 22 प्रतिशत), गेहूँ लगभग 11 लाख हेक्टेयर, ज्वार लगभग 8 लाख हेक्टेयर और लगभग दाले 11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जाती है, तिलहनें लगभग 12 लाख हेक्टेयर में तथा अन्य क्षेत्र में गन्ना, कपास आदि एसले बोई जाती है। उत्पादन की दृष्टि से सन् 1988-89 में धान (चावल) 18.81, दाले 26.81, सोयाबीन सहित तिलहन 22.12 कपास 3.3, गन्ना 225 लाख मेट्रिक टन की पैदावार प्रदेश में प्राप्त की गई थी। सारे देश में उत्पादित चावल, गेहूँ, दालें, दलहन, कपास एवं गन्ने में सामान्यतःअविभाजित मध्यप्रदेश का योगदान 9, 11, 11, 8, 4, 7 प्रतिशत है। देश में अविभाजित मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम तुअर में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय चावल में तीसरा स्थान रखता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com

पहले ही हैट्रिक की अनंत अनंत बधाईयां देने की करें तो,सातवें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद एग्जिट पोल के नतीजे भी सामने आ चुके हैं। तकरीबन सभी एग्जिट पोल में सरकार की वापसी की संभावना जताई गई है। सीटों में कुछ ऊपर-नीचे की बात सामने आई है, लेकिन तकरीबन हर मीडिया संगठनों के एग्जिट पोल में भाजपा की अगुआई में एनडीए की स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनने की बात कही गई है। बता दें कि 4 जून को काउंटिंगहो रही है, जिसमें हार जीत की तस्वीर देश और दुनियां के सामने आ जाएगी।

गज़ब का कॉन्फिडेंस-हैट्रिक की अनंत अनंत बधाईयां

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा चुनावी महापर्व सात चरणों से होते हुए 1 जून 2024 को जैसे ही शाम 5 बजे समाप्त हुआ तत्परता से मीडिया के हर प्लेटफार्म चाहेवह सोशल प्रिंट वइलेक्ट्रॉनिक मीडिया हो, ताबड़तोड़ एक्जिस्ट पोल आना शुरू हो गए जो 3 जून 2024 तक चलते रहे जिसमें सभी मीडियाप्लेटफॉर्म की एकमत में आवाज उठी है कि सत्ताधारी दल शासन में वापसी कर रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है यह तो लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि 2024 में सत्तादारी दल फिर वापसी करेगा, क्योंकि आम जनता देख रही है कि इन्होंने बड़ा लंबा 2047 तक का विज़न बनाकर रखा है जो भारत की तकदीर बदल देने का कारण बनेगा, जिसमें आम लोग संतुष्ट भी हैं। अनेक बार समय-समय पर पोल होते रहे हैं कि यदि आज चुनाव हो जाए तो किसकी सरकार होगी तो सभी की सत्ता वापसीकी ही आवाज़ें आ रही थी, परंतु जिस प्रकार अबकी बार 400 पार का नारा लग रहा था और पूरे कॉन्फिडेंस के साथ काम कर रहे थे, उसमें कहीं ना कहीं चूक होते दिखी और 50 प्रतिशत वोटिंग प्रतिशत के साथ जीतने की भी कामना शायद पूरी नहीं हुई ऐसा दिख रहा है,परंतु संभावना व्यक्त की जा रही है कि है कि 2029 में यह पूर्ण होनेके कयास लगाया जाना लाजमी है। तमाम मीडिया हाउसेस ने अपने एक्जिस्ट पोल में सत्ताधारी पार्टीकी वापसी का अनुमान इतना कॉन्फिडेंस से लगाया है तो,मेरा मानना है कि 4 जून 2024 को चुनाव आयोग द्वारा रिजल्ट की अधिकृत घोषणा कर सांसदोंको प्रमाण पत्र देनेकी मात्रऔपचारिकता रह गई है, जो जरूरी भी है क्योंकि यही वह प्रमाण पत्र है जिसके आधार पर संसद में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा व लोकसभा के मंदिर में जाकर शपथ लेकर सदस्यता ग्रहण की जाएगी, परंतु यह निश्चित हो गया है कि सत्ता की वापसी हो रही है और माननीय पीएम नें हैट्रिक लगा दी है। चूंकि यह माननीय पीएम व उनके सहयोगियों का गजब का कॉन्फिडेंस था की हैट्रिक लग रही है जिसकी हम उन्हें पहले ही अनंत अनंत बधाईयां दे रहे हैं और यह उम्मीद लगा रहे हैं कि 18 वीं लोकसभा के केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिलाओं व युवाओं को अपना नेतृत्वनिखारनें का भरपूर मौका दिया जाएगा, यानें मंत्रिमंडल में महिलाओं व युवाओं की संख्या उम्मीद से अधिक हो सकती है,चूंकि माननीय पीएम ने 1 जून 2024 को कन्याकुमारी में दो दिवसीयध्यान लगने के बाद रविवार को 100 दिनों के अपने तीसरे मंत्रिमंडल कार्यकाल की रणनीति सहित कुल 7 मीटिंगें की इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से

किशन भावनानी

इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गज़ब का कॉन्फिडेंस,हैट्रिक की अनंत अनंत बधाईयां हो। साथियों बात अगर हम पहले ही हैट्रिक की अनंत अनंत बधाईयां देने की करें तो,सातवें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद एग्जिट पोल के नतीजे भी सामने आ चुके हैं। तकरीबन सभी एग्जिट पोल में सरकार की वापसी की संभावना जताई गई है। सीटों में कुछ ऊपर-नीचे की बात सामने आई है, लेकिन तकरीबन हर मीडिया संगठनों के एग्जिट पोल में भाजपा की अगुआई में एनडीए की स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनने की बात कही गई है। बता दें कि 4 जून को काउंटिंगहो रही है, जिसमें हार जीत की तस्वीर देश और दुनियां के सामने आ जाएगी।चार जून को आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के फाइनल नतीजों से पहले शनिवार को एग्जिट पोल के परिणाम जारी कर दिए गए। मोटे तौर पर देखें, तो ज्यादातर एग्जिट पोल में एक बार फिर देश में एनडीए की सरकार बनती हुई नजर आ रही है। हालांकि, लोकसभा चुनाव की वोटिंग से पहले पीएम ने एनडीए के लिए अबकी बार-400 पार का नारा दिया था, लेकिन एग्जिट पोल के आंकड़े उनके दावे से थोड़े अलग हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को इस बार 350 से ज्यादा सीटों पर जीत मिलसकती है। वहीं, विपक्षी गठबंधन इंडिया करीब 150 सीटों पर सिमटता हुआ नजर आ रहा है।

साथियों बात अगर हम पीएम के तीसरे टर्म के 100 दिनों के एजेंडे की करें तो,पीएम 100 दिन के एजेंडे पर चर्चा की। इसको लेकर पीएम सभी स्टेकहोल्डर के साथ स्पेशल सेशन में न केवल चर्चा की, बल्कि इस दिशा में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा भी की। बता दें कि सत्ता में वापसी करने के बाद सरकार पहले 100 दिन के कार्यकाल में किन मुद्दों पर ध्यान फोकस करेगी, इसकी तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पीएम इस पर खुद ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन किए इसमें विभिन्न विभागों के आलाधिकारी शामिल। हुए इसके साथ ही हीट वेवकंडीशन और इससे लोगों को राहत दिलाने के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की, पीएम विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर मनाए जाने वाले समारोहों की तैयारियों की भी समीक्षा की।चुनाव परिणाम आने के पहले ही जीत के प्रति आश्वस्त पीएम काम पर जुट गए हैं। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद दो दिन तक कन्याकुमारी में ध्यान लगाने के बाद पीएम ने रविवार को सात अलग-अलग मुद्दों परअधिकारियों के साथ बैठक की। इनमें चक्रवात रेमल से पूर्वोत्तर भारत के हालात और पूरे देश में गर्मी के प्रकोप की समीक्षा शामिल है।इसके साथ ही उन्होंने मोदी 3.0 के लिए 100 दिन के रोडमैप के लिए तैयारियों की भी समीक्षा की।पूरे देश में पड़ रही भीषण गर्मी के प्रभावों और उससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सभी अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर आग से बचाव के उपायों और बिजली उपकरणों की सुरक्षा मानकों पर आडिट का निर्देश दिया। ध्यान देने की बात है कि गर्मी के कारण कई स्थानों पर एसी व बिजली उपकरणों में बलास्ट की घटनाएं सामने आई है। इसके साथ ही पीएम जंगलों में आग रोकने के लिए लगातार नजररखने और वहां बायोमास के बेहतर इस्तेमाल की रणनीति तैयार करने को कहा। इस दौरान मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में गुजरात,मध्यप्रदेश और राजस्थान में गर्मी का प्रकोप जारी रह सकता है। वहीं मानसून के आगमन से इसमें राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस साल भारत में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। चक्रवात रेमल से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के दौरान को इससे प्रभावित इलाकों और जान-माल की हुई हानि की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि मिजोरम,असम,मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में रेमल के कारण हुई वर्षा से आई बाढ़ और जमीन खिसकने के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है और कई लोगों की जान भी गई है। इन इलाकों में एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्यों में लगी है।

अति की हार

दिलचस्प ये है कि हमेशा के विपरीत इस बार नैरेटिव सेट करके का काम विपक्ष की तरफ से किया गया और पहली बार ऐसा हो रहा था कि विपक्ष द्वारा तय किए एजेंडे पर भाजपा को जवाब देना पड़ रहा था। दरअसल अबकी बार चार सौ पार का भारी भरकम नारा खुद भाजपा पर ही भारी पड़ गया और इसकी शुरुआत कर्नाटक भाजपा नेता अनंत हेगड़े के उस बयान के बाद हुई जिसमें उन्होंने कहा कि अबकी बार सरकार बनी तो भाजपा संविधान बदलेगी। यहीं से विपक्षी पार्टियों को ये नैरेटिव गढ़ने का मौका मिल गया कि भाजपा को चार सौ सीट इसलिए चाहिए ताकि वह संविधान बदल सके।

यह एक लम्बा और उबाऊ चुनाव था, लेकिन भविष्य में इसे भारतीय लोकतंत्र के सफ़र में एक मील के पत्थर के तौर पर याद रखा जाएगा। दस साल के तथाकथित मजबूत सरकार के बाद देश में एक बार फिर गठबंधन के राजनीति की वापसी हो गयी है, 400 पार का अतिवादी नारा देने वाली ताकतें खुद 240 के आसपास सिमट गयी है। अबकी बार मोदी सरकार जैसा व्यक्तिवादी नारा देने वाले लोग अब एनडीए सरकार की बात करने लगे हैं। इन नतीजों से यह भ्रम भी टूटा है कि मोदी और विपक्ष विकल्पहीन है। साथ ही यह तथ्य एक बार फिर स्थापित हुआ है कि विविधता भरे इस महादेश को लम्बे समय तक एकांगी तौर-तरीकों और व्यक्तिवाद के सहारे लम्बे समय तक नहीं चलाया जा सकता है। सरकार किसकी बनेगी और प्रधानमंत्री बनेगा कौन? यह अगले कुछ दिनों के भीतर परदे के पीछे तय होना है, लेकिन इस चुनावों में निश्चित रूप से अतिवाद की हार हुई है और भारत का लोकतंत्र और मजबूत होकर उभरा है।

जावेद अनीस

दिलों में संविधान : 2024 के नतीजे बताते हैं कि इस देश के बहुजन और अल्पसंख्यक जनता के लिए संविधान महज एक किताबी दस्तावेज नहीं है बल्कि उनके संवैधनिक वजूद से जुड़ा हुआ मसला है। इस सम्बन्ध में रोहित डे की पुस्तक, ÷ए पीपल्स कॉन्स्टिट्यूशन÷ का जिक्र बहुत मौजूं होगा जो बहुत ही प्रभावशाली और सिलसिलेवार तरीके से बताती है कि आजाद भारत में किस प्रकार से आम नागरिक अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए संवैधानिक सिद्धांतों और मूल्यों के इर्द-गिर्द लामबंद हुए हैं। इसे हम 2020 में नागरिकता कानून के खिलाफ चले देशव्यापी आन्दोलन से समझ सकते हैं जिसमें पहली बार अल्पसंख्यकों द्वारा इतने पड़े पैमाने पर संविधान को केंद्र में रखते हुये प्रतिरोध दर्ज की गयी थी। इस आन्दोलन के माध्यम से संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता के उन मूल्यों को आवाज देने की कोशिश की गयी थी जो देश के अल्पसंख्यक समुदायों को धर्म के आधार पे समानता का अधिकार प्रदान करते हैं। इसी कड़ी में 2024 के चुनाव ने देश की दलित, पिछड़ी जातियों और आदिवासियों को यह याद दिलाने का काम किया है कि संविधान ने सदियों से चले आ रहे शोषण से ना केवल उन्हें सम्मान, नागरिक अधिकार, स्वाभिमान, और सुरक्षा प्रदान करने का काम किया है बल्कि आरक्षण के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ने का मौका भी फराहम किया है इसलिए जरूरत पड़ने पर इसे बचाने के लिए आगे आना उनके लिए पहली प्राथमिकता है।

हर चुनाव का अपना एक नैरेटिव होता है, इस चुनाव का केन्द्रीय नैरेटिव संविधान के इर्द गिर्द था जिसमें संविधान में बदलाव से लेकर संविधान को बचाने की बातें शामिल थीं। दिलचस्प ये है कि हमेशा के विपरीत इस बार नैरेटिव सेट करके का काम विपक्ष की तरफ से किया गया और पहली बार ऐसा हो रहा था कि विपक्ष द्वारा तय किए एजेंडे पर भाजपा को जवाब देना पड़ रहा था।

दरअसल अबकी बार चार सौ पार का भारी भरकम नारा खुद भाजपा पर ही भारी पड़ गया और इसकी शुरुआत कर्नाटक भाजपा नेता अनंत हेगड़े के उस बयान के बाद हुई जिसमें उन्होंने कहा कि अबकी बार सरकार बनी तो भाजपा संविधान बदलेगी। यहीं से विपक्षी पार्टियों को ये नैरेटिव गढ़ने का मौका मिल गया कि भाजपा को चार सौ सीट इसलिए चाहिए ताकि वह संविधान बदल सके। बाद में अपने इस नैरेटिव को मजबूत और धारदार बनाने के लिए उन्होंने इसमें आरक्षण का मुद्दा भी जोड़ दिया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वो आरक्षण खत्म कर देगी। विपक्ष के इस नैरेटिव को आधार देने में संविधान और आरक्षण को लेकर संघ परिवार के पुराने इतिहास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान में संशोधन होते रहे हैं और सभी सरकारें करती भी रही है लेकिन असली डर संविधान की मूल भावना में बदलाव को लेकर है जिसे संघ के विरोधी लम्बे समय से संविधान बदलने के उसके हिडेन एजेंडा के तौर पर पेश करते रहे हैं। अब की बार चार सौ पार के नारे ने इस डर को मजबूत करने का काम किया कि अगला एजेंडा संविधान की मूल भावना में बदलाव का है।

भाजपा और संघ के नेता समय-समय पर संविधान और आरक्षण दोनों की समीक्षा की बात रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के समय संविधान समीक्षा आयोग का गठन भी किया गया था। संघ के वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत एक दशक में ही कई बार संविधान और आरक्षण के समीक्षा की बात दोहरा चुके हैं। 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव के समय उन्होंने आरक्षण की समीक्षा की बात कही थी, जबकि 2017 में उन्होंने भारतीय संविधान में बदलाव कर उसे भारतीय समाज के नैतिक मूल्यों के अनुरूप किये जाने की वकालत करते हुये कहा था कि संविधान के बहुत सारे हिस्से विदेशी सोच पर आधारित है इसलिए आज़ादी के 70 साल के बाद इस पर पुनर्विचार किये जाने की जरूरत है। हालांकि इन बयानों के बाद भाजपा और संघ की तरफ से सफाई भी पेश किये जाते रहे हैं लेकिन इससे प्रभावित होने वाली आबादी के मन में उनकी मंशा को लेकर शंका और अविश्वास तो गहरा ही हुआ है।

हालांकि 2024 के चुनावी अभियान के दौरान जब यह मुद्दा जोर पकड़ने लगा तब भाजपा ने इसका जवाब देना शुरू किया गया और समुदायों के विभाजन की अपनी पुरानी लाईन पर चलते हुये इसका हिंदू-मुस्लिम के सांप्रदायिक नैरेटिव पेश करने की कोशिश की गयी जिसकी कमान खुद नरेंद्र मोदी ने संभाली और ये कहना शुरू कर दिया कि अगर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी तो वे एससी, एसटी और ओबीसी को संविधान के जरिए मिले आरक्षण को छीन कर मुसलमानों को दे देंगे लेकिन इन तमाम कवायदों के बाद भी बात बनी नहीं जिसे हम नतीजों के रूप में देख सकते हैं।

विपक्ष के फेफड़ों में प्राणवायु : इन नतीजों से विपक्ष के फेफड़ों में प्राणवायु भरने का काम किया है, लम्बे समय बाद विपक्ष का आत्मविश्वास लौटा है। पिछले दस सालों से भारतीय राजनीति में विपक्ष, दबाव में और लस्त-पस्त नजर आ रहा था और वैचारिक रूप से असमंजस्य की स्थिति में था, भाजपा के वैचारिक हिन्दू राष्ट्रवाद का उसके पास कोई जवाब नहीं था।यह धारणा पुख्ता हो चुकी थी कि मोदी-शाह के नेतृत्व में भाजपा को हराना बहुत मुश्किल है।

इस बार भी अपना नैरेटिव ढूंढ लेने के बावजूद विपक्ष भाजपा को हरा कर सत्ता से बाहर करने के लिए नहीं बल्कि उसके सीटें कम करने के इरादे से चुनाव लड़ रहा था जिससे सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके और इसमें विपक्ष कामयाब भी हुआ है। विपक्षी पार्टियों में भी कांग्रेस पार्टी के लिए यह ऑक्सीजन की तरह है। अपनी सीटों की संख्या दोगुनी कर ली है, गौरतलब है 2013 के बाद कांग्रेस करीब 52 चुनाव हार चुकी है, इस दौरान उसके 50 से अधिक बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं जिसमें करीब 12 पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। इस नतीजे से खुद कांग्रेस और कांग्रेसियों की स्वयं के बारे में ही धारणा बदलने वाली है, इससे उनका यह यकीन बनेगा कि कांग्रेस वापसी कर सकती है।

कमाल के निकले यूपी के शहजादे

यशोदा श्रीवास्तव

उत्तर प्रदेश में भाजपा को क्यों झेलनी पड़ी शर्मनाक हार? वह भी तब जब मोदी के चार सौ पार के ऐलान में यूपी की 80 की 80 सीट भी शामिल थी। यहां अयोध्या भी है,काशी,मथुरा भी है और ये सबके सब चुनावी प्लेटफार्म पर भी थे। बुलडोजर और चर्बी ढील करने से लेकर गर्मी उतार देने जैसे शब्द बाण भी खूब चले। कभी कभी शरिया,मुस्लिम लीग और पाकिस्तान की भी इंट्री होती रही है। इस चुनाव को राम भक्त और राम द्रोहियों के बीच होने की घोषणा भी की जा चुकी थी फिर भी?

तो क्या यह मान लिया जाय कि लोकसभा के इस चुनाव में यूपी में राम द्रोहियों की विजय हुई? क्या इस पर चर्चा की गुंजाइश तनिक भी नहीं की 80 की 80 सीटें जीत लेने का दम भरने वाले आखिर 33 पर ही क्यों सिमट गए? वाराणसी से दस लाख वोटों से जीत का मोदी का सपना क्यों चूर हुआ और लखनऊ की सीट से राजनाथ सिंह की जैसे तैसे जीत का संदेश आखिर क्या है?

लखनऊ से सड़क मार्ग से आते समय आपको जगह जगह बड़े बड़े गेट बनाकर लिखा मिलेगा अयोध्या तीर्थ क्षेत्र! यह कई जिलों के भू-क्षेत्र को जोड़कर चिन्हांकित किया गया है जिसमें अयोध्या, बस्ती, अंबेडकर नगर जिले के भू क्षेत्र भी आते हैं। आखिर इस तीर्थ क्षेत्र में भाजपा क्यों हारी? भाजपा के लोग यदि सचमुच राम भक्त हैं तो उन्हें राम के इस संदेश को समझना होगा। चुनावी लाभ की खातिर जिस अयोध्या में आनन फानन अधूरे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई, शंकराचार्यो की उपेक्षा हुई,आर एस एस प्रमुख तक के सम्मान की अनदेखी हुई बावजूद इसके अयोध्या सहित इससे जुड़े तीर्थ क्षेत्र तक भाजपा हार गई। नरेंद्र मोदी वेशक तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हों लेकिन अयोध्या की हार और बनारस में जैसे तैसे अपनी जीत को ताउम्र शायद ही भुला पाएं क्योंकि ये दोनों ही क्षेत्र भारत ही नहीं विश्व भर में धर्म नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। भाजपा स्वयं को सबसे बड़ी राम भक्त व धर्मवादी पार्टी मानती है। यूपी भारत का एक मात्र प्रदेश है जहां वोटों को अपनी ओर आकर्षित कर लेने वाले धार्मिक स्थल मौजूद हैं। वह चाहे अयोध्या हो या काशी मथुरा। भाजपा द्वारा इस चुनाव में इन धर्म स्थलों का भर पूर इस्तेमाल किया गया,यह अलग बात है कि इस बार यूपी में ही भाजपा को इसका फायदा नहीं मिला।

यूपी में लोकसभा सीटों की भारी हार पर पार्टी के भीतर समीक्षा होगी ही। हो सकता है कि इसके लिए प्रदेश के एकाध या केवल एक बड़े ओहदेदार के सिर ठीकरा फोड़ने की भी कोशिश हो लेकिन ऐसा हुआ तो प्रदेश भाजपा में भारी खड मंडल रोक पाना संभव नहीं होगा। ठीक है यूपी में भरोसा किए गए 51 पुराने चेहरों में से कुछ भले ही जीत गए लेकिन उनके जीत के अंतर पर भी गौर किया जाना चाहिए।

यूपी में लोकसभा सीटों की भारी हार पर पार्टी के भीतर समीक्षा होगी ही। हो सकता है कि इसके लिए प्रदेश के एकाध या केवल एक बड़े ओहदेदार के सिर ठीकरा फोड़ने की भी कोशिश हो लेकिन ऐसा हुआ तो प्रदेश भाजपा में भारी खड मंडल रोक पाना संभव नहीं होगा। ठीक है यूपी में भरोसा किए गए 51 पुराने चेहरों में से कुछ भले ही जीत गए लेकिन उनके जीत के अंतर पर भी गौर किया जाना चाहिए। इस चुनाव में यूपी के लड़कों का खूब उपहास भी उड़ाया गया। किसी को नानी के घर भेजा जा रहा था तो किसीको सैफई! इन्हें शहजादा भी कहा गया। ये दोनों शहजादे अपने अपने क्षेत्रों में मोदी से कहीं ज्यादे वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं। कहना न होगा कि यूपी के इन शहजादों ने तो कमाल किया ही,इनकी पार्टी के बच्चों ने भी भाजपा के सूरमाओं को धूल चटा दी। वह चाहे प्रिया सरोज रही हों या इकरा हसन। गोंडा की श्रेया वर्मा करीब 40 हजार वोटों से चुनाव भले हार गई वरना इस बच्ची ने भी भाजपा के धुरंधर नेता कीर्ति वर्धन को नाकों चने चबवा दिया था। यूपी में सपा ने तो भाजपा को धूल चटाया ही,कांग्रेस ने भी गजब का कमाल दिखाया। कांग्रेस यहां सिर्फ 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी जिसमें उसे 6 सीटों पर विजय हासिल हुई और इतनी ही सीटों पर उसे मामूली वोटों से हार जाना पड़ा। गोरखपुर जिले के बांसगांव सुरक्षित सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद की मात्र 31 सौ वोटों से हार की चर्चा दिल्ली तक है। महराजगंज में कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी और देवरिया में कांग्रेस के ही अखिलेश प्रताप सिंह के भी क्रमशः 34 और 35 हजार वोटों से हार चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस के जयराम रमेश ने बांसगांव से सदल प्रसाद की हार पर संदेह व्यक्त करते हुए चुनाव आयोग से शिकायत भी दर्ज कराई थी। कानपुर,फतेहपुर और अमरोहा सीट पर भी कांग्रेस उम्मीदवार मामूली वोटों के अंतर से हारे हैं। अमरोहा से कुंवर दानिश अली की हार से निश्चय ही मायावती को अपनी पार्टी की जीत जैसा एहसास हुआ होगा। कांग्रेस शेष पांच लोकसभा क्षेत्रों से भारी अंतर से जरूर हारी लेकिन यहां भी इसके लिए वोटों का सूखा पड़ने जैसी स्थिति नहीं रही। मथुरा, वाराणसी, गाजियाबाद, झांसी, बुलंदशहर में कांग्रेस प्रत्याशियों की झोली में भी खूब वोट बरसे। वाराणसी में हार कर भी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की चर्चा चारों ओर है। लोकसभा के इस चुनाव में सपा और कांग्रेस की युगल जोड़ी का संदेश स्पष्ट है कि अहंकार और जुमलों के खिलाफ लड़ना और पराजित करना उन्हें बखूबी आता है। दुआ करिए कि आगे से भी आगे तक यह जोड़ी बरकरार रहे।

आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार सतर्क

- प्रयागराज में ग्रामीण क्षेत्रों के 23 विकास खंडों में तैनात किए अग्नि सुरक्षा मित्र
- गावों में फसल और घरों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं के बाद उठाया गया कदम

घरेलू महिलाओं के लिए चलाया जा रहा है अभियान

खेतों और खलिहानों के अलग आवासीय इलाकों में लगने वाली आग की वजह एलपीजी सिलेंडर के इस्तेमाल में बरती गई लापरवाही है। अग्निशमन विभाग की तरफ से अब घर - घर जाकर महिलाओं को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले शहर के उन इलाकों को चुना गया है जहां घनी आवासीय बस्तियां हैं क्योंकि इन इलाकों में आग लगने की घटनाएं अधिक होती हैं। शहर के बाद छोटे कस्बों में भी यह अभियान चलाया जाएगा।

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। गर्मी के दिनों में आमतौर पर आग लगने की घटनाएं सर्वाधिक होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक ये घटनाएं होती हैं जिसमें किसान की फसल से लेकर आम आदमी की आवासीय बस्ती प्रभावित होती है। योगी सरकार के निर्देश पर इसे कम करने कर लिए लेकर अग्निशमन विभाग और जनता के बीच एक सेतु का कार्य कर रहे हैं।अग्निशमन विभाग ने प्रयागराज जिले 23 विकास खंडों में अग्नि सुरक्षा मित्र तैनात किए हैं। प्रयागराज के जिला अग्निशमन अधिकारी आर के पांडेय बताते हैं कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के सभी 23 विकास खंड में अग्नि सुरक्षा मित्र बनाए गए हैं। हर विकास खंड में सौ अग्नि सुरक्षा मित्र बनाए गए हैं जो अब ग्रामीण क्षेत्रों में आग की घटनाओं को नियंत्रित करने में अग्निशमन विभाग की मदद कर रहे हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रत्येक ब्लॉक में 100 अग्नि सुरक्षा मित्रों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जो अग्निशमन विभाग के नियमित संपर्क में रहते हैं और आग लगने की स्थिति में उन्हें सटीक स्थान पर पहुंचने में मदद करते हैं। इन अग्नि सुरक्षा मित्रों को आग लगने की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया करनी है, इस बारे में तीन दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्हें आग पर काबू पाने और अग्निशमन दल के मौके पर पहुंचने तक बचाव अभियान शुरू करने का प्रशिक्षण दिया गया है। योगी सरकार की पहल पर बनाए गए इन अग्नि सुरक्षा मित्रों की तैनाती के बाद जनपद में धीरे धीरे अग्निकांडों की संख्या में कमी आई है। सीएफओ प्रयागराज आर के पांडेय बताते हैं कि इस साल जनवरी से अब तक कुल 1130 अग्निकांड दर्ज हुए हैं जिसमे सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े हैं। जिले में अप्रैल के महीने में 531अग्निकांड हुए जबकि अग्नि सुरक्षा मित्र का मई में गठन किए जाने के बाद अगले महीने की इनकी संख्या घटकर 376 हो गई है। उनका कहना है कि अग्निशमन अधिकारियों को जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आग के हॉटस्पॉट और संवेदनशील स्थानों और इमारतों की पहचान करने के लिए भी कहा गया। विभाग ने 10 टीमें भी बनाई हैं जो इमारतों, मॉल, गेस्ट हाउस, अस्पतालों आदि का अग्नि सुरक्षा ऑडिट कर रही हैं। अगर इमारतों में अग्नि सुरक्षा उपायों की कमी पाई जाती है तो मालिकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अधिकारी स्कूलों, व्यावसायिक इमारतों और अस्पतालों का दौरा कर रहे हैं और कर्मचारियों को किसी भी आपात स्थिति में प्रतिक्रिया करने और अग्नि सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने के तरीके के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

बहराइच। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को ''ओ'' लेवल, सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से 21 जून 2024 तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित है। उन्होंने बताया कि ऐसे पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों के अभिभावक जिनकी वार्षिक आय रूपये एक लाख से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से कम न हो, आवेदक किसी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहा हो। ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवक, युवतियां वेबसाइट बैकवर्ल्डवेलफेयर यूपी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक ओबीसीकम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपी एसडीसी डाट जीओवी डान इन पर निर्धारित तिथि 08 जून से 21 जून 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त संलग्नों सहित विकास भवन स्थिति जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कार्यालय, बहराइच में 21 जून 2024 तक कार्यालय अवधि में अवश्य जमा करा दे।

भाजपा प्रत्याशी को नहीं जिता पाए,भाजपा विधायक

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। चर्चा है कि चुनावों के दौरान ओवर कांफिडेंस सांसद मेनका गांधी थीं। उनके द्वारा की गई दो सौ नुक्कड़ व जनसभाएं भी कम नही आई। पीएम मोदी व जेपी नड्डा को आरएसएस के बिना बहुमत वाली सरकार बनाने की राग अलाप रहे थे,तो भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने भी खाटी जमीनी नेता के बजाय हालिया नेताओं व ठेकेदारों पर भरोसा जताया था। यदि ऐसा नहीं था तो क्यों नहीं प्रचार में सीताराम वर्मा दिखे। देव मणि दुबे, जय नारायण तिवारी समेत कई खाटी भाजपाई भी चुनाव प्रचार के लिए पूछे ही नही गए। दल बदलू मेनका गांधी के खेवनहार बने थे। खाटी नेताओं पर व्यक्तिगत तौर पर मेनका गांधी टिप्पणी करती थीं। मीडिया कवरेज में पब्लिक ओपिनियन को मेनका जी निगेटिव खबरे बताती थीं। भाजपा विधायकों के क्षेत्र में बुरी तरह मेनका गांधी हार गई। इसौली में 18हजार,सुल्तानपुर में16हजार,सदर में 12सौ ,लंभुआ में12हजार वोट कम मिले,केवल कादीपुर में5हजार वोट से जीत हुई थी। इसके पीछे, एमएलए राजेश गौतम,बंटी सिंह,मोहित सिंह की मेहनत थी। मतदान के कुछ दिन पहले जारी पोस्टर (पीआरओ,पांडेय श्री समेत ठेकेदारों) के लोगो से दूरी बनाते हुए वोटरों को विश्वास में लिया होता तो न ये नतीजे न आते। खैर जिले के भाजपाइयों की आगामी लोक सभा (2029) में प्रत्याशी बनने की राह आसान हो गई है। यदि गलत है तो उनके विधान सभा क्षेत्रों में वोट क्यों नहीं मिला। मतदान के एक दिन पहले वरुण गांधी चुनावी कैंपेन में न आते तो वोटों का अंतर लाखो वोट से रहता। इज्जत गंवाने से अच्छा था,जब टिकट के लिए ही मारामारी थी तो वरुण को टिकट दिला खुद को सन्यास ले लेना चाहिए था।

ऐसे में वरुण गांधी व मेनका गांधी को यकीन था कि यहां से जीत तो होगी। उन्हे यह यकीन था कि पीलीभीत से जितिन प्रसाद चुनाव हार जायेंगे।

सुहैब ने सुभाषचंद्र बोस क्लब को जिताया

प्रयागराज। सुहैब खान के हरफनमौला खेल (55 रन एवं दो विकेट) से नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब ने वाईएमसीए स्कूल को 92 रन से हराकर रेलगांव ट्रॉफी अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। रेलगांव सूबेदारगंज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब ने 35 ओवर में 9 विकेट पर 172 रन (सुहैब खान 55, मोहम्मद अंसी 22, आद्या सिंह 20, शौर्य सिंह 2/18, लक्ष्य यादव 2/23) बनाकर वाईएमसीए स्कूल को 26.4 ओवर में 80 रन (लक्ष्य यादव 18, शौर्य सिंह 14, सागर यादव 3/08, विनीत राठौर 3/09, सुहैब खान 2/17) पर समेट दिया।

टॉपर बिटिया के लिये अखिलेश ने भिजवाया लैपटॉप और 21000 रुपए

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के कुड़वार के देवलपुर में रहने वाली अंशिका यादव ने इंटरमीडिएट की परीक्षा 94 प्रतिशत लाकर अमेठी जनपद में टॉप किया था, बिटिया जिले में प्रथम स्थान लाई थी। पिछले महीने अंशिका यादव के पिता का आकस्मिक निधन हो गया था, जिसकी सूचना इसौली विधायक ताहिर खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी। अखिलेश यादव ने बिटिया की आगे की पढ़ाई के लिए 21000 रुपए व एक लैपटॉप भिजवाया। विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव लैपटॉप लेकर बिटिया के घर पहुंचे। लैपटॉप पाकर बिटिया का चेहरा खिल गया। उसने अखिलेश यादव को धन्यवाद दिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष सज्जाद अहमद, जिला सचिव सुरेश यादव, ज़िला पंचायत सदस्य रामा शंकर यादव, केशव राम यादव, रियाज अहमद, सफीर अहमद, राम जी यादव मोहम्मद आबिद अली जंगी, अयूब खान, रामचंद्र यादव प्रधान देवलपुर आदि लोग मौजूद रहे।

संरक्षा जागरूकता के लिए मोबाइल वीडियो वैन को महाप्रबंधक ने किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस के मौके पर महाप्रबंधक उमरे रविन्द्र गोयल ने प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी व अन्य विभागाध्यक्षों के साथ समपारों के बारे में संरक्षा जागरूकता प्रसारित करने के लिए मोबाइल वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर मुख्यालय से रवाना किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि मोबाइल वीडियो वैन के माध्यम से सड़क उपयोगकर्ताओं को लेवल क्रॉसिंगों की महत्ता एवं सुरक्षा सावधानियों के बारे में जागरूक किया जायेगा। कहा कि बंद रेल फाटकों को पार करते समय सभी को सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि एक छोटी सी चूक कभी-कभी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। अगले 45 दिनों के दौरान यह मोबाइल वैन सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार संबंधी सुरक्षा सावधानियों के बारे में शिक्षित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर करेगी। टीवी और ऑडियो विजुअल सिस्टम वाली यह मोबाइल वैन स्कूलों, लेवल क्रॉसिंगों, गांवों, पंचायतों, तहसीलों, आसपास के बाजारों आदि को कवर करेगी। वैन में जागरूकता प्रसारण के लिए कई लघु फिल्में बनाई गई हैं जिनमें श्लेवल क्रॉसिंगों को सावधानी से कैसे पास करेंश् श्ट्रैक पर मवेशियों को ना ले जानेश, श्ट्रेन की छत और फुट बोर्ड पर यात्रा ना करें', श्यात्रा के दौरान कभी भी अजनबी से खाने-पीने की चीजें स्वीकार नहीं करनाश, श्ट्रेन में ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जानाश् आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया है। वैन की पूरी यात्रा के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के सेफ्टी काउंसलर साथ रहेंगे। विषय की बेहतर समझ प्रसारित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच पैम्फलेट पोस्टर और स्टिकर वितरित करेंगे। उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारी एवं संरक्षा कर्मी स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम पंचायतों का भी दौरा कर रहे हैं। सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, एसएमएस, रेडियो, टेलीविजन आदि के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा रेल कर्मियों में संरक्षा की आदत डालने के लिए पूरे जोन के स्टेशनों, प्रशिक्षण केंद्रों पर संरक्षा सेमिनार भी आयोजित किए जा रहे हैं।

गोली से घायल पूर्व प्रधान ने इलाज के दरम्यान तोड़ा दम, मचा कोहराम

जौनपुर। जिले के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर गांव में बच्चों के विवाद में हुई गोलीबारी के वारदात में घायल पूर्व प्रधान की वाराणसी में इलाज के दरम्यान मौत हो गयी। यह खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलास में जुट गयी है। चार जून की शाम को सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर गांव में बच्चों के विवाद में पूर्व प्रधान मुकेश तिवारी का उनके पड़ोसी दीपक तिवारी, पंकज तिवारी के बीच विवाद हो गया था। लोगो ने बीच बचाव करके मामले को शांत करा दिया। इसी रंजीश में पांच जून की शाम मुकेश तिवारी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। उन्हे जौनपुर जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर हालत नाजुक होने के कारण वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दरम्यान उनकी मौत हो गयी।

रामा कॉन्टिनेंटल ने जीता उद्घाटन मुकाबला

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने भानु प्रताप सिंह क्लब को पांच विकेट से हराकर 16वीं न्याज़ हसन टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया।

खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर गुरुवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले मैच में टॉस हारकर भानु प्रताप सिंह क्लब ने 18 ओवर में 87 रन (शुभम गुप्ता 22, करम पाल 14, अभिषेक पाण्डेय 3/08, प्रथम मिश्र 2/14, राहुल राजपाल 1/03) बनाये। जवाब में होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने 13.5 ओवर में 5 विकेट पर 90 रन (राहुल राजपाल 29, युवराज सिंह 2/12) बना लिए। मैच में ताहिर अब्बास व शिशिर मेहरोत्रा ने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद राईन ने स्कोरिंग की।

इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व रणजी क्रिकेटर मोहम्मद तारिफ और विशिष्ट अतिथि खेलगांव पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. यूके मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। डॉ. मिश्र ने मुख्य अतिथि को इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से बुके भी भेंट किया। इस मौके पर खेलगांव पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स कोआर्डिनेटर मनीष सिंह, सोमेश्वर पाण्डेय, विवेक सिंह, उदय प्रताप सिंह, धीरज अवस्थी आदि मौजूद रहे।

भगवान जगन्नाथ की कृपा से मोदी सरकार की विजय रथ को मिली गतिः भाजपा

अवधनामा संवाददाता

उड़ीसा में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने भगवान जगन्नाथ जी की किया पूजा अर्चन और आरती

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी मुट्ठीगंज मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा भगवान जगन्नाथ धाम प्रयागेश्वर मंदिर काशीराज में भगवान जगन्नाथ जी के धाम उड़ीसा में भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा एवं विधानसभा में प्रचंड जीत को लेकर भाजपाइयों ने भगवान जगन्नाथ जी की पूजा-अर्चन और आरती की।

इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी की कृपा से उड़ीसा प्रांत में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ पहली बार सरकार बनाने जा रही है। लोकसभा के चुनाव में उड़ीसा के 21 सीटों में भगवान जगन्नाथ जी की कृपा से और उड़ीसा की जनता जनार्दन के आशीर्वाद से 20 सीट प्राप्त हुए जिसके कारण मोदी सरकार के विजयरथ को विकसित भारत के निर्माण के लिए गति प्राप्त हुई है।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल एवं भाजपा नेता विजय वैश्य ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है भारतीय जनता पार्टी की नवनिर्वाचित उड़ीसा की सरकार और केंद्र की तीसरी बार बनने वाली मोदी सरकार उड़ीसा को समृद्धशाली बनाएगी और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पूरा करेगी।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उड़ीसा की जीत पर और केंद्र में बनने जा रही तीसरी बार मोदी सरकार को लेकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी। बधाई देने वालों में जिला उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल,भाजपा नेता पूर्व पार्षद विजय वैश्य, किशन चंद्र जायसवाल, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, नीरज केसरवानी, राजेश शर्मा, मधुर माथुर, मुकेश जायसवाल, पद्माकर श्रीवास्तव, एवं अन्य कार्यकर्ता रहे

निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की तिथियों में हुआ संशोधन

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जून 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 08 से 25 जून 2024 तक किया जायेगा। वितरण अवधि मे प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 जून 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। इसके अलावा अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति किलो 18 रूपये की दर से प्रति राशनकार्ड 03 कि.ग्रा. चीनी का वितरण भी किया जायेगा।

हार पर भाजपा नेता श्याम दत्त ने नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर(मछलीशहर)। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद अब हार–जीत पर मंथन शुरू हो गया है। क्षेत्रीय लोग चाय व पान की दुकान पर अब चर्चा कर रहे हैं कि आखिर मछलीशहर सीट पर भाजपा क्यों हारी? इसी बीच भारतीय जनता पार्टी मछलीशहर के जिला मंत्री श्याम दत्त दुबे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम 17 अप्रैल 2024 को लिखा पत्र वायरल हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम लिखे पत्र में कहा कि ÷आपने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है जिसको पूरा करने के लिए आप दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं। आपके परिश्रम को देखकर भारत कह रहा है अबकी बार 400 पार। एक बार फिर मोदी सरकार लेकिन आपके साथ केन्द्रीय चुनाव समिति में बैठने वाले कुछ लोग 400 पार के लिए घातक हैं, क्योंकि ये हारने वाले प्रत्याशी का चयन कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर मछलीशहर–74 लोकसभा के सांसद बीपी सरोज का कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय लोग विरोध कर रही हैं। सर्वे में दो वर्षों से उनका विरोध दर्ज है। सबसे कम 181 वोट से जीतने वाले को पुनः प्रत्याशी बना दिया गया है। इस प्रकार काशी प्रान्त की 6 सीट सहित उत्तर प्रदेश में कुल 20 सीट पर भाजपा हार चुकी है। ऐसे प्रत्याशी चयन करने वालों को चिन्हित करने की जरूरत है। भाजपा नेता श्याम दत्त दुबे ने अपनी पार्टी के हार कारण बताते हुये कहा कि वर्तमान सरकार में मौजूद नेता पार्टी के चन्द लोगों से बात करके सरकारी अधिकारियों की तरह चले जाते थे। इसकी नाराजगी पार्टी के अंदर और बाहर बढ़ गयी थी। भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री से लेकर अन्य नेता आम लोगों से कटे रहते हैं। वे बैक्रेंट हॉल एवं होटलों में बैठक करके चले जाते थे। आम लोगों से सम्पर्क में रहते तो पता चलता कि पार्टी के कार्यकर्ता दुखी हैं। भाजपा के लोग जमीन से जुड़कर काम करते थे। सरकार बनने के बाद धीरे-धीरे जमीन खत्म होने लगी।

संक्षिप्त समाचार

पुलिस ने बलात्कार के 3 वांछितों को किया गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध व अपराधियों एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्थानीय कोतवाली पुलिस चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन कर रही थी। इसी दौरान धारा 376ष्ठ/506 भादंवि व 3(2)ङ्क एससी/एसटी एक्ट थाना शाहगंज से सम्बन्धित वांछित सूरज गौंड पुत्र राजेन्द्र गौंड, रोहित उर्फ राहुल बिन्द पुत्र रामबचन एवं सत्येन्द्र यादव पुत्र सेवा लाल यादव निवासीगण ग्राम सुरिस थाना शाहगंज को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये चालान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 मनोज ठाकुर के अलावा उ0नि0 राजकुमार वर्मा, उ0नि0 मदन शर्मा, उ0नि0 अशोक वर्मा एवं का0 प्रभाकर यादव शामिल रहे।

महिला संगठन की पदाधिकारियों ने किया पौधारोपण

प्रयागराज। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में उमरे महिला कल्याण संगठन मुख्यालय प्रयागराज, की ओर से अध्यक्षा शिखा गोयल द्वारा अन्य पदाधिकारियों के साथ रेलगांव कालोनी सूबेदारगंज के पार्क में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान अध्यक्षा ने संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया कि किये गये वृक्षारोपण का देखभाल अवश्य करें। कार्यक्रम में सचिव ऋचा वर्मा, सुप्रिया सिन्हा, माधुरी सिंह, राखी जैन, चारू गुप्ता, रेणु, अलका गर्ग, रजनी चन्द्रायन, संगीता द्विवेदी, नीलिमा सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

717 यात्रियों को प्रभारित कर वसूला 4,62,540 रुपये जुर्माना

प्रयागराज। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में सहायक वाणिज्य प्रबन्धक संजय गौतम और मण्डल टिकट निरीक्षक रेड दिवाकर शुक्ला ने वाणिज्य विभाग की टीम एवं रेलवे सुरक्षा बल व राजकीय रेलवे पुलिस के साथ प्रयागराज जंक्शन और यहां से गुजरने वाली 15 गाड़ियों की चेकिंग की गई। इस दौरान 39 वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों ने 13 सुरक्षा बल कर्मचारियों के साथ मिलकर जांच की, जिसके तहत कुल 717 यात्रियों को प्रभारित कर 4,62,540 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इनमें से 268 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा में 2,42,530 रूपए, 443 यात्रियों को अनियमित यात्रा में 2,19,410 रूपए, गंदगी फैलाने वाले एक यात्रियों को प्रभारित कर 500 रूपए एवं धूम्रपान करने वाले एक यात्रियों को प्रभारित कर 100 जुर्माना वसूला।

नीट परीक्षा में अस्तित्व सिंह ने जनपद का नाम रोशन किया

आजमगढ़। अस्तित्व सिंह ने नीट में 720 में 683 अंक लाकर जिले में अपना और अपने परिवार का नाम रोशन किया। विदित हो कि अस्तित्व सिंह ने हाई स्कूल सेंट जेवियर स्कूल एलवल से पास किया उसके बाद मेडिकल की तैयारी करने के लिए वह दिल्ली चले गए। वहां उन्होंने आकाश कोचिंग की थी और इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की और नीट की परीक्षा में 720 में 683 अंक प्राप्त किया।

नहर में मिला नर कंकाल पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र क्षेत्र के फत्तनपुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई। जब लोगों ने गांव के समीप से गुजरी सूखी नहर में एक नर कंकाल देखा। जानकारी होते ही मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फत्तनपुर गांव के पास से एक नहर गुजरी है। इस नहर के पानी से किसान अपने खेतों की सिंचाई करते हैं। वर्तमान में नहर में पानी नहीं है। गुरुवार की दोपहर तीन बजे गांव का कोई व्यक्ति नहर के पास से होकर गुजर रहा था। तभी उसकी नजर एक नर कंकाल पर पड़ी। उसने गांव के अन्य लोगों को यह बात बताई। फिर क्या था देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। तभी किसी ने फोन से इसकी जानकारी पवई पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पवई थानाध्यक्ष हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नर कंकाल को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच पड़ताल में जुट गए। नर कंकाल के पास खोपड़ी, टूटी हड्डियों के अलावा नीले रंग का लोअर व नीले रंग का ही कच्छा पड़ा था। नर कंकाल देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह काफी पुराना था। थानाध्यक्ष पवई अनिल सिंह ने बताया कि नर कंकाल का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नर कंकाल की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन द्वारा निशुल्क पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया

आजमगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर सुदीक्षा नई राह फाउन्डेशन धरती मां को हराभरा रखने की जिम्मेदारी ऊठाई और विगत 5 वर्षो की भांति इस बार भी बच्चो के साथ पौधा रोपण व निशुल्क पौधा वितरण करके समाज मे पौधारोपण के लिए जागरुकता फैलाने का कार्य कर रही है सस्थां की सचिव साक्षी पाण्डेय ने कहा की वृक्षारोपण हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है और इस कार्य के द्वारा ही हम अपने पर्यावरण को बचा सकते है और पृथ्वी के बढते तापमान को भी कम कर सकते है और संस्था के सदस्यों ने आम जनमानस से अपील की प्रत्येक नागरिक वृक्ष लगाए और उसकी देख रेख करके अपने शहर को हरा भरा बनाए । कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्य हर्ष जयसवाल,शेषन, रितिका निलेश स्मिता उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की कि वह भी ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाए और हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं। बच्चों ने अपने नारे के द्वारा लोगों से अपील की स्वच्छता को अपनाना है प्लास्टिक बंद करवाना है।

बदलते मौसम को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़े

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। अतरौलिया बदलते मौसम को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, भीषण गर्मी में बढ़ गए हीट स्ट्रोक के मरीज 20 मरीज रोजाना पहुंच रहे अस्पताल। चिकित्सक दोपहर में घर से बाहर कम निकलने की दे रहे सलाह। बता दे कि इन दिनों जिले में तापमान 45 के पार पहुंच गया है जिसकी वजह से सरकारी और निजी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ गई। डायरिया भी छोटे-बड़ों को चपेट में ले रहा है। शौ शैय्या अस्पताल में गर्मी से हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले रोजाना करीब 20 से 25 मरीज पहुंच रहे,जिनका एक स्पेसल वार्ड में इलाज चल रहा है।वार्ड में एसी कूलर की ब्यवस्था भी की गई है वही मरीजों व उनके परिजनों के लिए सीतल जल की भी ब्यवस्था कर दी गयी है। चिकित्सक दोपहर में घर से बाहर कम निकलने की सलाह दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी है। ऐसे में लोगों की सेहत बिगड़ रही है। हीट स्ट्रोक से लेकर डायरिया के मरीजों की अस्पतालों में एकाएक संख्या बढ़ गई है। शौ शैय्या अस्पताल में जनरल ओपीडी में 600 से 650 मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं। इनमें हीट स्ट्रोक और डायरिया के मरीज भी शामिल है। सीएमएस डॉ. एस के ध्रुव के मुताबिक दिन की तेज गर्मी और शाम को उमस बढ़ने से हीट स्ट्रोक के लक्षण मरीजों में मिल रहे हैं। सामान्य अवस्था में शरीर का तापमान अधिकतम 38 डिग्री सेल्सियस तक होता है। इससे ज्यादा तापमान होने पर शारीरिक गतिविधियां प्रभावित होने लगती हैं। सामान्य प्रभाव होने से इसका पता नहीं चलता। मगर तापमान जब 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज होने लगे और गर्म हवाओं से जूझना पड़े तो हीट स्ट्रोक की आशंका रहती है। अस्पताल में तेज बुखार के साथ पहुंच रहे मरीजों में डिहाइड्रेशन के लक्षण मिल रहे हैं, जो हीट स्ट्रोक के प्राथमिक लक्षण हैं। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए लोगों को अत्यधिक पानी पीने की सलाह दी जाती है, साथ ही साथ मोटे सूती व फूल बाजू के कपड़े, धूपी चश्मा लगाकर ही बाहर निकालने की सलाह दी जाती है। कोई भी दिक्कत महसूस हो तो डॉक्टर की सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

'कृष्णा' को श्रीकृष्ण की नगरी में मिला जीवनदान

- इटावा, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, जयपुर व दिल्ली जैसे शहरों से हारी, कृष्णा ने कराया केएम हॉस्पिटल में कराया इलाज
- कूल्हा टूटा, अनुवांशिक गठिया, बेचेट डिसीज व हाईपरसेक्टिवी सिंड्रामें से पीड़ित थी कृष्णा, भगवान साबित हुए

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। ''डाक्टर भगवान होते है'' यह कहावत को चरित्रार्थ किया है केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के हड्डी रोग के डाक्टरों ने। ज्ञात है कि इटावा निवासी कृष्णा जो अपने कूल्हे की परेशानी व अन्य गंभीर शारीरिक रोगों से जीवन से हताश व निराश हो गई थी। केएम हॉस्पिटल द्वारा सफल इलाज करने के बाद वह अत्यंत खुश है व डा. हर्षित जैन व उनकी टीम को भगवान रूप बता रही है। गोल्ड मेडलिस्ट डा. हर्षित जैन ने बताया कि कृष्णा महिला मरीज का दो साल पहले चोट लगने से कूल्हा खराब हो गया था। डाक्टरों ने कूल्हे का ऑपरेशन करने को बताया था, किन्तु मरीज अनुवांशिक गठिया, बेचेट डिसीज व हाईपरसेक्टिवी सिंड्रामे से पीड़ित थी। इसके चलते उन्हें काफी दवाईयों से रिएक्शन हो जाता था। यहां तक की नार्मल सलाइन से भी सेस्टिविटी थी। यहीं नहीं इनको खून की कमी, फेफड़ा खराब व हाथ पैर में टेड़ापन भी था। इन सब परेशानी के चलते इटावा, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, जयपुर व दिल्ली के किसी भी डाक्टर या अस्पताल इनका इलाज करने में असमर्थ दिखा। डा. हर्षित जैन ने बताया कि कृष्णा का इलाज करना बहुत ही चुनौतीपूर्ण था, एक तरफ जहां हमें कूल्हा प्रत्यारोपण जैसा जटिल सर्जरी 20-25 मिनट में खत्म करनी थी, वहीं यह भी सुनिश्चित करना था कि मरीज का ज्यादा खून न बहे व किसी प्रकार की सेस्टिविटी रिएक्शन न हो। ऐसे में आर्थोपेडिक के वरिष्ठ चिकित्सक हर्षित जैन के अलावा डा. आनंद गुप्ता, डा. हरि, डा. पंकज व डा. शिवम, मेडिकल टीम से डा. अतुल व डा. गौरव एवं एनेस्थिया से डा. अरूणा, डा. आशीष डा. अचल, डा. रूधिरा, के सहयोग से रिकार्ड समय में बिना किसी काम्पलीकेशन (जोखिम उठाये) के जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता ने बताया कि मरीज ऑपरेशन के उपरांत सही तरह से चल रहा है व अपनी दैनिक क्रियाएं कर रहा है। उन्होंने बताया कि कृष्णा जैसे मरीज बहुत ही दुर्लभ होते हैं और उनका सफल ऑपरेशन होना केएम हॉस्पिटल व ब्रज क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता ने बताया कि कि केएम हॉस्पिटल में सभी विभाग में विश्वस्तरीय डाक्टर्स व सुविधा उपलब्ध है। जिसके चलते ऐसे चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन सफल हो पा रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने श्रीकृष्ण की नगरी में कृष्णा के सफल ऑपरेशन पर हड्डी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. हर्षित जैन व उनकी टीम का साधुवाद किया है व आग्रह किया कि न केवल ब्रज से ही नहीं अपितु आसपास के जिलों से भी यहां मरीज आये है, जिन्होंने अपना सभी तरह का ऑपरेशन विश्वस्तरीय सुविधा से कुशल डाक्टरों से इलाज कराया है।

मथुरा में नहीं थम रहा ओवरलोडिंग का मामला

मथुरा। कोसी कलां थाने में नगर के मध्य से गुजर रहे ओवरलोड वाहनों पर रोक की मांग को लेकर हुए हंगामे के बाद आरटीओ, खनन विभाग ने पुलिस ने साथ मिलकर अभियान चलाया। इस दौरान 7 ओवरलोड वाहनों समेत 13 के चालान किए गए।ओवरलोड ट्रक, डंपर नगरवासियों के लिए समस्या बने हैं। इसके चलते मंगलवार रात में शेरगढ़ तिराहे पर करीब 9 बजे ओवरलोड वाहनों की लंबी लाइन लग गई। देखते ही देखते वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। भीड़ ने सभी ओवरलोड वाहनों को रोक दिया। जिससे जाम के हालत बन गए। पुलिस पहुंच गई। एकत्रित लोगों ने पुलिस कर्मियों से वाहनों का चालान करते हुए रोक लगाने की मांग की। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया, जब जाकर वाहन गंतव्य को प्रस्थान कर सके। हंगामा होते देख पुलिस ने आरटीओ और खनन विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर बुला लिया।

मेडिकल बस कैंप के अंतिम दिन हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

- शिविर के अंतिम दिन चिकित्सकों को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

इटावा। लोटस टी एम टी मेडिकल बस कैंप में अंतिम दिन शहर के एसडी कॉलेज में लगाकर रोगियों का कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क इलाज किया गया। निःशुल्क चिकित्सा मेडिकल बस कैंप समाजसेवी रामशरण गुप्ता के प्रयास से शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाया जा रहा था। समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने बताया कि लोटस टीएमटी मेडिकल बस कैंप शहर में एक महीने से लगाया जा रहा था जिसमें बृहस्पतिवार को अंतिम दिन चिकित्सीय संसाधनों के साथ मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने मेडिकल बस कैंप में कोलकाता से आए हुए चिकित्सको को प्रतीक चिह्न व पटका पहनाकर सम्मानित किया। रोगियों की निशुल्क जांच के साथ दवा वितरित की गई, कोलकाता से आए हुए चिकित्सा टीम में डॉ.शफीकुल इस्लाम नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ शाहवनराय डेंटिस्ट, डॉ.हार्दिक गिलानी फिजिशियन ने मरीजों का सफल परीक्षण किया और परामर्श दिया। बुजुर्गों, दिव्यांगो के लिए निशुल्क लाने लेजाने के लिए व्यवस्था की गई। इस अवसर पर चंदन पोरवाल, अमन गौरव पोरवाल, राहुल गुप्ता, जगत सिंह व फरहान मौजूद रहे।

यूपीएससी/नीट/जेईई की निःशुल्क कोचिंग के लिए अभ्यर्थी 6 जून से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रिया शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनानर्तगत जनपद इटावा में पुलिस मॉर्डन स्कूल(पुलिस लाइन)इटावा एवं चौ0चरण सिंह पी0जी0कॉलेज हैवरा, इटावा में दिनांक-01.07.2024 से यूपीएससी/नीट/जेईई की निःशुल्क कोचिंग संचालित होनी है। इच्छुक अभ्यर्थी यूपीएससी/नीट/जेईई की निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी इटावा अथवा पुलिस मॉर्डन स्कूल (पुलिस लाइन) इटावा एवं चौ0 चरण सिंह पीजी कॉलेज हैंवरा इटावा से दिनांक-06.06.2024 से प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि-20.06.2024 की सांय 5:00 बजे तक है। प्रवेश हेतु पात्रता नीट जेईई हेतु कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत् अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र एवं सिविल सेवा, पीसीएस परीक्षा हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र अर्ह होंगे। किसी भी जानकारी हेतु मो0-7017544033, 9557365885 (हैवरा), 9058426017, पर संपर्क कर सकते हैं।

निर्माणाधीन मकान से गिर कर मालिक की मौत

मथुरा। थाना फरह के नगला चंद्रभान में मकान का निर्माण कराने के दौरान पैर फिसलने के कारण छत से टैंक में गिर कर मालिक की मौत हो गई। गांव सोन थाना मगोर्रा निवासी प्रेम (56) नगला चंद्रभान (फरह) में एक प्लाट खरीद कर उसका निर्माण करा रहे थे। बताया गया कि गुरूवार की दोपहर मजदूर काम कर रहे थे। दोपहर एक बजे मजदूर खाना खाने के लिए चले गए। बताया गया कि प्रेम पहली मंजिर पर तराई कर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और नीचे बने टैंक में सिर के बल जा गिरे। दुर्घटना के समय वहां किसी के न होने के कारण वह काफी देर टैंक में पड़े रहे। खाना खाने के बाद जब मजदूर काम पर आए तो उन्होंने प्रेम को वहां गिरे देखा।

किचन गार्डन में उगाई गई सब्जियों

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हरदोई के तत्वाधान में पर्यावरण दिवस के संदर्भ में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत आज स्कूल एवम घर में किचन गार्डन के निर्माण उसके रखरखाव एवम उपयोगिता को इंगित करने के लिए विद्यार्थियों, अभिवावकों एवम शिक्षकों ने इससे संबंधित क्रियाकलापों में सक्रियता से भाग लिया तथा पुदीना, धनिया, अमरूद, तुलसी, आम, बैगन , लौकी आदि के पेड़ो को रोपित किया एवम उनकी सही तरीके से देख ङ्क भाल के बारे में चर्चा की।

कार्यक्रम के प्रभारी श्री योगेश्वर सिंह ने कहा की हम सभी अपने घर में किचन गार्डन में सब्जियों को उगाकार बिना खाद की सब्जियों को प्राप्त कर सकते हैं जिनका कोई भी नुकसान नहीं है इन किचन गार्डन में हम अपने घर में बनाई गई हर्बल खाद का उपयोग कर सकते हैं जिससे एक तरफ अपशिष्ट का प्रबंध होगा वहीं दूसरी तरफ किचन गार्डन में उगाई गई सब्जियों को पोषण भी मिलेगा।

प्राचार्य मोहम्मद राशिद ने बताया कि विद्यालय में एक निश्चित स्थान पर किचन गार्डन की स्थापना की गई है और वहां पर सब्जियों को उगाया जा रहा है उन्होंने अभिभावक , छात्रों एवं शिक्षकों से भी अनुरोध किया कि वह भी अपने घर में उपस्थित टेरिस अथवा जमीन में किचन गार्डन की स्थापना करें तथा आवश्यक सब्जियां एवं साग भाजी को घर में ही उगाना शुरू करें।

संक्षिप्त समाचार

डीएम ने की स्वयं सहायता समूह के गठन के सम्बन्ध में बैठक

हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला व ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई की टीमों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों का गठन सुनिश्चित किया जाये। लक्ष्य के अनुरूप समूह गठन की ख़राब स्थिति को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि समूह गठन के लिए अभियान चलाया जाये। ख़राब प्रदर्शन करने वाले बीएमएम की जवाबदेही निर्धारित की जाये। ब्लॉक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा समूह गठन की नियमित समीक्षा की जाये। समन्वय के स्तर को बेहतर बनाया जाये। गठित स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, उपायुक्त मनरेगा रवि प्रकाश व सम्बंधित डीएमएम व बीएमएम आदि उपस्थित रहे।

जनता ने भाजपा को नकार दिया: डिम्पल

- नवनिर्वाचित सांसद पहले पहुंची राधाजी की शरण, बाद में बांके बिहारी की पूजा की

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। सपा की नवनिर्वाचित सांसद डिंपल यादव बुधवार की देर सायं आठ बेज सबसे पहले बरसाना में श्री राधारानी के दर्शनों के लिए पहुंची। यहां के बाद वे अपनी पुत्री के साथ वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की।

लोकसभा चुनावों में यूपी में सपा बड़ी पार्टी के रूप में उभरने पर पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी व लोकसभा सांसद डिम्पल यादव देर रात्रि राधा रानी की शरण पहुंची। जहां उन्होंने राधा रानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

बुधवार की रात्रि आठ बजे यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की धर्म पत्नी सांसद डिम्पल यादव पुत्री के साथ हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में सपा की दमदार जीत व स्वयं की लोकसभा सदस्य बनने की खुशी में रात्रि आठ बजे बरसाना पहुंची जहां उन्होंने राधा रानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। दर्शनों के दौरान सेवायत मधुमंगल गोस्वामी, राहुल गोस्वामी ने सांसद का राधा रानी की चुनरी व प्रसादी भेंट कर स्वागत किया गया। डिम्पल यादव राजनीतिक सबलों से दूर रही और उन्होंने अपनी धार्मिक यात्रा बताते कहा कि काफी लंबे अरसे से राधा रानी के दर्शन करने की इच्छा थी।

बरसाना के श्री राधा रानी मंदिर के बाद ठाकुर श्री बांके बिहारी के दरबार में हाजिरी लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। सपा की सांसद डिंपल यादव अपनी छोटी बेटी टीना के साथ बुधवार की शाम वृंदावन के प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंची। शयन भोग आरती के समय पहुंची डिंपल यादव सुगंधित फूलों से सजे डोले में विराजे ठाकुर श्री बांके बिहारी के दर्शन कर अभिभूत नजर आई। मंदिर में करीब 20 मिनट तक सेवाधिकारी गोपी गोस्वामी और श्री नाथ गोस्वामी द्वारा पूजा अर्चना कराने के बाद उन्होंने इत्र सेवा की। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को जो सफलता मिली है। उसका आभार जताने वह ठाकुर जी की शरण में आई है। एक सवाल के ज़बाब में कहा कि इन चुनावों के परिणाम से साबित हो गया है कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मुद्दों और विकास की बात नहीं करके नकारात्मक सोच के साथ चुनाव लड़ा था। जिसे लोगों ने स्वीकार नहीं किया है।

डाइट पर धूमधाम से मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अनवरत जारी विभिन्न कार्यक्रमों की भांति विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने पौधे रोपित करके इस दिवसीय कार्यक्रम को भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट प्रवक्ता डाक्टर गौरव गुंजन द्वारा संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र बाबू को तुलसी जी का पौधा सौंपकर किया। इसी क्रम में प्रवक्ता शिखा शर्मा ने डीएलएड प्रशिक्षुओं स्वाति कुमारी, स्वाति गौतम, शिखा, सुप्रिया, पिंकी, प्रतिका, अंजली, शिवानी, मिनाक्षी, दीपक, धर्मेन्द्र, रोहित, डार्विन,रवि, अभिषेक, प्रदीप, संध्या, एवं जूही आदि से पर्यावरण दिवस के ऊपर पोस्टर प्रस्तुतिकरण कराया। डीएलएड प्रशिक्षु विष्णु व आकाश ने वरिष्ठ प्रवक्ता राघवेन्द्र सिंह,व प्रवक्ता नरेन्द्र सिंह एवं हरेश सिंह के साथ संस्थान में अमरूद का पौधा रोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया। पर्यावरण संरक्षण पर डीएलएड प्रशिक्षु विमलेश, दीक्षा एवं आकांक्षा ने कविता पाठ व योगिता, वेदप्रकाश ने भाषण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राघवेन्द्र सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोलते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का शरीर पांच तत्वों प्रथ्वी, आकाश, जल, अग्नि व वायु से मिलकर बना है। प्रकृति में इनका संतुलन ही पर्यावरण है। वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने के लिए व्रक्षारोपण का कार्य अवश्य करें। संस्थान के सभी प्रवक्ता हरेश सिंह, नरेंद्र सिंह, शिखा, विवेक, सहायक अध्यापक सुनील अवस्थी, सूर्यकांत, बाबू, बबलू, पूनम, राहुल, संध्या, अजयपाल,रवि, राजीव, सागर,व मोनू की उपस्थिति सहयोग पूर्ण रही।

प्रधानाचार्य एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने किया वृक्षारोपण

इटावा। यश इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने वृक्षारोपण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पर्यावरण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए तभी हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं और अपना जीवन सुरक्षित कर सकते हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक,शिक्षिकाओं ने यह शपथ ली कि हम सभी अपने जन्म दिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे और इसके लिए विद्यालय के बच्चों और आस-पास के लोगों को भी उत्साहित करेंगे।

पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : किशन चौधरी

मथुरा। पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और हमें अपनी आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की आवश्यकता है, यह बात विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने विवि के कैम्पस में वृक्षारोपण के दौरान कही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केएम विश्वविद्यालय के प्रांगण में विभिन्न छायादार वृक्षों जैसे पीपल, नीम, जामुन, पाखर, कांची के पौधे लगाकर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने वृक्षारोपण करके की। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं। छायादार पौधा पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं, जिससे पृथ्वी पर प्रदूषण मुक्त वातावरण बनता हैं। छायादार वृक्ष, हमें शुद्ध ऑक्सीजन, छाया और पशु पक्षियों को आश्रय प्रदान करते हैं। विवि के वाइस चांसलर डॉ डीडी गुप्ता ने कहा जिस तरह से हम बच्चों को पालते हैं उसी तरह हमें इन पौधों की देखभाल करनी

पूर्व में संचालित सभी कार्यों को एक सप्ताह में पूर्ण करें: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। गुरुवार को मुख्य अधिकारी मनीष मीना द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत समस्त कार्यों, प्रधानमन्त्री आवास एवं मुख्यमन्त्री आवास योजना, बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के कायाकल्प, आंगनबाडी के कायाकल्प, लर्निंग लैब, सर्वाधिक सैम बच्चों वाली 100 ग्राम पंचायतों एवं निरन्त सैम बच्चों, गौ आश्रय स्थलों के निर्माण एवं विस्तारिकरण, गौंवशों के गर्मी से बचाव के उपायों तथा गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा भण्डारण की समीक्षा की गयी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पूर्व में संचालित समस्त कार्यों को एक सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त खण्ड विकास अधिकारी गौ-आश्रय स्थलों में गौवंशों को गर्मी से बचाव तथा भूसा एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। साथ ही समस्त पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गौशालाओं में निरन्तर निरीक्षण करते हुऐ गौवंशों को उपचार देते हुऐ यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गौवंश उपचार से वंछित न रहे।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए एके उपाध्याय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी विपिन गर्ग, उपायुक्त श्रम रोजगार विकास, जिला पंचायतराज अधिकारी किरन चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धी मिश्रा, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पशु चिकित्साधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

रेलवे के अधिकारियों ने किया पौधारोपण

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। विश्व पर्यावरण दिवस पर रेलवे के अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर में पौधारोपण किया। स्टेशन अधीक्षक पूरनमल मीणा द्वारा कई पौधे लगाए गए। स्टेशन अधीक्षक ने बताया पर्यावरण को बचाने के लिए प्रति व्यक्ति को एक पौधा लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण दूषित होने से बचे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करने के साथ उसकी देखभाल करना भी जरूरी है। वृक्षारोपण के दौरान स्टेशन अधीक्षक पूरनमल मीणा, अमन दुबे, नरेश मीणा, शिव शंकर व कार्तिक मौजूद रहे।

अगर हम सच में कुछ लिखना चाहते हैं तो हमें सच्चाई अपने पास रखनी चाहिए: आरिफ नकवी

अवधनामा संवाददाता

- यदि उपन्यास और कल्पना वास्तविक हैं और हमारी जरूरतों को पूरा करते हैं, तो यह सच्ची कल्पना है: प्रो. कुद्दूस जावेद
- हमें प्रगतिवाद, आधुनिकता और उत्तर-आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य को भी समझना होगा: प्रो. सगीर अफ़ाहीम

मेरठ। उर्दू विभाग, सीसीएसयू के उर्दू विभाग और इंटरनेशनल यंग उर्दू स्कॉलर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अदबनुमा के तहत समसामयिक काल में कथा आलोचना विषय पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे जर्मनी के जाने-माने लेखक आरिफ नकवी ने कहा कि समाज में अनेक समस्याएँ हैं जिन्हें रचनाकार अपने लेखन के माध्यम से प्रस्तुत करता है। हमारा कथा साहित्य परिस्थितियों से प्रभावित होता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद आधुनिकतावाद, उत्तर आधुनिकतावाद आदि आये। इसलिए समाज में सभी को समानता और समान अधिकार मिलना चाहिए। यह देखना भी जरूरी है कि हमारा साहित्य सत्य प्रस्तुत कर रहा है या नहीं। कार्यक्रम की शुरुआत सईद अहमद सहारनपुरी ने पवित्र कुरान पढ़कर की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इरशाद स्यानवी एवं शोध छात्र शाहे ज़मन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शोध छात्रा इलमा नसीब ने किया। कार्यक्रम में कश्मीर से प्रो कुद्दूस जावेद और अलीगढ़ से प्रो. सगीर अफ़ाहीम और दिल्ली से आकाश वाणी समाचार वाचक अशिया मैमूना ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। जबकि शोध लेखिका के रूप में डॉ. फरहत खातून, मेरठ, मुफ्ती राहत अली सिद्दीकी, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने भाग लिया। इस मौके पर उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. असलम जमशेद पुरी ने कहा कि प्रो. कुद्दूस जावेद, इर्तजा करीम, सगीर अफ़ाहीम आदि के नेतृत्व में कई नये विद्वान कथा आलोचना को बेहतर ढंग से कर रहे हैं। नई पीढ़ी में हक्कानी अल-कासिमी एक ऐसा नाम है जिनकी किताबें अभी तक प्रकाशित नहीं हुई हैं, हालांकि उनकी रचनाएं नई शैलियों और नए आख्यानों के साथ प्रकाशित होती रहती हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो. सगीर अफ़्राहीम ने कहा कि आज यहां का हर महान कलाकार अपने अनुभवों और अवलोकनों से नए आलोचकों को नई राह दिखा रहा है. अनवर सज्जाद के उपन्यासों और उपन्यासों ने पाठकों को झकझोर दिया है। हमें प्रगतिवाद, आधुनिकता और उत्तर-आधुनिकता के कोणों को भी समझना होगा।

पड़ोसियों के विवाद में गोली लगने से अधेड़ घायल

वृंदावन (मथुरा)। गांव सुनरख में मामूली विवाद के चलते पड़ोसियों के विवाद में एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि समीपवर्ती गांव सुनरख में गुरुवार की सुबह करीब दस बजे राजेश गौतम पुत्र सिया राम का पड़ोस में रहने वाले संदीप गौतम पुत्र लखमी से विवाद हो गया था। इसमें संदीप ने राजेश को बंदूक से गोली मार दी। बताया जाता है कि गोली गर्दन के पिछले हिस्से में लगते ही राजेश जमीन पर गिर पड़ा। आनन फानन में परिजन उसे स्थानीय निजी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसको सौ शैय्या अस्पताल रैफर कर दिया गया है। घटना के पीछे बताया गया है कि कुछ यात्री ई रिक्शा से उनके घर के आगे से गुजर रहे थे, तभी संदीप से ई रिक्शा चालक की कहा सुनी हो गई। जब संदीप ने उसे मारने का प्रयास किया तो राजेश ने बीच बचाव करने की कोशिश की जिससे आक्रोशित होकर संदीप ने राजेश को गोली मार दी।

मौहर मे शार्ट सर्किट से आग लगने से गृहस्थी स्वाहा

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर/हमीरपुर। विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत मौहर मे बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से तीन मकान स्वाहा हो गये है जिसमे प्रेम कुमार पुत्र सुखराम निषाद के घर मे आग लगने से दस कुन्तल गेहूँ एक बेड रजाई गद्दा , कूलर , फ्रिज व कुर्सिया एव गृहस्थी का समान इसी प्रकार से पार्थ पुत्र विसम्भर का 28 कुन्तल गेहूँ के साथ घर गृहस्थी का समान जल कर रख हो गया है और राम स्वरूप पुर विसम्भर निषाद का भी गृहस्थी का समान जल कर राख हो गया है मौहर ग्राम प्रधान राम मिलन निषाद ने इसकी जानकारी राजस्व विभाग के लेखपाल तथा शासन को इस घटना से अवगत कराया है और शासन से माँग की है कि इन सभी के नुकसान का अवकलन करके मुआवाजा दिया जाये।

बूंद-बूंद पानी का महत्व समझें और इसे संरक्षित करें- खण्ड विकास अधिकारी

इटावा, भरथना/अवधनामा संवाददाता। ब्लॉक क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से आयोजित कार्यशाला एवं स्वच्छता समिति की बैठक में खण्ड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि जल अनमोल है उसका संरक्षण करें नही तो आने वाले दिनों में और दिक्कत हो सकती है। बी0डी0ओ0 व सहायक विकास अधिकारी (प0) बाबू सिंह ने प्रचार प्रसार की टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर संस्था विल्सन ग्रीन इ0प्रा0लि0के डी0पी0सी0 मनोज जी ए0डी0पी0सी0- रणजीत यादव, रणधीर, कोआर्डिनेटर आमिर खान, अमरजीत, कृष्ण कुमार, ट्रेनर सुशील, आकांक्षा आदि मौजूद रहे।

यह निश्चित तौर पर मानसिकता से जुड़ा है, भारत के आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने पर बोले पोंटिंग

रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम को आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का शऊर बखूबी आता था और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि भारत को भी आईसीसी खिताब का सूखा दूर करने के लिये मानसिक बाधाओं से पार पाकर ऐसा ही कुछ करना होगा।

क्रिकेट की महाशक्ति भारत ने आखिरी बाद 2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी के रूप में आईसीसी खिताब जीता था। भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप में न्यूयॉर्क में आयरलैंड को हराकर शानदार शुरूआत की। न्यूयॉर्क से पीटीआई से बातचीत में पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को अपने प्रशंसकों के जबर्दस्त दबाव से निपटने का तरीका तलाशना होगा। उन्होंने कहा आपको स्पष्ट रहना होगा कि आपका फोकस टूर्नामेंट पर है ना कि बाहरी दबाव के बारे में चिंता करने पर या बहुत अधिक आगे की सोचने पर। उन्होंने कहा भारतीय टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिये कि विश्व कप जीतना आसान नहीं होता। एक ही समय में दुनिया के सभी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इसमें खेलते हैं।

ऑस्ट्रेलिया को बतौर कप्तान 2003 और 2007 विश्व कप दिलाने वाले पोंटिंग ने कहा इसका संबंध मानसिकता से है। आप दबाव का सामना कैसे करते हैं। दबाव के हालात में आप कैसे सोचते हैं, इसी में जीत और हार का अंतर होता है। उन्होंने कहा विश्व कप में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हर समय अच्छा खेलना होता है। आस्ट्रेलियाई टीमें बड़े टूर्नामेंटों में सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करना जानती रहीं हैं।

छह महीने पहले आस्ट्रेलिया ने सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए पैट कमिंस की कप्तानी में वनडे विश्व कप जीता था। भारतीय टीम के पास आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका जैसे पावर हिटर भले ही नहीं हो लेकिन पोंटिंग का मानना है कि वेस्टइंडीज के हालात में खेलने के लिये उनके पास पर्याप्त प्रतिभा है। नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होने हैं। पोंटिंग ने कहा सब कुछ पावर हिटिंग ही नहीं होता, स्ट्राइक रेट भी अहम है। भारतीय बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट किसी से कम नहीं है। आस्ट्रेलिया के पास मार्श, स्टोइनिस, मैक्सवेल या कैमरन ग्रीन हैं तो दक्षिण अफ्रीका के पास स्टब्स, क्लासेन या डेविड मिलर हैं। इनके पास ताकत है लेकिन भारतीय टीम में देखें तो सूर्यकुमार यादव किसी भी मैदान पर रन बनाने में सक्षम है।

उन्होंने कहा ऋषभ पंत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके पास हार्दिक पंड्या भी है। उनकी बल्लेबाजी बाकी टीमों की तरह ही खतरनाक है। मुझे लगता है कि आस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका की यह टीम काफी मजबूत लग रही है। अगर इन चारों टीमों में से कोई खिताब नहीं जीतता है तो मुझे हैरानी होगी।

अब भी पंड्या हैं नताशा, इंस्टाग्राम पर तस्वीर पोस्ट कर लगाया तलक की खबरों पर ब्रेक

भारतीय स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और नताशा स्टेनकोविक के तलाक को लेकर पिछेल काफी समय से अफवाहें आ रही हैं। दोनों में किसी ने भी इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया। हालांकि नताशा ने बुधवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से इशारा दे दिया की उनकी जिंदगी में पंड्या सरनेम अहम है। वह अब तक हार्दिक पंड्या से अलग नहीं हुई हैं।

नताशा ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी डाली जिसमें वह अपने और हार्दिक पंड्या के पालतू कुत्ते के साथ नजर आ रही थी। कुत्ते ने स्वेटर पहना हुआ था जिसपर पांडा बना हुआ था। वहीं नताशा ने तस्वीरे के कैप्शन में लिखा, Baby Rover Pan(y)a इस स्टोरी में न सिर्फ नताशा ने पंड्या सरनेम का इस्तेमाल किया बल्कि ये भी इशारा दे दिया कि वह हार्दिक के ही घर में रह रही हैं।

नताशा स्टेनकोविक तलाक की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं वह अपने काम से जुड़े पोस्ट कनरे के अलावा बेटे अगसत्या के साथ भी पोस्ट शेयर कर रही हैं। हार्दिक और नताशा एक दूसरे को अभ भी फॉलो कर रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं हार्दिक के परिवार के लोग भी नताशा को फॉलो कर रहे हैं और लगातार उनकी पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं।

गौरतलब है कि, हार्दिक पंड्या ने जनवरी 2020 में नताशा स्टेनकोविक से सगाई की थी। उन्होंने क्रुज पर नताशा को शादी के लिए प्रपोज किया था। महज सात महीने के अंदर दोनों माता-पिता बने। उनके बेटे अगसत्य का जन्म हुआ। इसके बाद पिछले साल फरवरी में दोनों ने ईसाई और हिंदु रिति-रिवाजों से शादी भी की।

अर्शदीप सिंह का बयान, कहा सीम डालने की पूरी कोशिश की लेकिन गेंद स्विंग ले रही थी

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ मैच में उन्होंने अपनी रणनीति पर अडिग रहने पर ही फोकस किया चूंकि 'ड्रॉप इन' पिच पर गेंद पर नियंत्रण रख पाना कठिन हो रहा था। भारत ने आयरलैंड को 16 ओवर में 96 रन पर समेटने के बाद 12.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। अर्शदीप ने स्वीकार किया कि स्विंग पर नियंत्रण रखना मुश्किल हो रहा था और उन्होंने इसके लिये जसप्रीत बुमराह से सलाह ली। उन्होंने कहा मैने डगमगाती सीम से गेंद डालने की पूरी कोशिश की लेकिन गेंद इतनी स्विंग हो रही थी कि यह हो नहीं पा रहा था। मेरी कई गेंद वाइड गई। पांच वाइड गेंद डालने वाले अर्शदीप ने सलामी बल्लेबाज एंडी बालबर्नी और कप्तान पॉल स्टर्लिंग के विकेट लिये। अर्शदीप ने कहा जस्सी भाई (बुमराह) के पास काफी अनुभव है और वे हमें कहते रहते हैं कि विकेट के पीछे मत भागो। सही जगह पर गेंद डालो। इससे चाहे रन रोकने में मदद मिले या विकेट मिले। उन्होंने कहा ,'' नियंत्रण का मतलब है कि लालच में नहीं पड़ना है और विकेट के पीछे नहीं भागना है।

आसमान में बादल घिरे थे और गेंद स्विंग ले रही थी। शुरूआत में रणनीति यही थी कि इसका फायदा उठाना है और अगर आयरलैंड के बल्लेबाज गलती करते हैं तो हमें विकेट भी मिल जायेंगे। नासाउ काउंटी की पिच को लेकर काफी आलोचना हो रही है। अर्शदीप ने कहा मैं यहां आईपीएल खेलने के बाद आया हूं जिसमें 240 रन भी बन रहे थे। जब हम पिच की बात करते हैं तो फोकस इस पर रहना चाहिये कि हमारे नियंत्रण में क्या है क्योंकि पिच तो दोनों टीमों के लिये समान है। जो टीम बेहतर करेगी, उसे बेहतर नतीजा मिलेगा।

उन्होंने इन खबरों का भी खंडन किया कि ड्रेसिंग रूम में सावधान होकर खेलने की बात चल रही थी ताकि चोटों से बचा जा सके। उन्होंने कहा इस तरह की कोई बात नहीं हुई। टूर्नामेंट के बीच में हालात के बारे में नहीं सोचा जाता। अगर कैच लेना है तो लेना है। हम यह नहीं सोचते कि चोट से बचना है। हम हर मैच में इसी तरह खेलेंगे। सामने कौन सी टीम है, इससे फर्क नहीं पड़ता।

पाकिस्तान की शिकायत के बाद आईसीसी ने न्यूयॉर्क में टीम का होटल बदला

आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत के बाद पाकिस्तान टीम का न्यूयॉर्क में होटल बदल दिया है। पीसीबी ने शिकायत की थी कि टी20 विश्व कप के दौरान होटल से स्टेडियम जाने में 90 मिनट का समय लगता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी के दखल के बाद पाकिस्तान टीम को दूसरे होटल में भेज दिया गया जो मैदान से सिर्फ पांच मिनट की दूरी पर है।

पाकिस्तान को रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से खेलना है और 11 जून को कनाडा से सामना होगा। भारतीय टीम को तीन ग्रुप मैच न्यूयॉर्क में खेलने हैं और उसका टीम होटल मैदान से दस मिनट की दूरी पर है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 77 रन पर आउट हुई श्रीलंकाई टीम होटल से स्टेडियम की दूरी को लेकर पहले ही चिंता जता चुकी है।

हरफनमौला स्टोइनिस के शानदार प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया ने ओमान को हराया

मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप में अपने अभियान का आगाज बृहस्पतिवार को ओमान पर 39 रन से जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाये जिसकी मदद से आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाये। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया के लिये नाथन एलिस ने 28 रन देकर और आईपीएल स्टार मिचेल स्टार्क ने 20 रन देकर दो दो विकेट लिये।

स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिये जाने के बाद आस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। एलिस ने कश्यप प्रजापति (सात) को पगबाधा आउट किया जिस पर ओमान ने रिव्यू लिया लेकिन नाकामी हाथ लगी। स्टोइनिस ने पावरप्ले की आखिरी गेंद पर ओमान के कप्तान आकिब इलयास (18) को आउट किया जिनका कैच विकेट के पीछे मैथ्यू वेड ने लपका। स्टोइनिस ने जीशान मकसूद (1) को आठवें ओवर में पवेलियन भेजा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाये और सातवें विकेट के लिये 37 रन की साझेदारी की। इससे पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाये। ट्रेविस हेड (12) और कप्तान मिचेल मार्श (14) सस्ते में आउट हो गए। अनुभवी हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का खराब फॉर्म जारी रहा जो खाता भी नहीं खोल सके। मेहरान की गेंद पर इलयास ने उनका बेहतरीन कैच लपका। स्टोइनिस और वॉर्नर ने चौथे विकेट के लिये 64 गेंद में 102 रन जोड़े।

आस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 50 रन था जिसके बाद इन दोनों ने पारी को संभाला। वॉर्नर 56 रन की पारी के साथ ही टी20 क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के लिये सर्वाधिक रन (3,120)बनाने वाले बल्लेबाज हो गए जिन्होंने पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पछाड़ा। दूसरी ओर स्टोइनिस ने 36 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और छह छक्के लगाये। ओमान के लिये मेहराल खान ने दो विकेट लिये जबकि बिलाल खान और कलीमुल्लाह को एक एक विकेट मिला। इलयास ने चार ओवर में सिर्फ 18 रन दिये लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिल सकी।

कबीर खान ने सलमान खान अभिनीत बजरंगी भाईजान के सीक्वल के बारे में बड़ा संकेत दिया

बजरंगी भाईजान अभिनेता सलमान खान की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म ने अपनी दमदार कहानी और दमदार किरदारों के लिए दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त सफलता हासिल की। प्रशंसक सालों से इस ब्लॉकबस्टर के सीक्वल की बेसब्री से मांग कर रहे थे। अब, बजरंगी भाईजान के निर्देशक कबीर खान ने हाल ही में सीक्वल के लिए अपनी योजनाओं के बारे में बताया। कनेक्ट सिने के साथ एक साक्षात्कार में, निर्देशक ने कहा कि उन्हें अक्सर बजरंगी के किरदार को फिर से स्क्रीन पर लाने की मांग सुनने को मिलती है।

उन्होंने यह भी बताया कि ओजी फिल्म हर्षाली मल्होत्रा द्वारा निभाई गई मुन्नी के इर्द-गिर्द घूमती है, और कहानी और किरदार का अंत हो गया है और अब वे कहानी को आगे बढ़ाने के लिए अन्य दिलचस्प तरीके लाने के बारे में सोच रहे हैं।

उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे पूछें कि अभी स्क्रिप्ट के लेवल पर कुछ है तो नहीं। विचार हैं और बजरंगी को आगे ले जाने के कई दिलचस्प तरीके हैं।

बजरंगी भाईजान 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसमें करीना कपूर खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म की कहानी मुख्य रूप से एक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भगवान हनुमान का एक भक्त है, जो किसी भी तरह से एक मूक छह वर्षीय पाकिस्तानी लड़की को उसके देश वापस ले जाने की यात्रा पर निकलता है।

बॉक्स ऑफिस पर, फिल्म को एक बड़ी ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया और दुनिया भर में 900 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और यह उस वर्ष की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म भी थी। बजरंगी भाईजान ने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता।

लापता लेडीज के एक्टर स्पर्श श्रीवास्तव और प्रतिभा रांता ने डेटिंग की अफवाहों पर दी प्रतिक्रिया

बॉलीवुड स्टार्स की लव लाइफ में फैन्स की काफी दिलचस्पी होती है। हर कोई अपने पसंदीदा स्टार्स के प्यार, अफेयर और ब्रेकअप की कहानियों के बारे में जानना चाहता है।

बॉलीवुड स्टार्स की लव लाइफ में फैन्स की काफी दिलचस्पी होती है। हर कोई अपने पसंदीदा स्टार्स के प्यार, अफेयर और ब्रेकअप की कहानियों के बारे में जानना चाहता है। इन दिनों किरण राव द्वारा निर्देशित लापता लेडीज की जया और दीपक यानी प्रतिभा रांता और स्पर्श श्रीवास्तव को लेकर ऐसी ही खबरें आ रही हैं। कहा जा रहा है कि दोनों को-स्टार्स एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए हैं। और अब प्रतिभा और स्पर्श अपने रिश्ते की सच्चाई दुनिया के सामने लाने के लिए आगे आए हैं।

हाल ही में एक्टर्स को नेटफ्लिक्स इंडिया के ऑफिस में देखा गया, जहां उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए। डेटिंग को लेकर पूछे जा रहे सवालों का जवाब देते हुए प्रतिभा रांता ने कहा, क्या हम डेटिंग कर रहे हैं? नहीं... बिल्कुल नहीं। प्रतिभा की बात को आगे बढ़ाते हुए स्पर्श ने कहा, यार, एक लड़का और लड़की सिर्फ दोस्त ही हो सकते हैं। इसके बाद स्पर्श और प्रतिभा ने अपने हाथों से दिल बनाने की कोशिश की, लेकिन दोनों इस कोशिश में बुरी तरह विफल रहीं। वहीं स्पर्श से एक फैन ने पूछा, क्या आपकी जिंदगी में भी कोई लापता लेडीज है? इसके जवाब में स्पर्श ने कहा, हां, बहुत सारी लापता लेडीज हैं। अब मेरे लिए यह बहुत जरूरी है कि मेरी जिंदगी में कोई नई लेडी आए।

लापता लेडीज की कहानी दो शादीशुदा लड़कियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनके अपने-अपने सपने हैं। एक पढ़ना चाहती है, जबकि दूसरी अपने पति और परिवार के साथ रहने का सपना देखती है। लेकिन, शादी के बाद दोनों की अदला-बदली एक मजेदार घटना में हो जाती है। इस अदला-बदली की वजह घूंघट की प्रथा है। इसके बाद फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे लापता होने के बाद दोनों लड़कियां अपनी जिंदगी का मकसद तलाश पाती हैं। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अब लापता लेडीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

गुल्लक सीरीज से मशहूर हुए वैभव राज गुप्ता ने कहा, इंतजार करने वालों को अच्छी चीजें मिलती

गुल्लक से मशहूर हुए अभिनेता वैभव राज गुप्ता का मानना है कि इंतजार करने वालों को अच्छी चीजें मिलती हैं। वह उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर से सपनों के शहर तक की अपनी यात्रा को शानदार बताते हैं। आधा दर्जन से अधिक लघु फिल्मों में दिखाई देने के बाद, गुप्ता ने सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत फिल्म नूर (2017) में सहायक भूमिका के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। बाद में वह प्राइम वीडियो के शो इनसाइड एज में एक छोटी भूमिका में दिखाई दिए। उन्होंने वेब सीरीज गुड बैड गर्ल और माई में भी काम किया है। लेकिन उन्हें घर-घर में पहचान गुल्लक शो से मिली जिसमें उन्होंने इस मशहूर शृंखला के केंद्र में स्थित मिश्रा परिवार के बड़े बेटे अन्नू भैया के रूप में नाम कमाया। गुप्ता को गुल्लक के चौथे सीजन के प्रीमियर का इंतजार है।

उनका कहना है कि उन्हें उस मुकाम तक पहुंचने में कई साल लग गए जहां वह अपनी पसंद वाली भूमिकाएं चुन सकते हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार में पीटीआई-को बताया, मुझे यहां तक पहुंचने में कई साल लग गए। मुंबई ने मुझे धैर्य रखना सिखाया है। मैं यहां से कहीं नहीं जा रहा हूं। मुझे किसी चीज की जल्दी नहीं है। मैं हर पल को जीना चाहता हूं। मैं अपने जीवन का आनंद लेता हूं, मुझे यह पसंद है, मैं खुश हूं। गुल्लक भारत में छोटे शहरों के निम्न मध्यम वर्गीय परिवार की हंसी-खुशी, नोकझोंक और उतार-चढ़ाव वाले जीवन के किस्सों का प्रतिनिधित्व करने वाला शो है।

इसमें जमील खान, गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर और सुनीता राजवर भी मुख्य किरदारों में हैं। गुप्ता ने कहा कि 2019 में पहली बार आए गुल्लक को दर्शकों ने बड़े प्यार से स्वीकार किया है। कोविड महामारी के दौरान इसकी लोकप्रियता बहुत बढ़ गई थी और उन्हें अब भी अपने प्रशंसकों से लंबे और सुंदर संदेश मिलते रहते हैं। उन्होंने कहा, ''तीसरे सीज़न में, हमने दिखाया है कि पिता को दिल का दौरा पड़ता है। मुझे इस पर लोगों की भावनात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं जिन्होंने अपनी ऐसी ही कहानियां साझा कीं। मैं गोवा में शूटिंग कर रहा था और हर दिन, मुझे 50 संदेश मिलते थे।

मैंने हर संदेश पढ़ा ताकि पता चले कि लोग इस कहानी से कैसे जुड़े हैं। अभिनेता ने कहा कि जब भी उनके माता-पिता मुंबई में उनसे मिलने आते हैं तो उन्हें ऐसी कई बातें याद आती हैं जिनमें यह भी है कि किस तरह उनकी मां उन्हें कुछ कहे बिना ही घर व्यवस्थित करतीं और कपड़े सलीके से रखतीं। उन्होंने लेखक निखिल विजय (सीजन एक से) को श्रेय देते हुए कहा, हमने 'स्टाइल, टेम्पो और डिलीवरी' पर बहुत काम किया। इससे मुझे किरदार को अपना बनाने में मदद मिली।

मैं एक छोटे शहर से आता हूं, इसलिए मैंने अपने इर्दगिर्द ऐसे लोगों को कई बार देखा है। टीवीएफ द्वारा निर्मित, गुल्लक का चौथा सीजन दुर्गेश सिंह द्वारा लिखित पटकथा पर आधारित है जिसका निर्देशन श्रेयांश पांडे ने किया है। यह सात जून से सोनी लिव पर आएगा। गुप्ता नेटफ्लिक्स पर यशराज एंटरटेनमेंट की सीरीज मंडला मर्डर्स में भी दिखाई देंगे।

अयोध्या ने हमेशा अपने राजा को धोखा दिया रामायण अभिनेता सुनील लहरी ने लोकसभा चुनाव के नतीजों पर निराशा जताई

रामानंद सागर के प्रसिद्ध टीवी शो रामायण में लक्ष्मण की भूमिका निभाने के लिए मशहूर अभिनेता सुनील लहरी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को न चुनने पर अयोध्या के लोगों से निराशा जताई। 4 जून को आए नतीजे कई लोगों के लिए चौंकाने वाले थे, क्योंकि शहर में प्रतिष्ठित राम मंदिर के निर्माण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रमुख भूमिका थी। सुनील लहरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नतीजों पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि अब देश में गठबंधन सरकार होगी। क्या यह आने वाले पांच सालों तक सुचारू रूप से काम करेगी? उन्होंने कहा। वीडियो में उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें खुशी है कि उनके दो पसंदीदा उम्मीदवार कंगना रनौत और अरुण गोविल अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जीते।

वीडियो के अलावा, उन्होंने कुछ इंस्टाग्राम स्टोरीज़ भी शेयर कीं, जहाँ उन्होंने अयोध्या के लोगों को स्वार्थी कहा और उन्हें इस बात के लिए आड़े हाथों लिया कि उन्होंने उस पार्टी को इस सीट से नहीं चुना, जिसने राम मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। एक इंस्टा स्टोरी में, उन्होंने हिंदी में लिखा, जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है, हम भूल गए कि ये वही अयोध्यावासी हैं जिन्होंने वनवास से लौटने के बाद देवी सीता पर संदेह किया था। जो व्यक्ति ईश्वर को भी नकार देता है, उसे क्या कहते हैं? स्वार्थी। इतिहास गवाह है कि अयोध्या के नागरिकों ने हमेशा अपने राजा को धोखा दिया है। शर्म आनी चाहिए उन पर। एक अन्य स्टोरी में, उन्होंने एक मीम का इस्तेमाल किया जिसमें फिल्म बाहुबली के कटप्पा ने अपने राजा की हत्या कर दी।

इस बीच, अरुण गोविल ने मेरठ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, जिसमें उन्होंने 10,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की। दूसरी ओर, कंगना रनौत ने अपने गृहनगर मंडी से चुनाव लड़ा, जिसमें उन्होंने आसानी से जीत हासिल की।

प्रेम सिंह तमांग का सियासी सफर

अपने राजनीतिक गुरु से बगावत कर बनाई पार्टी, अब दूसरी बार सिक्किम की सत्ता में

सिक्किम के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व वाली सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की है। सीएम तमांग ने खुद दो विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की है। कभी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के संस्थापक और पूर्व सीएम पवन कुमार चामलिंग को अपना राजनीतिक गुरु मानने वाले तमांग ने एसडीएफ के खिलाफ ही विरोध की आवाज को बुलंद किया था। इसके बाद लगातार दो चुनावों में एसकेएम ने एसडीएफ को करारी शिकस्त देकर सत्ता का सिंहासन हासिल किया।

प्रेम सिंह तमांग कौन हैं? उनका जन्म कब-कहां हुआ? उन्होंने कहां से शिक्षा हासिल की? उन्होंने कब राजनीति में कदम रखा? कैसे अपने राजनीतिक गुरु कहे जाने वाले पूर्व सीएम चामलिंग के खिलाफ विद्रोह कर वे सिक्किम के मुख्यमंत्री बने? विवाद में रहने के बाद भी उन्होंने कैसे मजबूत जनाधार हासिल किया? इन सब सवालों का जवाब आपको इस रिपोर्ट में मिलेगा।

राजनीति में आने से पहले सरकारी शिक्षक थे तमांग

प्रेम सिंह तमांग का जन्म 5 फरवरी 1968 को पश्चिम सिक्किम के सिंग्लिंग बस्टी में हुआ था। उनके पिता का नाम कालू सिंह तमांग और मां का नाम धन माया तमांग है। शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद तमांग ने 1988 में दार्जिलिंग गवर्नमेंट कॉलेज से कला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। राजनीति में आने से पहले तमांग सरकारी शिक्षक थे। हालांकि, शिक्षक की नौकरी के बदले उनकी सामाजिक कार्यों में अधिक रूचि रही। इसी वजह से वे बाद में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) की राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया और पार्टी के सदस्य बन गए। इसके बाद उन्होंने सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया और एसडीएफ के स्थाई सदस्य बन गए। चामलिंग, एसडीएफ के संस्थापक रहे पूर्व सीएम पवन कुमार चामलिंग को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे।

पहली बार 1994 में सोरेंग चाकुंग सीट से हासिल की जीत

वर्ष 1994 में तमांग ने अपने जीवन का पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। एसडीएफ के टिकट पर सोरेंग चाकुंग सीट से चुनाव लड़कर उन्होंने पहली जीत भी दर्ज की। 1994 से 1999 तक वे पशुपालन, चर्च और उद्योग विभाग के मंत्री रहे। 1999 के विधानसभा चुनाव में में वे एक बार फिर से सोरेंग चाकुंग विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। वर्ष 1999 से लेकर 2004 तक उन्होंने राज्य के उद्योग और पशुपालन मंत्री के रूप में कार्य किया। अगले चुनाव यानी वर्ष 2004 में उन्होंने एक बार फिर से चाकुंग निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सतीश मोहन प्रधान को हराकर जीत दर्ज की। इसी के साथ वे राज्य के भवन एवं आवास विभाग के मंत्री बने। 2009 में प्रेम सिंह तमांग ने अपर बुर्तुक से चुनाव लड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी अरुण कुमार राय को मात दी। चुनाव के तुरंत बाद उन्हें उद्योग विभाग का अध्यक्ष चुना गया हालांकि, उन्होंने अध्यक्ष के रूप में काम नहीं किया।

हुआ था एसडीएफ से मनभेद

दरअसल, 2009 में सिक्किम के कर्मचारियों द्वारा रोलू पिकनिक कार्यक्रम के बाद तमांग और एसडीएफ के बीच मनभेद हो गया। इसकी वजह यह थी कि सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इस घटना के बाद से एसडीएफ से तमांग की दूरियां बढ़ने लगीं थीं। इसके बाद वह पार्टी के बागी विधायकों की श्रेणी में शामिल हो गए। समय के साथ-साथ वे प्रत्यक्ष रूप से एसडीएफ का विरोध करने लगे थे। इसके बाद वर्ष 2013 में उन्होंने आधिकारिक रूप से एसडीएफ से पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

2013 में हुआ सिक्कम क्रांतिकारी मोर्चा का गठन

वर्ष 2013 में एसडीएफ से प्रेम सिंह तमांग के इस्तीफे के बाद राज्य में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) नाम से नई पार्टी अस्तित्व में आई। तमांग ने पार्टी का गठन किया और 2014 के विधानसभा चुनाव में ताल ठोक दी। इस दौरान एसकेएम ने राज्य की 32 में से 10 सीटों पर जीत दर्ज की। 43 प्रतिशत मतदान प्रतिशत के साथ राज्य में एसकेएम के लिए अच्छी शुरुआत थी। कह सकते हैं कि यह समय चामलिंग के नेतृत्व वाली एसडीएफ के लिए एक चुनौती की तरह था। 2014 के चुनाव में एसडीएफ ने 22 सीटें जीतीं और पवन कुमार चामलिंग लगातार पांचवीं बार सीएम बने थे।

जब प्रेम सिंह तमांग पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

वर्ष 2014, जब सिक्किम में पहली बार चुनाव लड़ रही एसकेएम ने विधानसभा चुनाव में 10 सीटों पर जीत दर्ज की, इसके ठीक बाद तमांग पर सरकारी धन की हेराफेरी का आरोप लगा। आरोप था कि सिक्किम सरकार में पूर्व मंत्री रहते हुए तमांग ने सरकारी खजाने का दुरुपयोग किया। अदालत ने भी इस मामले में तमांग को दोषी करार दिया और तमांग को अपनी विधायकी गंवानी पड़ी। इसके बाद 2019 के विधानसभा चुनाव में कुछ विचित्र हुआ।

जब सत्ताधीश बनी एसकेएम, चुनाव न लड़ने के बाद भी सीएम बने तमांग

समय बदला और इसके बाद वर्ष 2019 में राज्य में पहली बार तमांग के नेतृत्व वाली एसकेएम ने राज्य में पहली बार जीत दर्ज की। ये वो पल था जब, 24 वर्ष, पांच महीने और 15 दिन तक काबिज रही पवन कुमार चामलिंग की सरकार को सत्ता से बाहर होना पड़ा। एसकेएम में 17 सीटों पर जीत हासिल कर सत्ता पर काबिज हुई। राज्य में पवन कुमार चामलिंग सरकार का अस्त हुआ और प्रेम सिंह तमांग सरकार का उदय हो गया। खास बात यह है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे तमांग ने इस बार चुनाव नहीं लड़ा। इसके बावजूद, उन्होंने सिक्किम के छठे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सीएम बनने के बाद तमांग ने पोकलोक-कामरांग विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इस बार यानी वर्ष 2024 में तमांग ने अपने जनाधार पर फिर एक बार मुहर लगा दी और जिन दो सीटों से उन्होंने चुनाव लड़ा, वहां उन्हें जीत हासिल हुई। सोरेंग-चाकुंग और रेनॉक सीटों पर जीत दर्ज कर तमांग ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ है।

वर्ष 1994 में तमांग ने अपने जीवन का पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। एसडीएफ के टिकट पर सोरेंग चाकुंग सीट से चुनाव लड़कर उन्होंने पहली जीत भी दर्ज की। 1994 से 1999 तक वे पशुपालन, चर्च और उद्योग विभाग के मंत्री रहे। 1999 के विधानसभा चुनाव में में वे एक बार फिर से सोरेंग चाकुंग विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। वर्ष 1999 से लेकर 2004 तक उन्होंने राज्य के उद्योग और पशुपालन मंत्री के रूप में कार्य किया। अगले चुनाव यानी वर्ष 2004 में उन्होंने एक बार फिर से चाकुंग निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सतीश मोहन प्रधान को हराकर जीत दर्ज की। इसी के साथ वे राज्य के भवन एवं आवास विभाग के मंत्री बने। 2009 में प्रेम सिंह तमांग ने अपर बुर्तुक से चुनाव लड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी अरुण कुमार राय को मात दी। चुनाव के तुरंत बाद उन्हें उद्योग विभाग का अध्यक्ष चुना गया हालांकि, उन्होंने अध्यक्ष के रूप में काम नहीं किया। वर्ष 2013 में एसडीएफ से प्रेम सिंह तमांग के इस्तीफे के बाद राज्य में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) नाम से नई पार्टी अस्तित्व में आई। तमांग ने पार्टी का गठन किया और 2014 के विधानसभा चुनाव में ताल ठोक दी। इस दौरान एसकेएम ने राज्य की 32 में से 10 सीटों पर जीत दर्ज की। 43 प्रतिशत मतदान प्रतिशत के साथ राज्य में एसकेएम के लिए अच्छी शुरुआत थी। कह सकते हैं कि यह समय चामलिंग के नेतृत्व वाली एसडीएफ के लिए एक चुनौती की तरह था। 2014 के चुनाव में एसडीएफ ने 22 सीटें जीतीं और पवन कुमार चामलिंग लगातार पांचवीं बार सीएम बने थे। समय बदला और इसके बाद वर्ष 2019 में राज्य में पहली बार तमांग के नेतृत्व वाली एसकेएम ने राज्य में पहली बार जीत दर्ज की। ये वो पल था जब, 24 वर्ष, पांच महीने और 15 दिन तक काबिज रही पवन कुमार चामलिंग की सरकार को सत्ता से बाहर होना पड़ा। एसकेएम में 17 सीटों पर जीत हासिल कर सत्ता पर काबिज हुई। राज्य में पवन कुमार चामलिंग सरकार का अस्त हुआ और प्रेम सिंह तमांग सरकार का उदय हो गया। खास बात यह है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे तमांग ने इस बार चुनाव नहीं लड़ा।

सिक्किम में एसकेएम की आंधी के बीच जीतने वाले इकलौते एसडीएफ विधायक

सिक्किम विधानसभा चुनाव में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। राज्य की 32 विधानसभा सीटों में से 31 सीटों पर एसकेएम ने जीत का परचम लहराया। इस बीच सवाल यह है कि आखिर वह चेहरा कौन है, जिसने राज्य की एकमात्र सीट पर जीत दर्ज की? इस रिपोर्ट में हम आपको बताते हैं। एसकेएम की आंधी के बीच विपक्ष का वह नेता कौन था, जो मजबूती से चुनावी मैदान में टिका रहा? उनका नाम है तेनजिंग नोरबू लाम्था। उन्होंने सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के टिकट पर श्यारी विधानसभा सीट से जीत हासिल की है। उन्होंने एसकेएम उम्मीदवार कुंगा नीमा लेप्चा को मात दी है। तेनजिंग नोरबू लाम्था सामाजिक कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने समाज सेवा के लिए सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। लम्था मूलरूप से काबी लुंगचोक गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने दिल्ली की पूसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से उच्च शिक्षा हासिल की है। इसके बाद वे सिक्किम में बतौर इंजीनियर नियुक्त हुए।

वर्ष 2018 में राजनीति में कदम रखा

वर्ष 2018 में उन्होंने राजनीति में कदम रखा और इसके लिए सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। तेनजिंग नोरबू लाम्था सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट में शामिल हुए। 2024 के विधानसभा चुनाव में एसडीएफ ने उन्हें श्यारी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया।

तेनजिंग ने चुनाव आयोग को जो हलफनामा दिया है, उसमें उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 58.3 करोड़ रुपये घोषित की है। चुनावी हलफनामे के मुताबिक एसडीएफ विधायक के खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उनकी पत्नी डोमा लाडिंग्पा का निधन हो चुका है।

सीएम रहते हुए पेमा खांडू ने कांग्रेस से की बगावत

बनाई भाजपा सरकार, अरुणाचल में खिलाया कमल

अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत के साथ जीत हासिल की है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दोरजी खांडू के बेटे पेमा खांडू राज्य में दो बार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अब तीसरी बार मिली जीत के साथ ही खांडू तीसरी बार सत्ता का सिंहासन संभालेंगे। क्या आप जानते हैं कि तीसरी बार सीएम बनने वाले पेमा खांडू कौन हैं? उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत कब हुई? कांग्रेस से बगावत करने बाद वे पहली बार मुख्यमंत्री कब बने? किस तरह वे देश के सबसे युवा मुख्यमंत्री बने? हम इस रिपोर्ट में आपको इन सब सवालों का जवाब देंगे।

मोनपा जनजाति से ताल्लुक रखते हैं पेमा खांडू

पेमा खांडू का जन्म 21 अगस्त, 1979 को तवांग में हुआ था। चीन की सीमा से सटे तवांग जिले के ग्यांगखर गांव से ताल्लुक रखने वाले पेमा खांडू मोनपा जनजाति से आते हैं। उन्होंने तवांग के बोम्बा में सरकारी माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद वर्ष 2000 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से कला स्नातक की उपाधि हासिल की। उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा। यूं तो पेमा खांडू को राजनीति विरासत में ही मिली है। उनके पिता दोरजी खांडू अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2005 में पेमा खांडू राजनीति में कदम रख दिया था, जब उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन, उनके असल राजनीतिक सफर की शुरुआत तब होती है, जब उनके पिता दोरजी खांडू का हेलिकॉप्टर हादसे में निधन हो गया। दोरजी खांडू 2007 से 2011 तक अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। इसके बाद पेमा खांडू ने वर्ष 2011 में अपने ही पिता के विधानसभा क्षेत्र मुक्तो से चुनाव लड़ा और विजयी हुए। इसके बाद पेमा खांडू को अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। वर्ष 2014 में पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी के नेतृत्व वाली सरकार में पेमा खांडू को शहरी विकास मंत्री नियुक्त किया गया। इसके बाद उनके राजनीतिक जीवन में बड़ा मोड़ आया।

जब पेमा खांडू ने की बगावत

वर्ष 2014 में पेमा खांडू ने असंतुष्ट नेता कलिखो पुल का साथ देते हुए मंत्री पद छोड़ दिया। इस वजह से तुकी के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बाहर होना पड़ा। 16 जुलाई 2016 को पेमा खांडू को नबाम तुकी की जगह कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद 17 जुलाई 2016 को खांडू ने महज 37 वर्ष की उम्र में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली। इसके ठीक दो महीने बाद ही अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस के 43 विधायकों ने बगावत कर दी। खांडू के नेतृत्व में सभी विधायक भाजपा की सहयोगी पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) में शामिल हो गए। हालांकि, बाद में पीपीए ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया और खांडू के साथ कई विधायक भाजपा में शामिल हो गए। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में जीत हासिल की और पेमा खांडू मुख्यमंत्री बन गए।

भारत के सबसे युवा मुख्यमंत्री रहे हैं पेमा खांडू

पेमा खांडू भारत के सबसे युवा मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने 37 साल की आयु में मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। खांडू के पहले अखिलेश यादव ही भारत के सबसे कम आयु वाले मुख्यमंत्री थे। अखिलेश ने 38 वर्ष की उम्र में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की गद्दी संभाली थी।

फुटबॉल, क्रिकेट जैसे खेलों के शौकीन

पेमा खांडू खेलों के शौकीन हैं। फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और वॉलीबॉल जैसे खेलों में उनकी बड़ी दिलचस्पी है।

कट्टरपंथी नेता अहमदीनेजाद फिर राष्ट्रपति बनने की रेस में शामिल

ईरान के कट्टरपंथी पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद एक बार फिर राष्ट्रपति पद की रेस में शामिल हो गए हैं। दरअसल अहमदीनेजाद ने 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रविवार को नामांकन किया। इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत के बाद ईरान में राष्ट्रपति चुनाव हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान में राष्ट्रपति पद की रेस में करीब 20 नाम हैं और अहमदीनेजाद सबसे चर्चित नाम हैं। अहमदीनेजाद साल 2005 में ईरान के राष्ट्रपति चुने गए थे और लगातार दो कार्यकाल तक यानी साल 2013 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे।

सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खुमैनी पर बढ़ा दबाव

महमूद अहमदीनेजाद के नामांकन के बाद ईरान के राष्ट्रपति का चुनाव रोचक हो गया है। अहमदीनेजाद ईरान के लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। खास बात ये है कि अहमदीनेजाद के नामांकन से ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अल खुमैनी पर दबाव बढ़ गया है। ईरान का राष्ट्रपति रहने के दौरान अहमदिनेजाद ने अयातुल्लाह अल खुमैनी को चुनौती दी थी, जिसके चलते साल 2021 में अहमदीनेजाद को राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। ईरान संवैधानिक निगरानी संस्था, गार्जियन काउंसिल ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था। अहमदीनेजाद को अमेरिका का कट्टर विरोधी माना जाता है। अहमदीनेजाद इस्त्राइल के भी घोर विरोधी माने जाते हैं और वह इस्त्राइल को दुनिया के नक्शे से मिटाने की बात कह चुके हैं।

ईरान का पश्चिमी देशों से लगातार बढ़ रहा तनाव

अहमदीनेजाद अगर ईरान की सत्ता में वापस आते हैं तो कट्टरपंथी नेता की यह वापसी ऐसे समय होगी, जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तनाव चरम पर है। ईरान लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को बढ़ा रहा है। साथ ही ईरान इस्त्राइल के खिलाफ भी आक्रामक रुख अपनाए हुए है। इस्त्राइल हमास युद्ध के चलते ईरान समर्थित हूती विद्रोही लगातार अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं।

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाए: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

- राजस्व तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में राजस्व तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अब नियमित इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर शिकायतकर्ता की शिकायत को दर्ज कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शुक्रवार व शनिवार को स्वच्छता अभियान चला कर कार्यालयों की सफाई कराई जाए, फर्नीचर, आलमारी, बिल्डिंग सब सही होनी चाहिए। आलमारी में दस्तावेजों की लिस्ट आलमारी के ऊपर चस्पा होना चाहिए। कर्मचारियों को बैठने के लिए कुर्सी तथा पेयजल की व्यवस्था भी होनी चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से बात कर ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाए और सोमवार से अवैध कब्जा हटाने का अभियान चलाया जाए। शासकीय संपत्तियों पर भी अवैध कब्जा न होने पाए, तालाबों के जमीनों से अवैध कब्जे हटवाए जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण का स्लोगन गावो में बनवाया जाए जिससे लोग इसके प्रति जागरूक हो सके।

डी0एफ0ओ0 को निर्देशित किया कि पौधरोपण हेतु एक कार्ययोजना तैयार करें। कृषि विभाग को निर्देशित किया कि कृषकों में पौधों का वितरण किया जाए। तालाब खुदाई समय से कर लिए जाए। राजस्व विभाग से संबंधित 1 साल से अधिक के वादों का निस्तारण किया जाए। प्रतिदिन तहसीलदार, नायब तहसीलदार कोर्ट में बैठ कर वादों का निस्तारण कराएं। 1 साल से अधिक के मामलों को डिस्पोज किया जाए, धारा 24 के केसो की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 90 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। कोर्ट केसेज का निस्तारण निर्धारित समय के अंदर पूर्ण कर लिया जाए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के संदर्भ में पीडी जयकेश त्रिपाठी से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा डीआईओएस एवं एक्सईएन विद्युत हाइडिल के बैठक में अनुपस्थित होने के कारण स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य, दिव्यांग पेंशन आदि की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि कायाकल्प के तहत सभी कार्य पूर्ण कराया जाए। दैवीय आपदा की समीक्षा में कोई पेंडेंसी नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत समस्त एसडीएम समीक्षा कर पेंडेंसी खत्म करें। उन्होंने सीवीओ से गौशाला में पशुओं के लिए गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त व्यवस्था करने, बीडीओ से नियमित गौशाला का निरीक्षण कर सभी जरूरी आवश्यकता पूर्ण कराने का निर्देश दिया। समस्त बीडीओ को निर्देशित किया कि अपने विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सहकारी समितियां जो जर्जर है उनका मरम्मत/जीर्णोद्धार अपने क्षेत्रपंचायत/ग्रामपंचायत निधि से 03 माह के अंदर कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने सड़क निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य की समीक्षा करते हुए अन्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी लक्ष्मी सिंह, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद सिंह, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, जिला विकास अधिकारी वी के यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बीपीएड, एमएड प्रवेश के लिए आनलाइन फार्म की तिथि 30 जून तक बढ़ी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय में संचालित बीपीएड एमएड पाठ्?यक्रम सत्र 2024-26 में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। आनलाइन फार्म भरने की तिथि छः मई से शुरू हो गई है। अंतिम तिथि पांच जून निर्धारित की गई है। अब इसे बढ़ाकर 30 जून तक कर दी गई है। आवेदन शुल्क एक हजार रुपए सामान्य वर्ग एवं पिछड़े वर्ग के लिये तथा रु 750 अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग हेतु आनलाईन स्वीकार की जायेगी। जो अभ्यर्थी सत्र-2024 की पात्रता अर्हता परीक्षा के अन्तिम वर्ष या सेमेस्टर में सम्मिलित हैं, वे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है।

कार्यालय-ग्राम पंचायत मिश्रौलिया, विकास खण्ड-बेतालपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत मिश्रौलिया द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

निलेश सिंह-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-मिश्रौलिया
वि. खं.-बैतालपुर, देवरिया

रत्नेश कुमार द्विवेदी-सचिव
ग्राम पंचायत-मिश्रौलिया,
वि.खं.-बैतालपुर, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत चकरा गोसाई विकासखंड-सलेमपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत चकरा गोसाई द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

सरिता गिरी-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-चकरा गोसाई
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

अवनीश कुमार त्रिपाठी-सचिव
ग्राम पंचायत-चकरा गोसाई
वि.खं.-सलेमपुर, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत बालेपुर कला विकासखंड-सलेमपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत बालेपुर कला द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

आशिक खान-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-बालेपुर कला
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

मानवेंद्र-सचिव
ग्राम पंचायत-बालेपुर कला
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत डोगरा विकासखंड-सलेमपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत डोगरा द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

नरसिंह गिरी-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-डोगरा
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

अनुराधा-सचिव
ग्राम पंचायत-डोगरा
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत सहजौर विकासखंड- लार, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत सहजौर द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

बृजानंद यादव-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-सहजौर
वि. खं.-लार, देवरिया

हरेंन्द्र मौर्या-सचिव
ग्राम पंचायत-सहजौर
वि. खं.-लार, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत रावतपाररघेन विकासखंड- लार, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत रावतपाररघेन द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

यशवंत सिंह-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-रावतपाररघेन
वि. खं.-लार, देवरिया

हरेंन्द्र मौर्या-सचिव
ग्राम पंचायत-रावतपाररघेन
वि. खं.-लार, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत महाइचपार विकासखंड- लार, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत महाइचपार द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

हरिंदर प्रसाद-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-महाइचपार
वि. खं.-लार, देवरिया

हरेंन्द्र मौर्या-सचिव
ग्राम पंचायत-महाइचपार
वि. खं.-लार, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत बौरडीह विकासखंड- लार, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत बौरडीह द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

फूलमती देवी-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-बौरडीह
वि. खं.-लार, देवरिया

हरेंन्द्र मौर्या-सचिव
ग्राम पंचायत-बौरडीह
वि. खं.-लार, देवरिया

सफलता शब्द को मिली तस्वीर

- सेंट्रल एकेडमी विकास नगर के छात्र आर्यन यादव ने सीट यूजी में अपनी चमक बिखेरी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सेंट्रल एकेडमी विकास नगर 2022 - 23 बैच के छात्र आर्यन यादव ने नीट - यूजी 2024 में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करके सफलता का इतिहास रच दिया।

आर्यन यादव सेंट्रल एकेडमी, विकास नगर शाखा में कक्षा 8 से अध्ययनरत एक मेधावी छात्र था। उसने कक्षा 10 में 99त्न अंक प्राप्त करके जिले में तृतीय स्थान हासिल किया तथा कक्षा 12 में विज्ञान वर्ग में 95त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। आर्यन यादव न केवल शिक्षा में बल्कि हमेशा पाठ्येतर गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेता रहे है। उत्तर प्रदेश में 'विद्यार्थी विज्ञान - मंथन परीक्षा' में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया था। आर्यन दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान चिकित्सा संस्थान में प्रवेश लेकर न्यूरो सर्जन बनकर लोगों की सेवा करना चाहता है। आर्यन यादव की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उसके माता - पिता, शिक्षक एवम सभी लोग को गर्व है। आर्यन यादव के अलावा विद्यालय के शिवाकांत तिवारी एवं खुजैमा खान ने अपने द्वितीय प्रयास में क्रमशः 688 / 720 एवं 676 / 720 अंक प्राप्त करके नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की। सेंट्रल एकेडमी के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षक गणों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

गाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई प्राथमिक चिकित्सा किटें

प्रयागराज। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला के निर्देशानुसार प्रयागराज मंडल के अंतर्गत चलने वाली सभी गाड़ियों में यात्रियों को स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं के त्वरित प्राथमिक उपचार हेतु गाड़ियों में कार्यरत कंडेक्टरों के लिए कुल 342 प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराई गई, ताकि यात्रा के दौरान यात्रियों को आवश्यकता पड़ने पर उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सकेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला ने कहा कि गाड़ियों में यात्रा के दौरान यात्रियों का स्वास्थ्य अचानक खराब होने पर मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा प्राथमिक उपचार किट से तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा और गाड़ी अगले स्टेशन पर पहुंचने पर रेलवे डॉक्टर से उपचार मिल सकेगा।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **26.06.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

निविदा सूचना सं.	04902024 dated 04.06.2024		
निविदा सं.	08Sr.DEN-IV/LKO/2024-25		
कार्य का नाम	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/चतुर्थ/लखनऊ के कार्यक्षेत्र में सहायक मंडल इंजीनियर, उत्तर रेलवे/प्रथम और द्वितीय/सुलतानपुर के अधीन समपार जफराबाद–सुलतानपुर–उतरेटिया खण्ड में समपार संख्या 18/C, 20/C, 22/C, 25/C, 28/C, 37/C, 38/C, 40/C, 43/C, 44/C, 45/C, 49/C, 53/C, 56/C, 57/C, 60/C, 61/C, 62/C, 63/C, 87/C, 91/C, 110/C, 111/C, 112/C, 113/C, 114/C, 122/C, 126/C, 130/C, 132/C, 134/C, 155/C, 160/C, 164/C, 169/A & 177/C और अयोध्या कैंट–सुलतानपुर में समपार संख्या 2/C, 5/C, 7/C (Total-39 Nos.) पर निर्मित एल.एच.एस. से पानी निकालने का कार्य।		
अनुमानित लागत	₹79,17,831.41	धरोहर राशि	₹1,58,400/-
कार्य समापन की अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 04 माह	वेबसाइट www.ireps.gov.in	
निविदा डालने का प्रारंभ	12.06.2024		
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	26.06.2024 को 15:00 बजे		

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। **1675/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना

जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) हेतु ई-निविदा
(यह निविदा सूचना नौकरी के लिये नहीं है)

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०) पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से लखनऊ मण्डल के 24 स्टेशनों के 60 लोकेशनों पर कमीशन के आधार पर UTS टिकट प्रणाली द्वारा अनारक्षित टिकट वितरण हेतु जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक के लिये कोटिवार ई–निविदा 01/2024 से 60/2024 तक आमंत्रित की जाती है:–

क्रम० सं०	स्टेशन	सामान्य	पिछड़ी	अनुसूचित	अनु. जनजाति	अल्प संख्यक	योग
1	लखनऊ	4	1	1	1	1	8
2	गोरखपुर	3	1	1		1	6
3	गोण्डा	2	1	1		0	4
4	बस्ती	2	2	1	1	0	6
5	खलीलाबाद	2	1		1	0	4
6	बादशाहनगर	2			1	0	3
7	ऐशबाग	2	1				3
8	मनकापुर	1	1				2
9	लखीमपुर	1	1	1		0	3
10	लखनऊ सिटी	1			1	1	3
11	मोहिबुल्लापुर	2					2
12	बभनान	1					1
13	आनन्दनगर	1	1	1			3
14	सिद्धार्थनगर	1	1	1		0	3
15	बढ़नी	2	1			1	4
16	बहराइच	2	1	1		1	5
17	नानपारा	1	1			1	3
18	मैलानी	1	1	1		0	3
19	गोला गोकरननाथ	1					1
20	तुलसीपुर	1				1	2
21	शोहरतगढ़	1					1
22	डोमिनगढ़	1					1
23	गोमतीनगर	1					1
24	गोरखपुर कैण्ट	1			1		2

♦ वेबसाईट पर ई–निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 02-07-2024 को 15:00 बजे तक है यह ई–निविदा दिनांक 02-07-2024 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक 02-07-2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। ♦ इस निविदा हेतु मैनुअल माध्यम से कोई निविदा/आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई निविदा प्राप्त होती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ♦ टेण्डर फॉर्म का मूल्य की राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध माध्यम ऑनलाईन पेमेण्ट विधि (नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि) के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ♦ विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट *www.ireps.gov.in (E-Tendering module)* पर उपलब्ध है। ♦ निविदा मैनुवल रूप से निस्तारित की जायेगी।

मुजाधि/वाणिज्य-41 मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

एशियन पेंट्स ने नियोभारत की ओर से दी जाने वाली क्रिकेट स्कॉलरशिप के साथ नए क्रिकेटरों के लिए राह आसान कर दी है

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ीपेंट और डेकॉर कंपनी, एशियन पेंट्स, ने 5 से 14 साल के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर'नियोभारत द्वारा पेश की गयी स्कॉलरशिप' लॉन्चकी। यह पहल उनके ब्रांड के सिद्धांत - 'हर घर खेलेगा, हर घरखिलेगा को दर्शाती है, इससे हर घर में प्रगति और विकास के अवसर पहुंचाने के उनके गंभीर संकल्प का पता चलता है। इस नए अभियान के ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली के साथ, एशियन पेंट्स का लक्ष्य माता-पिता और बच्चों को इस अवसर का लाभ उठाने और क्रिकेट स्कॉलरशिप के लिए नाम लिखवाने के लिए प्रेरित करना है।

हर घर खेलेगा, हर घर खिलेगा टैगलाइन को अपनाते हुए, नियोभारत की ओर से दी जाने वाली क्रिकेट स्कॉलरशिप का उद्देश्य क्रिकेट के सितारों की अगली पीढ़ी के सपनों को सच करना है

यह पहल टियर 2 और टियर 3 मार्केट में भारतीयों की उम्मीदों को मजबूत बनाने के नियोभारत के विचार का हिस्सा है। इसका उद्देश्य उभरती हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को खोजना और उनको सुविधाएं उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें अपने खेल को बेहतर बनाने और अपने जुनून को आगे बढ़ाने का मौका मिल सके। नियोभारत द्वारा दी जाने वाली इस क्रिकेट स्कॉलरशिप में 100 होनहार युवाओं में से प्रत्येक को 2 लाख रुपये की स्कॉलरशिप मिलेगी। प्रतियोगियों का मूल्यांकन दो पूर्व क्रिकेटरों द्वारा, खेल के प्रोफेशनल सेटअप में हुनर के आधार पर किया जाएगा। क्रिकेट स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 30जून, 2024 तक खुले हुए हैं, इसके लिए नियोभारत एशियन पेंट्स की वेबसाइट https://neobharatcricketscholarship.in/ द्वारा आवेदन किया जा सकता है। नियोभारत क्रिकेट स्कॉलरशिप पर बात करते हुए, एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ, अमित सिंगल, ने कहा, ÷एशियन पेंट्स में हमारा लक्ष्य यही है कि हम घरों को सुंदर बनाने में लोगों की मदद करके उनके जीवन में खुशियां लाएं। नियोभारत के साथ प्रगतिशील भारत की आकांक्षाओं को समर्थन देकर हम इस कैटेगरी को सभी लोगों तक पहुंचा रहे हैं। नियोभारत द्वारा दी जाने वाली यह क्रिकेट स्कॉलरशिप बदलाव और आगे बढ़ने में योगदान देने के हमारे संकल्प को दर्शाती है। इस पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उभरते क्रिकेटरों को ऐसी विरासत बनाने के लिए मजबूती देना है जो हर भारतीय घर की भावना को दिखाए।

क्रिकेट स्कॉलरशिप पर बनी यह ऐड फिल्म इस भावना को ही दिखाती है। इसकी शुरुआत बच्चों द्वारा क्रिकेट खेलने की तैयारी से होती है और उनका स्वागत महान क्रिकेटर विराट कोहली करते हैं। उनकी मौजूदगी से एक नयी उम्मीद जगती है क्योंकि वह युवा खिलाड़ियों को नए भारत की चमक को निखारने के लिए प्रेरित करते हैं।

शाश्वत विकास की दिशा में और एक कदम बढ़ातें हुए मैग्निफ्लैक्स इंडिया की ओर से मैग्निजिओ की शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मैग्निफ्लेक्स इस लक्ज़री मैट्रेस ब्रान्ड की ओर से आज मैग्निजिओ इस नए मैट्रेस की शुरुआत करनें की घोषणा की। यह मैट्रेस सर्वोत्कृष्ट आराम देनेंवाली होनें के साथ ही शाश्वत पर्यावरण की गारंटी भी देती है। विश्वभर में बढ़ते तापमान और पर्यावरण पर होनेंवाले घातक परिणाम के चलते यह दिखाई देता है की अपना ग्रह बड़े संकट की कगार पर खड़ा है।

मैग्निजिओ की शुरुआत करतें हुए मैग्निफ्लेक्स इंडिया ने अब शाश्वत भविष्य की ओर अपनीं यात्रा शुरु की है. मैग्निफ्लेक्स ने यह योजना बनायी है की हर एक मैग्निजिओ की खरीद पर ग्राहक के नाम से एक पेड़ लगाया जाएगा और उस का प्रमाणपत्र उन्हें या उनकें परिजनों के नाम से जारी किया जाएगा। अपनें इस नए उत्पाद के बारें में जानकारी देते हुए मैग्निफ्लेक्स के प्रबंध निदेशक आनंद निचानी ने कहा

मैग्निफ्लेक्स ने हरदम बढ़ोत्तरी पर ध्यान देनें के साथ ही नवीनतम निर्मिती के साथ ग्राहकों के समाधान पर अधिक ध्यान दिया है. हर एक ग्राहकों की बदलती जरुरतों को पूर्ण करनें के लिए हमनें हरदम ग्राहकों को प्रिमियम स्लीप सोल्युशन्स उपलब्ध करानें पर हमें गर्व है. मैग्निजिओ के माध्यम से हम आरामदायक उपायों के साथ हम पर्यावरण के प्रती हमारी जिम्मेदारी भी हम पूर्ण कर रहें है। गुणवत्तापूर्ण मैट्रेसेस की बढ़ती मांग के मद्देनजर मैग्निफ्लेक्स इंडिया ने मैग्निफ्लैक्स इन्वेस्टमेंट प्लान (एमआईपी) की शुरुआत की है. इस के तहत अब ग्राहकों को इक्वेटेड मंथली इन्स्टॉलमेंट (ईएमआई) योजना शुरु की है. इस योजना के कारण ग्राहकों को आसान ईएमआई पर्याय उपलब्ध होगा और वे उनके पसेंदीदा मैट्रेसेस की खरीददारी इस योजना के तहत कर सकते है। मैग्निफ्लैक्स की गुणवत्तापूर्ण उत्पादनों की 63 सालों की परंपरा है, यह परंपरा जारी रखतें हुए उन्होंने अत्याधुनिक, उच्च गुणवत्ता से युक्त मैट्रेसेस के साथ स्लीप सोल्युशन्स उपलब्ध कराए है.

नए पर्यावरण स्नेही तंत्रज्ञान के साथ पर्यावरण पर कम परिणाम करतें हुए आरामदायक नींद के लिए अब क्रांतिकारी बदलाव

ब्रान्ड की ओर से विविध स्लीप सोल्युशन्स के साथ पेटेंटेड मेमोफोन के साथ ड्युअल कोअर तंत्रज्ञान और पेटेंटेड तंत्रज्ञान से युक्त उत्पादन मॅग्निफ्लेक्स ब्रान्ड के तहत उपलब्ध कराए जाते है. ब्रान्ड के तहत हाल ही में शुरु किए गए उत्पादनों में मैग्निस्ट्रेच, मसाजिओ और अर्गो ट्री इलेक्ट्रिकल बेड्स का समावेश है, इन में नवीनता और तंत्रज्ञान का अच्छा समतोल रखा गया है. ब्रान्ड की गुणवत्ता मे सर्वोत्कृष्टता बढ़ाते हुए विविध बेंचमार्किंग स्टैन्डर्ड्स के प्रमाणन भी प्राप्त किए है. इन में यूएजे युरप, ओएको टेक्स स्टैन्डर्ड 100, ओएको टेक्स स्टेप, एससीए (अमरिकन चिरोपैरेटिक एसोसिएशन), एमईडी, एलजीए और अन्य प्रमाणनों का भी समावेश है।

इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2024 : 17 देशों से वैश्विक नेताओं ने भारत में प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक गठबंधन का आह्वान किया

बेंगलूरू। इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2024 का तीसरा संस्करण जबरदस्त आगाज के साथ आज बेंगलूरू में शुरू हुआ जिसमें 17 देशों से वैश्विक उद्योग नेताओं समेत 500 से अधिक हस्तियां शामिल हुई।अमेरिका, जापान, कोरिया, जर्मनी, सिंगापुर, इस्रायल, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, यूएई एवं अन्य देशों से निवेशक, वेंचर कैपिटलिस्ट, उद्यमी शामिल रहे जिन्होंने भारत में अपने समकक्ष लोगों के साथ प्रौद्योगिकी और कारोबार से जुड़ी परिचर्चा की।

वैश्विक और देश के नेताओं ने भारत में डिजिटल परिवर्तन एवं स्टार्टअप पारितंत्र को सहयोग के लिए रूप रेखा पर चर्चा की

आईजीआईसी 2024 के उद्घाटन सत्र में भारतीय एवं वैश्विक स्टार्टअप के संस्थापक, वीसी एवं निवेशक, कॉरपोरेट एवं सरकारी अधिकारी, प्रौद्योगिकी एवं लोकनीति के विशेषज्ञ एक साझा मंच पर एकत्रित हुए। इन नेताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने स्टार्टअप्स में निवेश के लिए भारत एक पसंदीदा स्थल, डिजिटल उपभोक्ता क्रांति की लहर का दोहन, जीसीसी डायनामिक और कॉरपोरेट इन्नोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप सॉल्यूशन, भारत का अनूठा इन्नोवेशन मॉजल, विश्व के सेमी कंडक्टर की शीर्ष कंपनियों की फेरहिस्त में भारत के शामिल होने की रूपरेखा, अगले पांच वर्षों के लिए भारत के टेक्नोलॉजी भविष्य के लिए विजन समेत कई विषयों पर चर्चा परिचर्चा की। मादजा एंड मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के चेयरमैन क्लॉड मादजा ने कहा, ÷भारत ने डीप टेक, हेल्थटेक, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण पैठ बनाई है और यह नवप्रवर्तन पर पहले से ही बहुत अधिक ध्यान दे रहा है एवं 21वीं सदी के स्टार्टअप्स को सहयोग कर रहा है। केंद्र में नयी सरकार को नई नीतियों की जरूरत नहीं है, बल्कि इस चरण में इसे विकास में तेजी लाने और पहले से जो हो रहा है, उसका विस्तार करना चाहिए। हम एक मोड़ पर हैं और हमारे सामने इसे पार करने और इसे और ऊंचे स्तर पर ले जाने की चुनौती है। कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम), इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव गुप्ता ने कहा, ÷बेंगलूरू ने स्वयं को एक वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में स्थापित किया है। आज भारत के 25 प्रतिशत पंजीकृत स्टार्टअप्स कर्नाटक के बेंगलूरू में स्थित हैं और आईजीआईसी, ब्रांड बेंगलूरू के निर्माण में एक स्वभाविक साझीदार है और यह प्रौद्योगिकी, निवेश, जीटीएम, मेंटर्स और स्टार्टअप वैल्यू चेन में इसकी स्थिति मजबूत करता है। यूनिकॉर्न में सबसे बड़ी हिस्सेदारी और इस पारितंत्र में सबसे अधिक प्रतिभाओं के साथ कर्नाटक इस देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अग्रणी स्थिति में है। इस वैश्विक आईजीआईसी प्लेटफॉर्म के साथ हम हमारे उभरते प्रौद्योगिकी क्लस्टरों (मैसूरू, मंगलूरू, हुबली, धारवाड़ बेलगावी) से स्टार्टअप्स को मुख्य धारा में ला रहे हैं और उनके लिए निवेशकों, मार्गदर्शकों और वैश्विक कारोबारी साझीदारों तक पहुंच बेहतर और आसान बना रहे हैं। कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) के चेयरमैन बी.वी. नायडू ने कहा, बेंगलूरू स्टार्टअप पारितंत्र तेजी से फल फूल रहा है जहां 25,000 से अधिक स्टार्टअप्स परिपक्व आईटी सेवा क्षेत्र के बल पर उल्लेखनीय निवेश आकर्षित कर रहे हैं।

यदि आपको भारत में अभी निवेश करना है तो आप एक तेजी से बढ़ते बाजार को भूल रहे हैं। भारत में विश्व की सबसे अच्छी डिजिटलीकरण की कहानियां हैं और शानदार इंटरनेट प्रसार है जहां 1.3 अरब की आबादी में से 1.1 अरब की आबादी एक दूसरे से जुड़ी हुई है।

श्रीधर वत्सर ने बालवीर में शरारती मास्टरमाइंड 'तौबा तौबा' का किरदार निभाकर जीता सबका दिल

नई दिल्ली। 'तौबा तौबा' एक खलनायक का, लेकिन मजेदार किरदार है, जो 'बालवीर' में प्रशंसकों का चहेता बन गया है ! बेहद टैलेंटेड श्रीधर वत्सर तौबा तौबा का किरदार अदा कर रहे हैं और यह किरदार अपनी चुलबुली हरकतों और शातिर योजनाओं से दर्शकों का दिल जीत रहा है। श्रीधर इस सीरीज के आने के बाद से ही देव जोशी (बालवीर) के साथ इसका अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने तौबा तौबा को एक अनूठापन दिया है और यह किरदार खलनायक होने के साथ-साथ हंसी दिलाने वाला भी है। श्रीधर ने तौबा तौबा को इतने दिलचस्प तरीके से निभाया है कि वह बालवीर की दुनिया का एक चहेता और यादगार हिस्सा बन चुका है।

सोनी लिव पर आ रहा बालवीर सीजन 4 लगातार दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। श्रीधर ने इसमें अपने बेहतरीन सफर के बारे में बताया, ''तौबा तौबा का किरदार निभाना एक बेहतरीन सफर रहा है। इसमें तरह-तरह के पड़ाव आये, लेकिन चुनौतियाँ और तरक्की के मौके भी थे। यह किरदार मेरे दिल के करीब है और इसे स्क्रीन पर लाने का मौका मिलने के लिये मैं आभारी हूँ। उसका शरारती स्वभाव और उसके द्वारा खड़ी की जाने वाली परेशानियाँ हमेशा हालात को दिलचस्प बना देती हैं। इस भूमिका के सबसे अच्छे पहलुओं में से एक है अपने नन्हे दर्शकों को हंसने और रोमांचित होने का मौका देना। तौबा तौबा चारों सीजनों में बालवीर की दुनिया का पसंदीदा हिस्सा रहा है। और बीते सालों में प्रशंसकों से जो प्यार और समर्थन मिला है, उसके लिये मैं बहुत आभारी हूँ। सोनी लिव पर अब बालवीर का चौथा सीजन प्रसारित हो रहा है और एक्शन से भरपूर अपने एडवेंचर तथा सम्मोहक दुनिया के साथ इसने लगातार हमारा दिल जीतना जारी रखा है। इस सीरीज में बुरी ताकतों से बालवीर की जोरदार लड़ाइयाँ दिखाई जाती हैं। नये सीजन में अदिति सानवाल बनी हैं काशवी और अदा खान आगील की भूमिका निभा रही हैं, जिसे हराना काफी मुश्किल है। इस सीजन में दर्शकों को बहादुरी, जादू और दोस्ती की ताकत से भरी एक रोमांचक कहानी देखने का मौका मिलेगा।

न्युवोको विस्टास ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट को लॉन्च किया

मुंबई। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने इस विश्व पर्यावरण दिवस पर अपना एक नए और बेहतरीन उत्पाद, इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट को लॉन्च किया। यह बेहतरीन और मजबूत निर्माण सामग्री ऊर्जा कुशलता को बढ़ाकर और इमारतों को ठंडा रखने में आने वाली एनर्जी की लागत को कम करके ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते इनडोर तापमान की चुनौतियों का पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करता है। यह उत्पाद हाउसिंग, इंडस्ट्रियल और संस्थागत भवनों के लिए आदर्श है। यह 5 जून, 2024 से शुरू होने वाले न्युवोको के आरएमएक्स प्लांट्स के माध्यम से पूरे भारत में आसानी से उपलब्ध होगा। श्री प्रशांत झा, चीफ, रेडी-मिक्स (आरएमएक्स) कंक्रीट, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने हाल ही में लॉन्च किए गए इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस को लेकर उन्होंने कहा कि न्युवोको में, सस्टेनेबिलिटी पहली प्राथमिकता है, और एक बार फिर इस विश्व पर्यावरण दिवस पर हमारे इनोवेटिव उत्पाद इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट के लॉन्च द्वारा इसका प्रदर्शन किया गया है। यह इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इकोड्यूर ऊर्जा खपत और इनडोर तापमान रेगुलेशन के महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करके हमारे ग्राहकों और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचाने वाले समाधान प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण का उदाहरण है। यह लॉन्च एक ग्रीन, अधिक ऊर्जा-कुशल भविष्य को बढ़ावा देने की हमारी खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमारा मानना है कि इकोड्यूर एक नया इंडस्ट्री स्टैंडर्ड स्थापित करेगा, जिसके परिणामस्वरूप अधिक सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन प्रेक्टिसिज विकसित होंगी और जलवायु परिवर्तन को काफी हद तक कम करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट निर्माण सामग्री एक टेक्नोलॉजी सफलता है, जिसे स्पेशलाइज्ड एग्रीगेट्स के साथ तैयार किया गया है जो पारंपरिक कंक्रीट की तुलना में कम थर्मल कंडक्टिविटी प्रदर्शित करते हैं। यह एडवांस्ड ब्लेंड इनडोर तापमान को 3 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में मदद करता है, जो ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ी बढ़ती गर्मी से निपटने का एक सस्टेनेबल तरीका प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, यह इमारतों में कूलिंग लोड और एनर्जी यूज इंटेंसिटी (ईयूआई) को भी कम करता है, जिसके परिणामस्वरूप कई सारे लाभ होते हैं -जिनमें बिल्डिंग ईयूआई में 5 प्रतिशत की कमी, स्पेस कूलिंग लोड में 6 प्रतिशत की कमी और कूलिंग क्षमता की आवश्यकता में 7 प्रतिशत की कमी प्रमुख लाभ हैं। इसके अलावा, इसका कम डेनसिटी किसी भी भवन के भार को हल्का करने में योगदान देता है, जिससे निर्माण लागत कम हो सकती है। इकोड्यूर कार्बन में कमी के माध्यम से इमारतों के संपूर्ण तौर पर कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में भी मदद करता है।

पोकरबाज़ी ने पहला 'बाज़ी मिलियन्स' टूर्नामेंट पेश किया

यह एक अनूठा इवेंट है, जिसमें टॉप 25 रैंक वालों में से हर एक को 10 लाख रूपये मिलेंगे

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े पोकर प्लेटफॉर्म पोकरबाज़ी ने हाल ही में 'बाज़ी मिलियन्स' का पहला एडिशन पेश किया है। यह बदलाव लाने वाला एक टूर्नामेंट है, जिसमें टॉप 200 रैंक धारकों के लिये पे-आउट का गारंटीड इंतजाम है। यह टूर्नामेंट 1 जून से शुरू होकर 9 जून तक चलेगा। इसमें पेशेवर और नये पोकर प्लेयर्स टॉप में आने के लिये मुकाबला करेंगे। इस पोकर टूर्नामेंट में टॉप 25 रैंक वालों में से हर एक को 10 लाख रूपये का गारंटीड पेआउट मिलेगा, जैसा कि पहले कभी नहीं हुआ है। बाज़ी मिलियन्स भारत में पोकर टूर्नामेंट की संस्कृति को आगे बढ़ाने और बनाने के लिये पोकरबाज़ी की एक नई उपलब्धि दर्शाता है।

बाज़ी मिलियन्स की पेशकश पर अपनी बात रखते हुए, बाज़ी गेम्स के सीईओ और फाउंडर नवकिरण सिंह ने कहा, ''पोकरबाज़ी की शुरूआत से ही, हम लगातार अपना सबसे अच्छा प्रयास कर रहे हैं कि कैसे अपनी सीमाओं से आगे बढ़कर पोकर खिलाड़ियों को असाधारण मूल्य प्रदान कर सकें। बाज़ी मिलियन्स भारत की पोकर कम्युनिटी में लगातार कुछ ना कुछ नया करते रहने के लिये हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। यह टूर्नामेंट टॉप 200 प्लेयर्स को अनोखे तरीके से इनाम देता है। इस तरह बाज़ी मिलियन्स प्लेयर्स के लिये अपने तरह का नया अनुभव बन जाता है।

टूर्नामेंट में पेआउट की व्यवस्था-

रैंक्स गारंटीड पेआउट

1 से 25 हर एक को 10 लाख रुपये

26 से 50 हर एक को 5 लाख रुपये

51 से 75 हर एक को 2 लाख रुपये

76 से 100 हर एक को 1 लाख रुपये

101 से 200 हर एक को 50 हजार रुपये

प्लेयर्स पोकरबाज़ी ऐप्लीकेशन पर रजिस्टर होकर इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकते हैं। पोकरबाज़ी के विषय में पोकरबाज़ी भारत का सबसे बड़ा ऑनलाइन पोकर प्लेटफॉर्म है, जो खिलाड़ियों को सुरक्षित तरीके से पोकर खेलने का मौका देता है। बाज़ी गेम्स के फाउंडर और सीईओ श्री नवकिरण सिंह के नेतृत्व में इस प्लेटफॉर्म के पास अभी 40 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स हैं। पोकरबाज़ी अपने प्रोडक्ट एवं आईपी में लगातार नवाचार करके भारत में पोकर के विस्तार में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। पुरस्कार जीत चुका गेमिंग मोबाइल एवं डेस्कटॉप ऐप 24/7 कस्टमर सपोर्ट, यूजर-फ्रैंडली इंटरफेस और टूर्नामेंट्स की एक व्यापक रेंज मुहैया कराता है और यह खूबियां पोकरबाज़ी को एक दिलचस्प प्लेटफॉर्म बनाती है।

लुलु मॉल ने आयोजित की साईकिल प्रतियोगिता

लखनऊ। लखनऊ का सुप्रसिद्ध शॉपिंग डेस्टिनेशन लुलु मॉल किसी भी मौके को यादगार खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ता है पर इस बार उसने पर्यावरण दिवस के मौके पर साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया है। लुलु मॉल और डेकाथलॉन ने साथ मिलकर चार एवं पांच जून को पर्यावरण को बेहतर और हरा भरा रखने की सोच से एक साईकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में ग्राहकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में एक बार में चार प्रतिभागी ही प्रतिभाग कर सकते थे। जीतने वाले प्रतियोगी को पर्यावरण दिवस के धरोहर के स्वरूप उपहार में ग्रीन ट्री दिया गया। लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने कहा पर्यावरण बचाना एवं उसे सुरक्षित रखना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए, आज के दौर में जब प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग इतनी तेजी से बढ़ रही है, उसको संभालने का काम करने का एक मात्र तरीका है वातावरण का शुद्ध एवं हरा रखना इसी क्रम में लुलु मॉल ने डेकाथलॉन के साथ मिलकर साईकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

सीबीएसई सचिव ने तीसरे जयपुरिया वार्षिक पुनश्चर्या प्रशिक्षण 2024 की सराहना की

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा री स्किलिंग - अप स्किलिंग- जयपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग 2024 के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया । जयपुरिया समूह की ओर से हुई इस पहल की सीबीएसई के सचिव ने सराहना की है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ के परिसर में अयोजित किया गया था जिसका मूल उद्देश्य शिक्षा में व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक कौशल को एकीकृत करना सिखाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मुख्य अतिथि, श्री हिमांशु गुप्ता, सचिव, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई); जी ने किया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि, श्री हरीश संदुजा, निदेशक स्कूल एवं आईटी, सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस; विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम कोचिट्टी, प्रिंसिपल, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ और श्री अनिर्बान भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष, पार्टनर स्कूल, सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल भी उपस्थित रहे। समूह के स्कूल प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और भागीदारों सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने इस 2-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया ,जिसमे शिक्षकों ने अनुभवी एवं ख्याति प्राप्त शिक्षाविदों से नवीनतम शैक्षणिक प्रगति से अवगत होने के साथ -साथ आवश्यक कौशल भी प्राप्त किए जिससे वे उत्कृष्ट शिक्षण में सबसे आगे रहेंगे। सभा को संबोधित करते हुए, श्री हिमांशु गुप्ता ने कहा कि शिक्षक की युवा प्रतिभा को सही दिशा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को अनिवार्य बनाती है। इस क्षेत्र में जयपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग जैसी पहल प्रशंसा की पात्र है। श्री हरीश संदुजा ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में छात्रों को नई तकनीक द्वारा ज्ञान प्राप्त कराने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए को शिक्षकों को भी नई तकनीकी कौशलों से युक्त किया जाना आवश्यक है। री स्किलिंग - अप स्किलिंग- जयपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग 2024 दो दिवसीय कार्यक्रम था। पहले दिन एनसीएफ-एसई को समझना, प्रौद्योगिकी के युग में शिक्षण, हमारे दिल को स्वस्थ रखने के तरीके, स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक भागीदारी, सफलता के लिए टीम वर्क का निर्माण और जनरेशन गैप को कम करना जैसे विषयों पर प्रासंगिक सत्र आयोजित किए गए।

11 सी.एम.एस. छात्रों को भारत सरकार की 44 लाख रूपये की स्कॉलरशिप



लखनऊ अवधनामा संवाददाता। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के 11 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 44 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को चार लाख रूपये मिलेंगे। स्कॉलरशिप अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों में विराज सिंह, हसित राजपूत, जय मिश्रा, सौम्या देशमुख, आकर्ष श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता, पलक यादव, श्रेया नाथ गौतम, तन्मय सिंह, अविराज दुग्गल एवं प्रखर सहाय शामिल हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। श्री खन्ना ने बताया कि इस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80,000/- रूपये अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार, सभी 11 छात्रों को कुल 44 लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस के इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा-12) परीक्षा-2024 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है। इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु विज्ञान की उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	ई निविदा सूचना संख्या	टीआरडी–5–सीनि.डी.ई.ई.–लखनऊ–24–2 कॉल
2	कार्य का नाम	सेक्शनिंग में सुधार हेतु अकबरपुर से टांडा एस.एस.पी. तक 25 के.वी. फीडर तार लगाने एवं लखनऊ मंडल के अमौसी टी.एस.एस. में सी.बी. एवं ईंटरप्टर के रिप्लेसमेंट हेतु डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य।
3	अनुमानित लागत	रु. 2,30,19,262.37
4	बयाना राशि	रु. 2.65,100.00/-
5	कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह
6	निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनॉक 01.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद।
7	प्रस्ताव की वैधता	निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन
8	उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।
9	पात्रता मापदण्ड	निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक की वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता : 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" एक समान कार्य की परिभाषा होगी : Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 kV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोट : इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. टीआरडी–5–सीनि.डी.ई.ई./लखनऊ–24–2कॉल दिनॉंक 04.06.2024 1690/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आंधी-पानी व तूफान से क्षति हुए केले की फसलों का डीएम ने लिया जायजा

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने गुरुवार को तहसील खड्डा के ग्राम बेलवनिया में तेज वर्षा के साथ आई आंधी और तूफान से हुए

सर्वे कराकर शासन से सहायता दिलाने की कही बात

किसानों के खेतों में लगी बागवानी फसलों के अंतर्गत केले की फसल क्षति का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान किसानों से संवाद कर फसलों की क्षति एवं नुकसान का भी जायजा लिया। जमींदोज हुई केले की तैयार फसल को देखकर अफसोस भी जताया। उन्होंने उपजिलाधिकारी खड्डा ऋषभ पुंडीर एवं जिला उद्यान अधिकारी को कृष्ण कुमार को निर्देशित किया कि तेज वर्षा, आंधी और तूफान से हुई बेलवनिया तथा आसपास के सभी गांव के सभी किसानों के बागवानी फसलों के अंतर्गत सिंचित क्षेत्रों में केले की फसलों की क्षति का सर्वे करा ले एवं शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप अनुमन्य सहायता धनराशि किसानों को त्वरित उपलब्ध कराए। अतिरिक्त टीमें लगाकर सर्वे कार्य त्वरित गति से संपन्न करें एवं क्षति का आकलन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने सभी उपस्थित किसानों को आश्वस्त किया कि आपदा के अंतर्गत फसलों के हुए नुकसान की अनुमन्य सहायता धनराशि नियमानुसार शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी। एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत केले की फसल को प्रदेश भर में और अधिक ख्याति भी दिलाई जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खड्डा ऋषभ पुंडीर, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, तहसीलदार खड्डा, क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं ग्राम के किसान उपस्थित रहे।

बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर बैठक आज

कुशीनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया है कि उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2024 की प्रवेश परीक्षा दिनांक 09 जून 2024 को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा जनपद में निर्धारित 15 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होनी है। उक्त परीक्षा को सुचारू, शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समस्त केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट/केन्द्र प्रतिनिधि, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की एक आवश्यक बैठक दिनांक 07-06-2024 को सांय 05:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई है। कृपया उक्त बैठक में ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

कप्तानगंज रेलवे स्टेशन पर बेहोश मिला झारखंड का युवक

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। कुशीनगर जिले में स्थित कप्तानगंज जंक्शन से होकर गुजरने वाले गोरखपुर से नरकटियागंज पैसेंजर ट्रेन जहरखुरानी का शिकार एक युवक मिला। आरपीएफ के जवानों ने उसे ट्रेन से उतार कप्तानगंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित युवक खतरे से तो बाहर है, लेकिन अभी भी मानसिक रूप से स्वस्थ नही हो सका। इसका इलाज सीएचसी में भर्ती करके इलाज किया जा रहा। डॉक्टर ने कहा जहर खुरानी आरपीएफ मान रहे सिर्फ बीमार 18 घण्टे बाद भी यात्री के परिजनों से सम्पर्क नही कर पाई आरपीएफ।

जानकारी के मुताबिक कप्तानगंज जंक्शन पर 05450 गोरखपुर नरकटियागंज पैसेंजर बुधवार रात करीब आठ बजे प्लेटफार्म नम्बर दो पर पहुंची

जिसमे एक युवक के बेहोश होने की बात सामने आई। कप्तानगंज आरपीएफ के जवानों ने उसे उतार बेहोशी हालत में रेलवे के डॉक्टर से दिखया। जब उसके हालत में सुधार न हुआ तो सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा। युवा के पास से मिले आधार कार्ड में इसका नाम निस्तार हेमरोम पुत्र मनबोध हेमरोम के रूप में हुई। इसका पता झारखंड प्रान्त के बनिया टोली इचा थाना तोरपा का बताया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक इस मामले पर सीएचसी कप्तानगंज पर तैनात डॉक्टर उमेश चंद ने बताया कि यह मरीज जहर खुरानी का शिकार है। इसका इलाज चल रहा है उसकी हालत में सुधार तो हो रहा लेकिन अभी डिस्चार्ज करने योग्य नही है। इस सम्बंध में आरपीएफ कप्तानगंज प्रभारी समय सिंह ने कहा कि हमे एक यात्री के बीमार होने की सूचना मिली।

डॉक्टर ने कहा जहरखुरानी, आरपीएफ कह रही बीमार था यात्री

स्टेशन अधीक्षक को सूचित करने के बाद हमारे स्टाफ उसके साथ लग कर इलाज करा रहे। डॉक्टर का व्यूव जो भी हो हम उसे जहरखुरानी नही कह सकते। जबतक यात्री खुद न बताए आधार कार्ड के पते को लेकर हम छानबीन कर रहे।

बाइक सवार युवक टेंपू से भिड़ा, गंभीर

कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। गुरुवार को कसया हेतिमपुर के समीप फोरलेन पर अनियंत्रित बाईक सवार युवक टेंपू में ठोकर मारते हुए सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाएं, चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक के सिर के गंभीर चोट लगी है। कुशीनगर के विशुनपुरा निवासी राजू हेतिमपुर किसी काम से गए थे। शाम करीब छह बजे वह कुशीनगर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान फोरलेन किनारे खड़ी टेंपू में ठोकर मार दी और गंभीर रूप से घायल हो गए। कुशीनगर चौकी प्रभारी रणजीत सिंह बघेल ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी, उसके पूर्व ही घायल को इलाज हेतु भेज दिया गया था।

सौ दिन के एजेंडे पर बैठक कर कार्ययोजना पर हुई चर्चा

अमेठी अवधनामा संवाददाता। नेहरू युवा केन्द्र की ओर से विकासखंड भादर की ग्राम पंचायत खरगपुर में उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने युवा मण्डल के साथ बैठक कर 100 दिन के एजेंट पर चर्चा करते हुए बताया की युवा मंडल को चार बिंदुओं पर काम करना होगा। पहले रक्तदान के लिए इस ग्राम पंचायत से 20 युवाओं की सूची तैयार करना गांव में ही 250 वृक्ष लगाए जाने हैं जिनका संरक्षण भी युवा मंडल के पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा तथा 50 सोखता गड्ढा हैंडपंपों की बहते हुए पानी को एक जगह एकत्रित करके भू गर्भ जल के स्तर को इस तकनीक के माध्यम से बचाने का अभियान चलाया जाएगा चौथा ग्रीन जॉब के अंतर्गत हम सभी युवाओं को हरित क्रांति के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है तथा और लोगों को भी इस तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने में मदद करने की विस्तृत जानकारी दी गई। युवा परिषद अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने युवाओं को संगठित होकर कार्य करने की तथा सरकार की जन कल्याणकारी योजना प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचे उसके लिए निरन्तर प्रयास करने की सलाह दी। इस मौके पर युवा मण्डल अध्यक्ष सर्वेश विक्रम सिंह पूर्व एनवाईवी राहुल कुमार प्रधान प्रतिनिधि उमेश मिश्र अभय सिंह शालिनी सिंह अंतिमा जायसवाल अभिषेक सिंह योगेश यादव सहित तमाम युवा उपस्थित रहे।

गन्ने की खेत में अधेड़ का मिला शव, हत्या की आशंका

शव को पोस्टमार्टम भेजने के बाद जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम परसा उर्फ सिरसिया निवासी एक व्यक्ति की ग्राम भावपुर के टोला डुमरिया में एक गन्ने के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों के अनुसार प्रथम दृष्टिया हत्या कर गन्ने के खेत में शव छुपाए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में ले विधिक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

गुरुवार को से रही थाना क्षेत्र के ग्राम परसा उर्फ सिरसिया निवासी श्रीकांत सिंह पुत्र स्वर्गीय सूरज सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष कि घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर ग्राम भावपुर में एक गन्ने के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। परियों के अनुसार मृतक बुधवार की सुबह 7 अपने घर से दूध लेकर निकाला था। देर शाम तक वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई और उनके द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों से सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंच मृतक का शव देखते ही दहाड़े मार कर विलाप करने लगे। परिजनों द्वारा प्रथम दृष्ट्या शव देखने के उपरांत उसकी हत्या कर शव को गन्ने के खेत में छिपाए जाने की आशंका व्यक्त किया। शव की स्थिति को देखने पर आंख सहित चेहरे पर कई जगह चोट के निशान देखे गए।

ऐसा लगा कि हमलावरों द्वारा कुरूरता की हद पर करते हुए किसी धारदार हथियार से आंख पर अनेकों प्रहार किया गया हो। घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची मृतक की पत्नी उमरावती देवी सहित तीन पुत्र व तीन पुत्रियों का परिवार रोते बिलखते प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई गई। वही घटना को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू पीड़ित परिजनों से मिल ढांढस बंधाते हुए पुलिस प्रशासन से घटना का खुलासा किए जाने की मांग किया है। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सेवरही दिग्विजय नारायण राय ने बताया कि शव को कब्जे में ले विधिक कार्यवाही के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

हिन्दी फिल्म दहेज दंश का आखिरी क्लाइमैक्स शूट सम्पन्न

अमेठी अवधनामा संवाददाता। अवध सिनेमा अमेठी फिल्म प्रोडक्शन बैनर तले बन रही हिन्दी फिल्म दहेज दंश की शूटिंग इन दिनो निरंतर जारी थी। जो अमेठी जिले के गौरीगंज टिकरिया में डी आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल और नवदुर्गा मैरिजलान एवं मुन्शीगंज आदि स्थानो पर की गयी । जिसमें गाँव से जुड़े अमेठी के छोटे कलाकारो को इस फिल्म में कार्य करने का सुनहरा अवसर मिला फिल्म में अपने किरदार को निभाने में आनन्द की अनुभूति के साथ कलाकारो के मनोबल में वृद्धि हुई। जो फिल्म के रिलीज होने के साथ मनचाहे मुकाम तक पहुँचाने मे सहायक सिद्ध हो सकती है। अमेठी क्षेत्र के कलाकार और अवध प्रोडक्शन अमेठी फिल्म के प्रोड्यूसर एवं नायक की भूमिका निभा रहे लकी यादव बहुत ही अच्छे एक्टर हैं। खलनायक के किरदार मे अंश यादव ने बेजोड़ अदाकारी दिखाया। नेगेटिव इंस्पेक्टर की भूमिका निभा रहे श्रीनाथ शुक्ल हवा सिंह के रोल में नजर आये। लेडीज इंस्पेक्टर सपना यादव और माँ के रोल में पूजा यादव की भूमिका सराही गयी विनोद मिश्र रंजीत यादव गरिमा ए दीपक सिनेमा स्टाइल डारेक्शन दे रहे हैं जिनके द्वारा भोजपुरी और साउथ की कई मूवियाँ की जा चुकी है। कैमरा सहायक शिवशंकर ने भोजपुरी फिल्म में सहायक के रूप में कार्य किया है। अवध सिनेमा प्रोडक्शन ने इस फिल्म मे कलाकारो के उत्थान हेतु सकारात्मक मुहिम चलाकर एक और फिल्म जल्द ही बनाने का निर्णय लिया। मुख्य हीरोइन के किरदार में प्राची कुन्दन आइटम सांग दिव्या मिश्रा द्वारा किया गया वहीं सहायक कलाकार के रूप में सरिता त्रिपाठी भी मौजूद रही सहकलाकार में प्रियंका धर्मराज रमाकान्त पाण्डेय वेणुकर प्रिन्स पंकज दीपक विनोद जायसवाल कोरियोग्राफर पवनपाल फाइटमास्टर ग्रुप एवं कास्टिंग सहित सैकड़ो लोगो ने सहयोग किया।

तेज आंधी में गिरे पेड़, आम की फसल को नुकसान

महमूदाबाद सीतापुर अवधनामा संवाददाता। बीती रात तेज आंधी और पानी की वजह से महमूदाबाद क्षेत्र के आसपास बड़ी संख्या में बड़े बड़े पेड़ धराशाई हो गए और बड़ी-बड़ी बागों में आम की फसल को नुकसान हुआ है। बागवानों ने बताया कि बारिश न होने से आम की फसल सूख रही थी और कल रात तेज आंधी आने से आम की फसल को बहुत नुकसान हो गया है गिरे हुए कच्चे आमों को सस्ते दामों पर बेचना पड़ रहा है इस नुकसान की भरपाई कर पाना हम बागवानों को मुश्किल होगा।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश को आवेदन 16 तक

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिला समाज कल्याण अधिकारी आर के शर्मा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जनपद में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग संस्थान का संचालन गौरीगंज में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु प्रतियोगी परीक्षा में कुल 320 सीटों के सापेक्ष 80 सीट यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0सी0 परीक्षा में स्नातक अन्तिम वर्ष के अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण व 80 सीट एन0ई0ई0टी/जे0ई0ई0 परीक्षा में कक्षा-11 एवं कक्षा-12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण व 80 सीट यू0पी0एस0एस0एस0सी0/एस0एस0सी0 परीक्षा में कक्षा-12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण व 80 सीट एन0डी0ए0 परीक्षा में कक्षा-12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण छात्र/छात्रा जिनकी आयु 07 जुलाई 2006 से 01 जुलाई 2009 के मध्य जन्म हुआ हो तथा 80 सीट सी0डी0एस0 परीक्षा में स्नातक अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण छात्र/छात्रा पात्र होंगे। इस क्रम में उन्होंने बताया कि छात्र/छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदन हेतु आवश्यक प्रपत्रों के साथ कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी से अथवा कोर्स कोर्डिनेटर से मो0नं0-9452535372 पर संपर्क किया जा सकता है तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु पात्रता शर्त के अनुसार छात्र/छात्रा के अभिभावक जनपद का निवासी हो तथा निर्धन व जरूरतमंद हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन 21 तक

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उ0प्र0/उ0प्र0 शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पारिवारिक आय रु 1 लाख वार्षिक आय तक जीवनयापन करने वाले शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को भारत सरकार की अधिकृत संस्था डोयएक वर्तमान में नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त कार्यरत संस्थानों में ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि जिसके लिये संस्था के चयन हेतु पात्रता व शर्ते एवं समय सारिणी के अनुसार नीलिट द्वारा ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये विभागीय वेवसाइट www.backwardwelfare.up.nic.in पर दिये गये लिंक obccomputer-training.upsdc.gov.in से निर्धारित प्रारूप पर संस्था द्वारा 08 जून 2024 से 21 जून 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है एवं इस हेतु दिशा निर्देश/समय सारिणी उक्त वेबसाइट पर विभाग द्वारा प्रदर्शित करा दी गयी है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने एवं मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों एवं आधारभूत ढाँचे का विवरण ऑनलाइन अपलोड कराने के साथ ही आवेदन पत्र की हार्ड कापी मय संलग्नकों सहित निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण इन्दिरा भवन उ0प्र0 लखनऊ एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अमेठी विकास भवन गौरीगंज कार्यालय में प्रत्येक दशा में दिनांक 21 जून 2024 की अपराह्न 5 बजे तक जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त अर्हता रखने वाली इच्छुक प्रशिक्षणदायी संस्थाएँ नियत तिथियों के अन्तर्गत विभागीय वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन आवेदन करते हुये उपरोक्तानुसार दिये गये पतों पर संलग्नकों सहित हार्डकापी उपलब्ध करा सकते है।

हल्की बरसात से ही विद्यालय परिसर हुआ जलमग्न

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत पचौरी में स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर हल्की बरसात होते ही जलमग्न हो चुका है। यदि समय से जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान दिया तो विद्यालय में पठन पाठन के साथ साथ बच्चो और शिक्षको को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ेगा। वृहस्पतिवार को सुबह में हल्की बरसात हुई थी। जिससे विद्यालय परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया था। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से यह स्थित बनी हुई है। अभी तो शिक्षण कार्य बंद चल रहा है। जुलाई माह में शिक्षण कार्य शुरू हो जायेगा। और बरसात का भी समय आ जाएगा। ऐसी स्थिति में विद्यालय परिसर जो लो लैंड है यदि जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया तो यहां पठन पाठन कार्य बाधित होने के साथ बच्चो और शिक्षको को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ेगा। प्रधान आनंद यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा की समस्या का समाधान जल्द करा दिया जाएगा। इस संदर्भ में ग्राम सचिव कृष्ण मोहन यादव ने कहा की जो लो लैंड है उसमे मिट्टी की भराई करा दी जाएगी।

15 तक जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय में जमा करें लॉगबुक

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (ईंधन) नीलेश उत्पल ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रयुक्त समस्त हल्के भारी वाहनों में ईंधन आपूर्ति एवं उनके किराया भाड़े के भुगतान के सम्बन्ध में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जाना है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जिन वाहन स्वामियों द्वारा अभी तक निर्वाचन में प्रयुक्त वाहन की लॉगबुक (मय खाता विवरण/बैंक पासबुक की छाया प्रति) जमा नहीं की गयी हो तो दिनांक 15 जून 2024 तक प्रत्येक दशा में जनपद के जिला पूर्ति कार्यालय गौरीगंज में जमा कराना सुनिश्चित करें।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत आवेदन 20 तक

अमेठी। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद अमेठी में ट्रेडवार लक्ष्य बढ़ई नाई दर्जी कुम्हार लोहार सोनार टोकरी बुनकर राजमिस्त्री हलवाई मोची एवं धोबी ट्रेडों में 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक 20 जून 2024 तक वेबसाइट di-upmsme.upsc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है एवं आवेदक की पात्रता के साथ वांछित अभिलेखों यथा आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो बैंक पासबुक की छायाप्रति आधार कार्ड जाति प्रमाण पत्र (एस0सी0 ओ0बी0सी0 वर्ग के लिए) आयु प्रमाण पत्र आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए।

शादी के लिए अनुदान को करें ऑनलाइन आवेदन

अमेठी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के ऐसे गरीब व्यक्तियों जिनके पुत्रियों की शादी वित्तीय वर्ष 2024-25 में हो चुकी है अथवा होनी है उन व्यक्तियों को शादी अनुदान प्राप्त करने हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट www.shadianudan.upsdc.gov.in पर उसी वित्तीय वर्ष में शादी से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद सीधे ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान हेतु पात्रता के तहत आवेदक की वार्षिक आय (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) रू0 1 लाख से अधिक न हो आवेदक एवं पुत्री का आधार नम्बर मोबाइल नम्बर से अनिवार्य रूप से लिंक हो तहसील द्वारा निर्गत ऑनलाइन आय एवं जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला अथवा विकलांग आवेदक को वरीयता प्रदान की जायेगी

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त बैंक प्रबन्धकों के साथ बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई की सफलता हेतु समस्त बैंक प्रबन्धकों व फाइनेन्स कम्पनीयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी संजय कुमार सिंह ने समस्त बैंक/फाइनेन्स कम्पनीयों के प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैकों के ऋण वसूली मामलों का निस्तारण किया जाना हैं जिसके लिए वे अधिक से अधिक संख्या में मामलों को चिन्हित करे जिसे सुलह समझौते के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराया जा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि समस्त बैंक प्रबन्धक, बैंक में नोडल अधिकारी नियुक्त करें। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में लगने वालें मामलों का चिन्हांकन एवं निस्तारण व्यापक पैमाने पर किया जा सकें। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु व्यापाक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए पोस्टर, बैनर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से आमजनमानस को जागरूक करें। बैठक में मुख्य रूप से यू0पी बडौदा बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, भारतीय स्टेट बैक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, इण्डियन बैंक, श्री राम फाइनेंस, इत्यादि बैंको के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सेठ रामगुलाम पटेल ग्रुप की शाखा इंस्टीट्यूशंस द्वारा मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

अवधनामा संवाददाता

महमूदाबाद। सीतापुर के तीनों संस्थानों सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज, सेठ रामगुलाम डिग्री कॉलेज, सेठ रामगुलाम मुनेश्वर प्रसाद आईटीआई में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपाध्यक्ष नरेश चंद्रा,चेयरमैन डॉ हरिश्चंद्रा, डायरेक्टर इंजीज़क्षितिज चंद्रा ने पौधरोपण किया एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

चेयरमैन डॉ हरीश चंद्रा नें बताया कि पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुकी है। वनों की कटाई, जल और वायु प्रदूषण, प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग और जलवायु परिवर्तन हमारे पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। निदेशक इंजी. क्षितिज चंद्रा नें बताया कि सरकारें कई योजनाएं और नीतियां बना रही हैं, लेकिन जनभागीदारी के बिना यह प्रयास सफल नहीं हो सकते। हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने होंगे, जैसे कि बिजली की बचत, पानी की बर्बादी को रोकना और पुनर्चक्रण को अपनाना। इस अवसर पर सेठ राम गुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल श सुधीर कुमार, वाइस प्रिंसिपल अश्वनी कुमार, एनसीसी के एसोसिएट ऑफिसर दुर्गेश कुमार,फील्ड कोऑर्डिनेटर उमेश कुमार,सेठ रामगुलाम डिग्री कॉलेज के प्रभारी, सेठ रामगुलाम मुनेश्वर प्रसाद आईटीआई के प्रभारी, मनोज छात्र कल्याण अकादमी, विद्या दया कल्याणम करोति मिशन, वेदांता मोशन पिक्चर्स एंड एडवरटाइजिंग, रीता चिकित्सा सेवा केंद्र के प्रभारी, तीनों संस्थानों के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

अंधाधुंध वृक्षों की कटान गंभीर चिंता का विषय

अमेठी अवधनामा संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस की संध्या पर बुधवार को वृक्ष मित्र टी पी सिंह एवं अमेठी जलबिरादरी के संयुक्त तत्वावधान में जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में समाजसेवियों के साथ वृक्षारोपण का कार्य किया गया।जिसमे पीपल वरगद एवं जामुन आदि के वृक्षों का पौधरोपण किया गया। पर्यावरणविद् डॉ0 अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि हरियाली धरती का श्रृंगार है।विकास के नाम पर विगत वर्षों में वृक्षों का कटान तेजी के साथ हुआ जिसका परिणाम आज हम अत्यधिक ग्लोबल वार्मिंग को चपेट में हैं। धरती पर हरियाली बढ़े इसके लिए पौधरोपण से ज्यादा जरूरी उनकी रखवाली करना है। वृक्ष मित्र टी पी सिंह ने अधाधुंध वृक्षों की कटाई को लेकर गम्भीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्ष के बिना जीवन असम्भव है।एक वृक्ष हजार पुत्रों के समान है जिसे हमारी पुरानी पीढ़ी बखूबी जानती थी। आवश्यकता इस बात की है कि मौसम का मिजाज बदले प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना अपरिहार्य है।आम महुआ के साथ नीम पीपल बरगद पाकर एवं गूलर आदि पंचवटी के वृक्ष खेत खलिहान एवं सड़कों आदि के किनारे लगाकर हरियाली बढ़ाने का पुण्य कार्य करें। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ चन्द्रावती सिंह भारती सिंह जय चन्द्र लाल श्रीवास्तव राम तीर्थ त्रिपाठी डॉ संजय सिंह हरिकेश मिश्र आदि उपस्थित रहे।

दबंगई के बल पर सक्षम न्यायालय से स्टे के बाद भी पुश्तैनी जमीन पर किया जा रहा कब्ज़ा

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। मामला थाना गोसाई गंज क्षेत्र की पुलिस चौकी द्वारिकागंज के अन्तर्गत ग्रामसभा हुसैनगंज, इनायतपुर का है। गांव निवासिनी समर जहां पत्नी मुहम्मद शाहिद ने शिकायती पत्र के साथ पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई है। शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि हिस्ट्रीशीटर रकीब अहमद एवं उनके भाइयों हकीक अहमद, तौहीद अहमद पुत्र मुश्ताक अहमद उनके घर के सामने पुश्तैनी आबादी की ज़मीन पर सक्षम न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश के बावजूद गुंडई और दबंगई के बल पर निर्माण कर अवैध कब्ज़ा कर रहे हैं। अवैध कब्ज़ा वा निर्माण से मना करने पर धमकी दे रहे हैं कि यहां से भाग जाओ नही तो जान से मार दूंगा। निर्माण नहीं रुकेगा, चाहे जो कर लो। शाहिद का आरोप है कि रकीब अहमद थाना गोसाईगंज ज़िला सुल्तानपुर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, इसका अपराधिक इतिहास है। अभी हाल में ही दिनांक 05 /12 /2023 को 107 / 116 दिनांक 15.02.2024 को 107 /116 दिनांक 07.03.2024 को 151 में पुलिस द्वारा चालान दिनांक 08/03/2024 को धारा अंतर्गत 323, 504 ,506 में एफआईआर दर्ज हो चुकी है दिनांक 13 /10/ 2010 धारा 323, 504, आईपीसी दिनांक 24 /05/ 2012 धारा 147, 148 ,149, 307, 506 आईपीसी व 7सीएल एक्ट, दिनांक 03/ 01 /2013 को 3 /25ए एक्ट दिनांक 13/0 5 /2013 को 323/ 504 आईपीसी,धारा 3/4 उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के अंतर्गत 23 /06 /2013 को कार्यवाही हो चुकी है। इनका आरोप है कि रकीब अहमद का साथ आपराधिक प्रवृत्ति के कई आराजक तत्व देते हैं, जो गैंग बनाकर मारपीट, गो कशी, हरे पेड़ों का अवैध कटान, छिनैती, धमकी, वसूली, अवैध हथियार की सप्लाई, ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा, जैसे गंभीर अपराध करने का अभ्यस्त अपराधी है। कर्तव्य है। इस जिले की जनता ने जो विस्वास मुझ पर जताया है। उसको पूरा करने की पूरी कोशिश करूंगागा। उन्होंने पहली प्रथमिकता चीनी मिल का विकास, बाध व्यवसाय के लिए

बड़ी जीत पर सपा प्रत्याशी का ओसामा खान ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। राम भुवाल निषाद की लोकसभा में बड़ी जीत के बाद बधाई देने वालों का जमावड़ा लगा रहा। सुल्तानपुर, गोरखपुर, समेत कई स्थानों से आए पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों ने उन्हें फूल मालाएं पहना कर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर राम भुवाल निषाद ने बधाई देने आए लोगों से कहा कि इतने कम समय में सुल्तानपुर के लोगों ने जो स्नेह-अपनापन दिया, उसे आजीवन भुला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि अब सुल्तानपुर कर्मभूमि बन गई है। वहां की जनता की सेवा उनका जगह की व्यवस्था करने को कहा। सपा समर्थकों संग ओसामा खान जिला महासचिव छात्र सभा ने बाबा साहब डॉ0भीमराव अंबेडकर जी का चित्र देकर उन्हें बधाई दी। इनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर आमिल खान, साहिल हाशमी, कासिम, अली, शिवम गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पयागपुर का निरीक्षण कर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, मुख्यमंत्री पोषण घर, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, इमरजेन्सी वार्ड व सामान्य वार्ड, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी, एक्स्रे कक्ष इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पर तैनात चिकित्सक डॉ. अतुल मिश्रा विगत 01 जून 2024 से अनुपस्थित चल रहे हैं। बताया गया कि डॉ. मिश्रा पूर्व में भी अनुपस्थित रहने पर इनका वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि चिकित्सक के सम्बन्ध में विभाग को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जाय। परिसर के निरीक्षण के दौरान समुचित साफ-सफाई न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ थानेदार को निर्देश दिया कि पूरे परिसर की समुचित साफ-सफाई कराकर खाली स्थानों पर शोभाकार पौधे रोपित कराये ताकि चिकित्सालय भवन सुन्दर और आकर्षक हो जाय। उन्होनें साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए निर्देश दिया कि चिकित्सालय पर आने वाले सभी मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं प्रदान की जायें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि टीकाकरण से कोई भी लक्षित बच्चें व महिलाएं वंचित न रहने पायें। डीएम ने स्वास्थ्य केन्द्र की छत पर चढ़ कर पानी की टंकी का निरीक्षण कर निर्देश दिया कि पानी टंकी की नियमित रूप से साफ-सफाई करायी जाय। डीएम ने कहा कि चिकित्सालय के छत की भी सफाई करा दे ताकि वर्षा ऋतु में छत पर जल भराव की संभावना न रहे। ओ.टी. के निरीक्षण के दौरान संस्थागत प्रसव की संख्या कम पाये जाने पर डीएम ने निर्देश दिया कि शासन द्वारा अनुमन्य सभी चिकित्सकीय सेवाएं आमजन को उपलब्ध करायें ताकि अधिक से अधिक लोग उपचार के लिए अस्पताल में आएं।

कार्यालय-ग्राम पंचायत धतुरा खास विकास खण्ड-बैतालपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत धतुरा खास द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

रेनू देवी-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-धतुरा खास
वि. खं.-बैतालपुर, देवरिया

रत्नेश कुमार द्विवेदी-सचिव
ग्राम पंचायत-धतुरा खास
वि.खं.-बैतालपुर, देवरिया

102 व 108 एम्बुलेंस सेवाओं को और बेहतर बनाने की जरूरतः सीएमओ

शिकायतो का निस्तारण त्वरित गति से होः डां. ओम प्रकाश चौधरी

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। आए दिन 102 व 108 एम्बुलेंस सेवाओं की शिकायतें व सुधार को लेकर वृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डां. ओम प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई, जिसमें 11 जिले के 102 व 108 के जिम्मेदार अधिकारियों ने भाग लिया,बैठक को मुख्य चिकित्साधिकारी डां.ओम प्रकाश चौधरी ने संबोधित करते हुए कहाकि शासन द्वारा मरीजों के लिए जो सुविधाए चलाई जा रही है,उसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करवाना संबंधितों की जिम्मेदारी है,सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने 11 जनपदो के क्रॉलिटी हेड,आप्रेशन हेड,एक्जीक्यूटिव मैनेजर, प्रोग्राम मैनेजर आशीष सिंह को आदि को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहाकि यदि हमसब अपने दायित्वों का निर्वाहन में कंजूसी दिखाए गें,तो आम जनमानस को बेहतर सुविधा से वंचित होना पड़ेगा, अतएव हमें निरंतर अपने प्रयास को जारी रखना चाहिए, वही नोडल/उप मुख्य चिकित्साधिकारी डां.लालजी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहाकि दुर्घटनास्थल व प्रसूताओ तक पहुंचने में समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जिससे घायलों को समय से उपचार व प्रसूताओं को समय से गंतव्य तक पहुंचाया जा सके,उक्त बैठक में डीपीएम,102 व 108 के आंपरेशन हेड मिथिलेश त्रिपाठी, क्रॉलिटी हेड विपिन शुक्ला,प्रोग्राम मैनेजर आशीष सिंह सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यालय-ग्राम पंचायत मठियारत्ती विकासखंड-तरकुलवा, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत मठियारत्ती द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

शकुंतला प्रसाद-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-मठियारत्ती
वि. खं.-तरकुलवा, देवरिया

शीलू साहनी-सचिव
ग्राम पंचायत-मठियारत्ती
वि. खं.-तरकुलवा, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत माधवपुर विकासखंड-सलेमपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत माधवपुर द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

हरिश्चंद्र पाण्डेय-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-माधवपुर
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

रेखा रानी-सचिव
ग्राम पंचायत-माधवपुर
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत जलवा उर्फ पटखौली विकासखंड-तरकुलवा, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत जलवा उर्फ पटखौली द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

गुलाब प्रसाद-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-जलवा उर्फ पटखौली
वि. खं.-तरकुलवा, देवरिया

शीलू साहनी-सचिव
ग्राम पंचायत-जलवा उर्फ पटखौली
वि. खं.-तरकुलवा, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत जमुआ नंबर 2 विकासखंड-सलेमपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत जमुआ नंबर 2 द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

मनोज यादव-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-जमुआ नंबर 2
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

रेखा रानी-सचिव
ग्राम पंचायत-जमुआ नंबर 2
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत सोपरी बुजुर्ग विकास खण्ड-बैतालपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत सोपरी बुजुर्ग द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

विकास मणि-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-सोपरी बुजुर्ग
वि. खं.-बैतालपुर, देवरिया

रत्नेश कुमार द्विवेदी-सचिव
ग्राम पंचायत-सोपरी बुजुर्ग
वि.खं.-बैतालपुर, देवरिया

कार्यालय-ग्राम पंचायत चादपलिया विकासखंड-सलेमपुर, देवरिया

- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-

ग्राम पंचायत चादपलिया द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 14.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 13-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

अंगद यादव-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-चादपलिया
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

रेखा रानी-सचिव
ग्राम पंचायत-चादपलिया
वि. खं.-सलेमपुर, देवरिया

संक्षिप्त समाचार

सीएमओ ने कार्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण

सुल्तानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने कार्यालय परिसर में पीपल,पाकड़ आदि वृक्ष लगाकर शुद्ध पर्यावरण का संदेश दिया। उन्होनें कहाकि हमें कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। सीएमओ डॉ.चौधरी ने कहाकि स्वस्थ्य रहने के लिए शुद्ध हवा,समय से वर्षा तभी मिलेगी,जब हम धरती पर हरियाली लाएगें। पर्यावरण का क्षरण तरह-तरह के विकार पैदा करते है,जिससे बीमारियां जन्म लेती है। डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने कहाकि हमें अपनी जिम्मेदारियों का बोध होना आवश्यक है। उक्त अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.लालजी, डॉ.आदित्य दूबे, वरि.सहायक विजय राय सहित तमाम अधिकारी व कार्यालय स्टाफ मौजूद रहें।

अक्षय यादव के सांसद बनने पर शादान हुसैन के नेतृत्व मे दबरई चौराहे पर मिष्ठान वितरण हुआ

शिकोहाबाद। समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन की रिकॉर्ड जीत होने पर सभी कार्यकर्ता व नेताओं ने जगह-जगह मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया फिरोजाबाद में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अक्षय यादव ने रिकॉर्ड मतों से विजय हुए है इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता व राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा शादान हुसैन के नेतृत्व मे आज दबरई चौराहे पर अक्षय यादव को जिला फिरोजाबाद से सांसद बनने की खुशी में मिष्ठान वितरण किया जिसमें मुख्य रूप से केवी यादव जिला उपाध्यक्ष, वार एसोसिएशन फिरोजाबाद के अध्यक्ष सुधीर शर्मा, शादान हुसैन राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा, पंकज बघेल, लोकेश यादव, अंकित यादव, विपिन बघेल, सनी कुशवाहा, दीपक बघेल, मनीष कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

अवैध असलाह सहित एक पुलिस गिरफ्त में

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त पुष्पेन्द्र को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन तलाश व दविश वांछित अपराधी के दौरान अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह निवासी गली नं 05 भीम नगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को सुहाग नगर तिराहा के पास से, एक अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर थाना दक्षिण पर मु0अ0सं0 372/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह, उ0नि0 ओंकारनाथ चौकी प्रभारी सुहाग नगर, का0 304 आदर्श कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

17 लीटर अवैध मिश्रित कच्ची शराब सहित 2 पकड़े

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्त 17 लीटर अवैध मिश्रित कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वालों के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण आकिल पुत्र साबिर निवासी 336 रामगढ़ रोड़ हबीबगंज पार का ,नगला ,रामगढ़ फिरोजाबाद उम्र करीब 22 वर्ष 2. अब्दुल समद पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी आजाद नगर गली न0 1 म0 न0 214 रामगढ़ फिरोजाबाद उम्र करीब 20 वर्ष को गिहार कोलोनी के मोड सड़क के किनारे से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के कब्जे से अवैध मिश्रित कच्ची शराब कुल मात्रा करीब 17 ली0 शराब देशी अपमिश्रित व 200 ग्राम नौसादर व 750 ग्राम युरिया बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 353/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 व 272 भादवि कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उ0नि0 प्रबल प्रताप सिंह, आई यू0टी निशान्त कुमार, एसआईयूटी गुलफाम थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद शामिल रहे।

फर्जी अस्पताल में हुई डिलेवरी से बच्चे की मौत

महिला की हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

राठ हमीरपुर। राठ में सरकारी अस्पताल के पास संचालित हो रहे बिना डाक्टर के फर्जी अस्पताल में धडल्ले से हो रहे ऑपरेशन और डिलेवरी हो रही हैं। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी युवक की पत्नी की इसी फर्जी अस्पताल में बिना डाक्टर के कम समय में ही डिलेवरी कर दी गई जिससे उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई और उसकी पत्नी की हालात गंभीर है। पीड़ित ने फर्जी अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए कोतवाली राठ में गुहार लगाई है। कस्बे के सिकंदरपुरा मुहल्ल्ला निवासी प्रदीप पुत्र अश्वनी तिवारी ने बताया कि उसकी पत्नी हरदेवी उर्फ राधा 6 माह की गर्भवती थी। जिसको दिखाने वह सरकारी अस्पताल राठ में जांच करवाने हेतु आया था तभी उसे वहां रीता नागर आशा बहु मिली और उससे कहने लगी कि चलो वह अस्पताल में कम पैसा में इलाज करा देगी। आरोप लगाया कि अस्पताल में उपस्थित किसी एक नर्स ने भी कहा कि जिस अस्पताल में यह आशा ले जा रही है वह अस्पताल भी सही है। बताया कि वह उसकी बातों में आ गया और उसके सम्बन्धित प्राईवेट अस्पताल जो सरकारी अस्पताल के पास ही एक मकान में चला गया। आरोप लगाया वहां मौजूद युवक शैलेन्द्र सिंह उर्फ शीलू जो करही गांव का प्रधान भी है व उसकी पत्नी नर्मदा जो एक आशा है। इन दोनो को आशा रीता ने एमबीबीएस चिकित्सक बताया और इनसे ही इलाज करवाने की बात कही। आरोप लगाया कि शैलेन्द्र व नर्मदा ने उसकी पत्नी की कुछ जांचे की और उसकी पत्नी को इन्जेक्शन लगा दिये। और लगभग आठ हजार रुपए की दबाइयां भी दी और बोला कि अब कोई परेशानी नही होगी। लेकिन जब वह अपनी पत्नी को लेकर घर चला गया और घर पहुंचने के 1 घण्टे बाद ही उसकी पत्नी हरदेवी उर्फ राधा को ब्लीडिंग शुरू हो गई तो वह तुरन्त ही अपनी पत्नी को लेकर फिर शैलेन्द्र सिंह के अस्पताल आया और दिखाया तो उक्त शैलेन्द्र व नर्मदा ने उस से कहा कि उसकी पत्नी की डिवेलरी का समय आ गया है। और उसकी डिलेवरी करनी पडेगी जिसका खर्च बीस हजार आएगा। इस दोनों के दबाव में आकर उसने बीस हजार जमा कर दिए। उसके बाद शैलेन्द्र व नर्मदा ने मेरी पत्नी की जबरिया 6 माह के गर्भ की डिलेवरी दिनांक 23 अप्रैल को जबरिया उसकी पत्नी की डिलीवरी कर दी। जिससे उसकी पत्नी को अंदरूनी चोटें आई हैं। और उसके मासूम बच्चे की भी लंबे इलाज के बाद मौत हो गई। जब वह इलाज करा कर आया तब वह शिकायत करने कोतवाली पहुंचा है।युवक का आरोप है दोनों पति पत्नी शैलेंद्र व नर्मदा सरकारी अमले के संरक्षण में फर्जी अस्पताल लंबे समय से चला रहे हैं। इनके अस्पताल का न रजिस्ट्रेशन है और न ही कोई डाक्टर है। ये स्वयं डिलेवरी और ऑपरेशन करते हैं। बताया कि आरोपी नर्मदा सिंह आशा बहु भी है। जब इस फर्जी अस्पताल में पहुंचकर उनका पक्ष लेने की कोशिश की गई तो बिल्डिंग में ताला लगा मिला वहीं बात करने की कोशिश की गई तो शैलेंद्र सिंह का फोन नहीं लगा। वहीं इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राठ ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

व्यापार मण्डल अध्यक्ष को मिली जानमाल की

सुमेरपुर हमीरपुर। नगर उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष को कस्बे के ही एक अपराधी द्वारा जानमाल की धमकी दी गयी है। धमकी देने वाले के खिलाफ थाना सुमेरपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कस्बा सुमेरपुर के वार्ड 13 निवासी नगर उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष महेश गुप्ता उर्फ दीपू ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया है कि विगत दिनो एक व्यापारी के साथ हुई मारपीट का मामला आपस में सुलह कराया था इसी को लेकर कस्बा के चांद थोक का निवासी विजय माली जो अपराधी किस्म का व्यक्ति है एक हत्या के मामले में सजा काटकर दो वर्ष पूर्वी आया है। इसी सुलह के मामले को लेकर उसने फोन द्वारा धमकी दी हैं कि तुम बहुत नेतागिरी करते हो तुम्हें जान से मार दूंगा इसकी फोन रिकार्डिंग भी है। यह भी कहा है कि उक्त व्यक्ति अपराधी है वह किसी भी समय मेरे ऊपर हमला कर सकता है। इस धमकी से मैं मानसिक रूप से विचकित हूँ।

सुहागन महिलाओं ने अमास्या पर वट वृक्ष की पूजा कर पति के लंबे उम्र की कामना की

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जनपद में वृहस्पतिवार के रोज जेष्ठ मास की आमास्या के अवसर पर सुहागन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर अपने पति के लंबे उम्र की कामना की। इस दिन को सुहागन महिलाओ ने धृति योग में वट सावित्री अमास्या के रूप में मनाया। इस दिन त्योहार में सुहागन महिलाए बट वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना कर अखण्ड सुहाग का वर मांगती है। जनपद में गुरुवार के रोज महिलाए पूर्वाह्न से ही स्नान ध्यान और सोलह श्रगार कर पूजा की सामग्री ले वट वृक्ष की ओर जाती दिखी। वहाँ पहुँच उन्होंने विधिविधान से कच्चे धागे , फल, सोलह श्रगार, चना, मिष्ठान, गुलगुचे, खीर पूड़ी, चन्दन, अक्षत, हल्दी, आदि से विधिवत पूजा की इस दौरान महिलाओं ने कच्चे धागे से वट वृक्ष के सात बार परिक्रमा कर पूजा की। समूचे जनपद में पूर्वाह्न से लेकर कड़ी धूप में अपराह्न तक महिलाओं की खासी भीड़ सोलह श्रगार कर पूजा की थाली सजा कर वट वृक्षो की ओर जाती दिखी। पोणाणिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना करने से ब्रम्हा, विष्णु, महेश से पति के लंबे उम्र का आशीर्वाद प्रदान होता है। मान्यता है कि अमास्या को भगवान विष्णु की नाभि से कमल प्रकट हुआ था तब अन्य देवताओं से वृक्षों की उत्पत्ति हुई उसी समय यक्षों के राजा मणिभद्र से वट वृक्ष की उत्पत्ति हुई। यह वृक्ष अपनी विशेषताओं और लंबी उम्र के लिए भी जाना जाता है। वही आज के दिन सती सावित्री ने भी यमराज से अपने पति के प्राणों की रक्षा की थी। बताया जा रहा है कि आज के दिन शनिदेव का भी जन्म हुआ था जिसे शनि जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। ऐसे ही तमाम कथाएं विख्यात है इस त्योहार को लेकर हालांकि जनपद में यह त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमे महिलाओं ने अपने पति के लंबी उम्र की कामना की।

खेत पर पड़ा मिला महिला का शव

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। राठ कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 19 वर्षीय एक महिला का शव गाँव के बाहर खेतों में पड़ा हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी गांव की निवासी महिला वंदना पुत्री मानक सिंह जो कि कल बुधवार को सुबह के समय चारा काटने के लिए खेतों की ओर गई हुई थी। लेकिन जब वह काफी देर तक वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी लेकिन उसका कहीं पर भी पता नहीं चल सका। जिसके बाद दिन के समय ग्रामीणों ने गन्ने के खेत के समीप महिला बंदना का शव पड़ा हुआ देखा। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जब मृतक बंदना के शव को पड़ा हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत होने की आशंका जताई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि मृतका वंदना का विवाह 8 मई वर्ष 2023 को जरिया थाना क्षेत्र के अमूंद गांव के निवासी सनिल पुत्र सुरेश कुमार के साथ हुआ था। वहीं मृतका के पति सनिल ने बताया कि उसकी पत्नी बंदना होली के पर्व के समय से ही अपने मायके ग्राम पहाड़ी गढ़ी में रह रही थी। मृतका के पति ने आशंका जताते हुए कहा कि जहरीले पदार्थ के सेवन से उसकी पत्नी बंदना की मौत हुई है। मृतका बंदना अपने पीछे पति सनिल के अलावा मां क्रांति और भाई निखिल सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

लकड़ी माफियाओं द्वारा हरे भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान जारी

राठ (हमीरपुर) क्षेत्र में क्षेत्रीय वन अधिकारी और वन दरोगा के संरक्षण में लकड़ी माफियाओं से मिलकर बुंदेलखंड की शान हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ो की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। जिसमे शासन द्वारा छूट प्रजाति के अलावा प्रतिबंधित वृक्षों में आम, नीम, महुआ, पीपल और बरगद आदि के पेड़ो को काटकर पर्यावरण व परिवेश के लिए खतरा बना दिया है। और वन अधिनियम का जिले में खुलेआम उल्लंघन करते हुए वन संपदा को नष्ट किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो क्षेत्र के सदर कैंथा के वनों में क्षेत्रीय वन अधिकारी और वन दरोगा सतीश कुमार रातों रात मशीन चलवाकर मिनटों में प्रतिबंधित और छूट प्रजाति के पेड़ो को कटवाकर मोटी रकम कमा रहे है।

खेतों में कंकाल मिलने से हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। गुरुवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब कस्बे के बाहर खेतों में एक कंकाल मिलने की सूचना मिली,और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।फिलहाल खेतों में महिला का कंकाल कहां से आया यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

गुरुवार दोपहर बाद कस्बे के बाहर पढोरी रोड पर मुख्य सड़क से लगभग पांच सौ मीटर अंदर खेतों में किसी एक कंकाल मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया।और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई जबकि लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लोगों के बीच यह चर्चा हो रही है कि यह महिला का कंकाल खेतों में कैसे आया क्या महिला की कहीं और हत्या कर कंकाल को यहां पर लाकर फेंका गया है या किसी महिला की लू लगने से मौत हो गई है जिसके बाद जानवरों ने उसका मांस खाकर हड्डियां छोड़ दी होंगी।इतना ही नहीं क्षेत्र में आएदिन गायब हो रही लड़कियों के मामले से भी इस घटना को जोड़ कर देखा जा रहा है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि कंकाल मिला है लेकिन अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है बाकी पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

एमपी के परमिट पर सोनभद्र की गिट्टी का हो रहा है धड़ल्ले से परिवहन

सोनभद्र। लोढ़ी खनन चेक राजस्व घोटाले का केन्द्र बनता चला जा रहा है खनन क्षेत्रो मे सिंडिकेट बनाकर महंगे दामो की बिक्री के बाद परिवहन माफिया सोनभद्र की गिट्टी लादकर परिवहन करने के लिए एमपी की सस्ती परमिट लेकर रात के अंधेरे मे खनन विभाग को तय राशी देकर चेक पोस्ट पार करा कर रोजाना लाखों की काली कमाई कर मालामाल हो रहे है जिससे राज्य सरकार को रोजाना कई लाखों का राजस्व की नुकसान हो रहा है। एमपी की परमीट पर सोनभद्र की गिट्टी को प्रभावी रोक लगाने के लिए खनन विभाग एव पुलिस विभाग के अधिकारीगण कई सिफ्टो मे ड्यूटी लगाकर निगरानी की जा रही है।

संसाधनों का समुचित उपयोग कर पर्यावरण को संरक्षित करेंगे: सिंह

अवधनामा संवाददाता

पर्यावरण संतुलन हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण का किया आह्वान

सोनभद्र/अनपरा। हिंडाल्को रेनूसागर पावर डिवीजन रेनूसागर में हमारी धरती, हमारा भविष्य के नारे के तहत लैंड रेस्टोरेशन डेजर्टीफिकेशन एंड ड्राउट रेजिलिअन्स के थीम पर आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस सादगी पूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर रेनूसागर के पुराने ऐशबांध पर सायंकालीन बेला में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए शोभित वर्मा द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व महिलाओं को शपथ दिलायी गई, तथा लक्ष्मी नारायण द्वारा पृथ्वी गान प्रस्तुत किया गया जिसे सभी लोगो ने दुहराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह ने उपस्थित सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम केवल पौधरोपण नहीं करेंगे बल्कि उसको संरक्षित व विकसित भी करेंगे और ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा वातावरण देंगे, वृछ पर्यावरण के अभिन्न अंग है और वे केवल पृथ्वी हरा भरा नहीं रखते बल्कि वायुमंडल में आक्सीजन का स्तर भी बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि संस्थान में हम अपने संसाधनों का समुचित तरीके से उपयोग करते हुए पर्यावरण को संरक्षित करेंगे, हमारा संस्थान रेनूसागर पावर डिवीजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग है और प्रदूषण की रोकथाम के लिए संस्थान द्वारा निरंतर नए-नए प्रयास किए जा रहे है। तथा कहा कि वैश्विक स्तर पर पर्यावरण मनाने का उद्देश्य पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है और ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण के खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण के महत्व को समझ सके। उन्होंने पुनः अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया तथा कहा कि हम अधिक से अधिक मात्रा में पौधरोपण कर पर्यावरण प्रदूषण को शून्य करने का प्रयास करेंगे। पौधरोपण कार्यक्रम में दिशिता महिला मंडल की प्रमुख इंदू सिंह सहित वरिष्ठ सदस्याओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और फलदार पौधे का पौधरोपण किया इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल प्रमुख इंदू सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में संसाधनों का बढ़ता दोहन पर्यावरण के लिए हानिकारक है,इसलिए हम सभी कि नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि सभी लोग कम से कम दो पौधे जरूर लगाए। अंत में मेरा पौधा मेरी जिम्मेदारी ड्राइव लांच किया गया, जिसके तहत सभी को फलदार पौधे व पंछी संरक्षण के लिए लोगो को घोसले दिए गए, जिसे लोग अपनी बालकनी व गार्डन में लगाए।

पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। विश्व पर्यावरण दिवस पर हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आदित्य बिड़ला रुरल टेक्नोलॉजी पार्क के सभागार में पर्यावरण दिवस पर वाद- विवाद एंव क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करना था। सोनभद्र के विकास खण्ड बभनी दुद्धी और म्योपुर के ग्राम पंचायत अरझट, घघरी, कोगा, चैनपुर देवरी, सुपाचुआ, कुण्डाडीह, झारो और कटौन्धी में विश्व पर्यावरण दिवस पर जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग की ओर से कठपुतली नृत्य और जादू के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक किया गया तथा पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया गया साथ ही प्रत्येक परिवार को वर्ष कम से कम पांच पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया। अपने सम्बोधन में ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख श्री अविजीत ने बताया कि हमें तालाब, नदी व एवं जलाशयों को प्रदूषित नहीं करना चाहिए तथा जल का दुरुपयोग करने से बचना चाहिए। प्लास्टिक का प्रयोग बन्द करके कागज या कपड़े से बने झोले या थैले का प्रयोग करना सुनिश्चित करना चाहिए। इस जन-जागरुकता कार्यक्रम में सोनभद्र के विकास खण्ड- बभनी, दुद्धी और म्योरपुर के कुल 610 लोगों ने प्रतिभाग किया।

हिण्डाल्को में पौधरोपण कर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का लिया गया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। विकास के नाम पर जहां एक ओर कुछ लोग हाथों में कुल्हाड़ी लेकर तैयार खड़े हैं वहीं दूसरी ओर कुछ संस्थान ऐसे भी हैं जो पेड़ों के संरक्षण हेतु मुट्ठी बांधे बुलंद हैं। इन्हीं संस्थानों में से एक है हिण्डाल्को, जो सदैव पर्यावरण को लेकर सजग रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी हिण्डाल्को में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त रखने के संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत हिण्डाल्को कॉलोनी परिसर में नवनिर्मित ग्रीन पार्क में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के मुखिया श्री एन. नागेश ने कार्बन-डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने व प्राकृतिक संपदा के उपयोग के दौरान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की नसीहत दी। इस बार की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम- भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता (Land Restoration, Desertification And Drought Resilience) है जिसका नारा है हमारी भूमि- हमारा भविष्य, जिसके तहत आयोजित कार्यक्रम में हिण्डाल्को पर्यावरण विभाग के श्री अनिल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री एन. नागेश ने पिछले वर्ष संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए प्रयासों की व्यापक चर्चा की। उन्होंने प्लांट से लेकर कॉलोनी में पौधरोपण को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने के लिए सभी से सहयोग और सुझाव की अपील की। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रयोग में न लेने की सलाह दी तथा इसे पर्यावरण के लिए बेहद घातक बताया।

एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में विश्व पर्यावरण दिवस-2024 के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु जागरूकता रैली एवं विशाल पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता'' थीम के अनुसार मनाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित अंबेडकर भवन से कर्मचारी विकास केंद्र तक पर्यावरण रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने हरी झंडी के साथ रैली एवं विश्व पर्यावरण दिवस का शुभारंभ किया। तदुपरान्त कर्मचारी विकास केंद्र के प्रांगण में बालिका सशक्तीकरण अभियान-2024 की बालिकाओं के साथ पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर राजीव अकोटकर ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को सार्थक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आग्रह किया सभी अपने आस-पास पौधरोपण करें एवं पृथ्वी को हरित बनाने हेतु जागरूकता बढ़ाएँ। पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु बच्चों, गृहिणियों, कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों, आसपास के स्थानीय समुदायों के लिए सप्ताह भर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे नारा लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कदम जैसे एसओ2 उत्सर्जन के नये मानकों के पालन हेतु एफ़जीडी सिस्टम की स्थापना कार्य , एसपीएम उत्सर्जन कम करने हेतु ईएसपी का नवीनीकरण, जल संरक्षण के लिए ऐश वाटर रिसायक्लींग सिस्टम, पर्यावरण संरक्षण हेतु डस्ट इक्स्ट्रेक्शन एण्ड सेपरेशन सिस्टम, 20 लाख से अधिक वृक्षारोपण, राख उपयोग वृद्धि हेतु एनएच के निर्माण एवं ऐश ब्रिक के निर्माण हेतु राख का प्रेषण, पर्यावरण अनुकूल हेतु 50 लाख राख के ईटों के निर्माण जैसे अनेकों सार्थक कदम उठाए गए है । कार्यक्रम में एलके बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज, आरती बेहरा, बाल भवन प्रभारी, वनिता समाज, अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस), जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधक), सिद्धार्थ मण्डल, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), वनिता समाज की अन्य सदस्याएँ, तथा अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोशिएशन के मानद प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहें।

गरीब ई. रिक्शा वाले ने पेश की ईमानदारी

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। कहते हैं लोग गरीब होते हुए भी इमानदारी से जीना पसंद करते हैं उसी की जीती जागती मिसाल बबलू नामक ई रिक्शा वाले ने प्रस्तुत की हुआ कुछ यों की कल रात में शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी जो न्यू मार्केट में लेडीज गारमेंट्स का व्यापार करतें हैं उनका घर जाते समय स्टेशन से ओवरब्रिज की तरफ जाते वक्त मोबाइल गिर गया जो काफी ढूंढने के बाद नहीं मिला उन्होंने अपने घर पहुंच करके उस मोबाइल पर कॉल किया जिसको बबलू नामक ईमानदार ई रिक्शा चालक ने रिसिव किया और बताया आपका मोबाइल ओवर बृज पर पड़ा मिला था जिसको उसने अपने पास रख लिया है आपका कॉल आने पर उसको मैंने रिसीव किया है और आपका मोबाइल कहां पहुंचना मैं पहुंचा देता हूं। हरीश सचदेवा ने बताया कि मैं इस वक्त कालूकुंआ में हूं आप कहां पर उसने बोला कि मैं मार्केट में हूं मैं 10 मिनट में आपके पास आ रहा हूं थोड़ी देर में ही रिक्शा वाला आ गया और उसने हरीश सचदेवा को उनका मोबाइल दे दिया उसको देखकर सभी बहुत खुश हुए उस वक्त मैं सुनील सक्सेना पत्रकार भी वहां मौजूद था उसकी ईमानदारी को देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने उसको गले लगा लिया। तुरंत उसका मुंह मीठा कराया और हरीश जी ने उसको पुरस्कार स्वरूप राशि दी अपने बच्चों के लिए जो भी आवश्यकता हो उनकी दुकान से मुफ्त में ले जाने के लिए कहा ताकि ईमानदारी बरकरार रहे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो

सदर ब्लॉक परिसर में सदर विधायक भूपेश चौबे व सदर प्रमुख अजीत रावत को सौंपा ज्ञापन

सोनभद्र। गुरुवार को उ प्र उद्योग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा के निर्देश पर सदर विधायक भूपेश चौबे माननीय जिला अधिकारी सोनभद्र को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि कि पानमसाला व तम्बाकू की अलग अलग बिक्री करने की अधिसूचना आयुक्त खाध सुरक्षा औषधि प्रशासन ने 7 मई 2024 को जारी की जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अब एक ही दुकान से पानमसाला और तम्बाकू की एक साथ बिक्री पर रोक लगा दी गई है यह आदेश पूर्ण रूप से अव्हावरिक है क्यो की पानमसाला और तम्बाकू का व्यवसाय हर गली नुक्कड़ चौक चौराहो ग्रामीण क्षेत्रों में होता है इस व्यवसाय में अधिकतर गरीब वर्ग के व्यापारी करते हैं और अपना अपने परिवार का भरण पोषण करते है जिनकी संख्या केवल उ प्र में ही लाखो में है उनके लिए पानमसाला व तम्बाकू की दुकान अलग अलग करना संभव ही नहीं है इस नियम से छोटे छोटे दुकानदारो का उत्पीड़न शोषण होगा भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा उ प्र उधोग व्यापार मण्डल यह माग करता है कि उ प्र में या तो पानमसाला तम्बाकू की बिक्री पूर्णतः प्रतिबन्धित किया जाए अन्यथा इस आदेश को संज्ञान में लेते हुये निरस्त्रीकरण किया जाए जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में मदद मिले और अनावश्यक उत्पीड़न का सामना न करना पड़े ज्ञापन देने के दौरान बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल जिला महामंत्री राजेश बंसल जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी जिला नगर अध्यक्ष आनन्द जायसवाल किराना अध्यक्ष श्याम लाल केशरी युवा नगर अध्यक्ष संदीप केशरी आई टी सेल अध्यक्ष अजय केशरी जिला अध्यक्ष श्याम बाबु आदि व्यापारी गण उपस्थिति थे।

विद्यार्थी परिषद ने चलायी सकोरा अभियान की कार्यशाला

हमीरपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमीरपुर नगर इकाई के द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों के संवर्धन को ध्यान में रखते हुए सकोरा अभियान की कार्यशाला की गई जिसका उद्देश इस गर्मी में पंक्षीयों के लिए पिनेयोग्य पानी की व्यवस्था जिले में अधिक से अधिक स्थानों पर की जाए जहा अधिकाया रूप में पंक्षी आते हो या रहते हो नगर सहमंत्री साक्षी गुप्ता, पूर्णिमा ने कहा कि गर्मी में पशु-पक्षी और मनुष्य सभी को ठंडे पानी की तलाश रहती है। पशु पक्षियों को पानी के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। इस दिनों भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। तेज धूप से बचने के लिए पक्षी एक राहत भरे आशियाने की तलाश में रहते हैं, आराम करने उन्हें ऐसी जगह चाहिए जहां ठंडी छाप पानी और अनाज हो। घर के आंगन हो या फिर छत हो या बालकनी कहीं भी पानी से भरा सकोरा पक्षियों की जिंदगी बचा सकता है।

मुख्यमत्री योगी के ज़न्म दिन पर हवन-यज्ञ और आतिशबाजी

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। विश्व हिन्दू महासंघ बाँदा के सम्पूर्ण पदाधिकारियों के संग परमपूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज के जन्मोत्सव को बड़े ही भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से बनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से सर्वप्रथम हवन शान्ति, उसके पश्चात हनुमान चालीसा पाठ, उसके पश्चात योगी आदित्यनाथ महाराज का रोली चंदन से तिलक, उसके पश्चात केक काट कर सभी का मुंह मीठा कराने के पश्चात ऐतिहासिक आतिशबाजी कर महाराज जी का जन्मोत्सव मनाया गया। नरेंद्र सिंह नीलेश जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ जनपदइस अवसर पर बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय अध्यक्ष नीरज निगम,संतोष श्रीवास्तव बुंदेलखंड महामंत्री व डॉ साहब बुंदेलखंड प्रभारी बुंदेलखंड के पूरी टीम सहित रहे गोरक्षा प्रकोष्ठ पूर्वी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शिवहरे, प्रदेश मंत्री राजेश शुक्ला, मण्डल प्रभारी ब्रजेश शुक्ला, जिला महामंत्री शैलेन्द्र गुप्ता, गोरक्षा प्रकोष्ठ जिला महामंत्री ठा विवेक सिंह (सम्राट), विकास कुमार गुप्ता दद्दा जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार बोडे जिलासयोजक पंकज दीक्षित जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह जिला उपाध्यक्ष नगर अध्यक्ष महाप्रसाद गुप्ता,अपनी नगर की टीम सहित रहे मातृशक्ति प्रकोष्ठ बाँदा जिला प्रभारी अनीता चौहान, जिला संयोजिका किरण गुप्ता, जिलाध्यक्षा रमा त्रिवेदी समेत क्षेत्रीय, मण्डल, जिला, तहसील, ब्लॉक, नगर के कई दर्जन पदाधिकारी एवं मातृ-शक्तियाँ उपस्थित रहे समस्त पदाधिकारियों को सफल कार्यक्रम करने के लिए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो: योगी

सभी अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में जारी लोकहित की परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की

- बरसात के दृष्टिगत नालों की सफाई करा ली जाए
- प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करें

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तेज गर्मी और लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव संपन्न होने के तत्काल बाद शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में जारी लोकहित की परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। गुरुवार को हुई इस बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्बंधित विभागों में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं की प्रगति और भावी कार्ययोजनाओं से मुख्यमंत्री योगी को अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव गण अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, प्रत्येक प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। अतः समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। चयन प्रक्रिया की समय-सीमा तय करें। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

विद्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण करें

बेसिक शिक्षा अधिकारी और एसडीआई द्वारा अपने क्षेत्र में कस्तूरबा बालिका विद्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण किया जाये। वहां खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि हर एक व्यवस्था का सूक्ष्मता से अवलोकन किया जाए। जहां कमी हो तत्काल दुरुस्त कराया जाए। परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक प्रधानाध्यापक और शिक्षक यह सुनिश्चित कराएंगे कि हर छात्र-छात्रा निर्धारित गणवेश में ही विद्यालय आए। इसके लिए डीबीटी की धनराशि समय से भेजी जाती रहे। शिक्षकों के स्थानान्तरण और नवीन पदस्थापना की जो भी कार्यवाही होनी है, उसे तत्काल संपन्न करा दिया जाए।

हजरतगंज और पारा क्षेत्र में सीलिंग की कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को हजरतगंज और पारा क्षेत्र में सीलिंग की कार्रवाई की। इस दौरान स्वीकृत शमन मानचित्र के उलट बनाई जा रही एक व्यवसायिक इमारत, 2 शॉपिंग कॉम्पलेक्स और 7 रो-हाउसेस भवनों को सील किया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि कमलेश वर्मा व अन्य की ओर से पारा के अवन्ती विहार कॉलोनी में लगभग 1600 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों व कमरों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा शेखर शुक्ला व अन्य की ओर से पारा की पिंक सिटी में लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड में 7 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं राजू बिल्डर व अन्य की ओर से पिंक सिटी में लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों व कमरों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ सीलिंग के विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता शशिभूषण मिश्रा, रविशंकर राय और अम्बरीष कुमार ने सीलिंग की कार्रवाई कराई। इसी तरह प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि अजय कालरा व अन्य की ओर से हजरतगंजे प्राग नारायण रोड पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत शमन मानचित्र के विपरीत पांच मंजिला व्यवसायिक इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे, जिस पर अवर अभियंता संजय शुक्ला व राकेश कुमार ने गुरुवार को उक्त इमारत को सील कराया।

अल्लाह पर भरोसा करो की कामयाब हो जाओ, मौलाना बाक़री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अल्लाह पर भरोसा करो की कामयाब हो जाओ, बल्कि किसी इंसान पर भरोसा न करो जो तुम्हे रुसवां कर दे यह बयान मौलाना हसनैन बाकरी मरहूम मरहूम मोहम्मद मूसा इब्ने अहमद मिर्ज़ा के देसे की मजलिस में इमामबाड़ा बहिश्ते ज़हरा कब्रिस्तान कुमेदान के बगिया में बयान कर रहे थे।मौलाना ने अपने बयान मे आगे कहा की इस्लाम कहता है की सेहतमंद रहो, और खाने से ज़्यादा इलम पर ध्यान दो।अल्लाह अपने बंदे से रात का खाना हल्का हल्का करने का हुक्म देता है मगर इंसान हल्का करने के बजाय पहले इस्टार्टर से पेट भरता है फिर खाना खाता है और अपनी सेहत ख़राब कर लेता है । मौलाना ने इमामे तक़ी की शबे शहादत पर इमाम तक़ी की शहादत का मार्मिक मंज़र बयान किया जनाबे मरियम और जनाबे यूसुफ का भी वाक्या बयान किया आखिर में मौलाना ने इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का मसायब बयान किया जिसे सुन कर अजादार रो पड़े।वहीँ हैदरी मस्जिद से नवें इमाम के शबे शहादत पर अलम ताबूत निकाल कर मीरन साहब इमामबड़ा ले जाया गया, हैदरी मस्जिद में मौलाना एजाज़ मेहंदी नें मजलिस बयान किया

सभी साथियों को सलाम : प्रियंका गांधी

प्रियंका की सपा को चिट्ठी, भीषण हालात में ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी, दिल से आभार

- एक दिन पर पहले राहुल को लेकर किया था भावुक पोस्ट

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली चुनावी सफलता को लेकर पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सलाम किया और अब उन्होंने अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी की सराहना की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डिंपल यादव, प्रो. रामगोपाल यादव समेत समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए लिखा, सपा के मेहनती कार्यकर्ताओं को यूपी के नतीजों के लिए मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। भीषण परिस्थितियों में हम सबने मिलकर एक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी। जमीन पर कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ताओं ने हिम्मत से जनता के मुद्दों, सामाजिक न्याय और संविधान की आवाज उठाई। तमाम धमकियों व दमन के बावजूद वे एकजुट होकर लोकतंत्र के प्रहरी बने और बूथ-बूथ पर खड़े रहे। आप सबकी कड़ी मेहनत के चलते हमारी एकजुटता व मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में जनता ने भरोसा दिखाया है। आप सभी को दिल से धन्यवाद। जय जनता। जय संविधान। इससे पहले उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेकर लिखा, यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुक़दमे लगाये गये, जेल में डाला गया, बार-बार नज़रबंद किया गया मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गये, आप टिके रहे। मुझे गर्व है आप पर और यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया। आपने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं, इनको नकारने की क़ीमत भारी होती है। चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाई राहुल गांधी को उनकी जीत पर एक भावुक नोट लिखा था। इसमें उन्होंने राहुल के रायबरेली और वायनाड की दोनों सीटों पर जीत हासिल करने के साथ ही लोकसभा चुनावों में पार्टी की स्थिति में सुधार होने पर उनकी तारीफ की है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रियंका ने लिखा, उनके दृढ़ विश्वास पर संदेह करने और उनके खिलाफ झूठ का भारी प्रचार किए जाने के बावजूद, राहुल कभी पीछे नहीं हटे और सच्चाई के लिए लड़ते रहे। प्रियंका ने उन्हें सबसे बहादुर बताते हुए आगे लिखा, राहुल गांधी ने प्यार, सच्चाई और दयालुता के साथ लड़ाई लड़ी।

पार्क में सुतली बम बनाते समय विस्फोट, युवक का पैर फटा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इन्दिरानगर इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर एक पार्क में बैठ कर सुतली बम बनाते वक्त विस्फोट हो गया। धमाके में एक युवक का पैर फट गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से उसका साथी भाग निकला। इंदिरानगर के तकरोही इलाके में पूड़ी विक्रेता दिव्यांश रहते है। बृहस्पतिवार दोपहर वो अपने एक साथी संग बाइक से सेक्टर 9 स्थित वैशाली पार्क पार्क पहुंचा। बताया जाता है कि दोनों दोस्त पार्क में कुर्सी पर बैठकर सुतली बम बनाने लगे। इसी दौरान सुतली बम में विस्फोट हो गया। विस्फोट में दिव्यांश के बायें पैर का तलवा फट गया। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग दहशत के चलते घरों से निकल आये। लोग जब पार्क के अंदर पहुंचे तो दिव्यांश लथपथ हालत में देखा। मौके से उसका साथी भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दिव्यांश को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस उसके साथी के बारे में पता लगा रही है। एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि दोनों युवक पार्क में पटाखे वाला लहसुन बम बन रहे थे तभी हादसा हो गया। बाकी मामले की जांच की जा रही है।

लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर गायों से टकराकर पलटी निजी बस

- यात्री बोले- नशे में लग रहा था चालक, 15 यात्री घायल
- प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल छह यात्रियों को मेडिकल कॉलेज रेफर
- दुर्घटना के बाद बस का चालक भाग गया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। शाहजहांपुर के तिलहर इलाके में लखनऊ से देहरादून जा रही पीटीसी स्काई बस बुधवार देर रात लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर सरयू पुलिया ओवरब्रिज से नीचे उतरते समय अनियंत्रित होकर गायों से टकराकर पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। बस में 35 यात्री सवार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल छह यात्रियों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। निजी एसी बस लखनऊ के आलमबाग से रात लगभग 8.30 बजे देहरादून के लिए चली थी। रास्ते में सीतापुर आदि स्थानों से सवारी लेते हुए बस लगभग 1.30 बजे तिलहर हाईवे बाईपास से होते हुए सरयू पुलिया ओवरब्रिज पहुंची। पास के एक होटल के कर्मचारी ने बताया कि बस की रफ्तार तेज थी। हाईवे पर अचानक गायों के आ जाने पर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना के बाद बस का चालक भाग गया। सीतापुर के खैराबाद निवासी अमन मिश्रा ने बताया कि अधिकांश यात्री गहरी नींद में सोए हुए थे। बस पलटने से कुछ देर पहले आंधी के बाद बारिश हुई थी। चालक बहुत तेजी से बस चल रहा था। बस में पानी आने पर ड्राइवर से कहा भी था कि बस हल्की चलाए, फिर भी उसने नहीं सुनी। यात्री के मुताबिक, चालक नशे में लग रहा था। बस पलटने के बाद चालक भाग गया था। बस पलटने के बाद किसी तरह सभी लोग खिड़कियों और इमरजेंसी गेट खोलकर बाहर निकले। अमन ने बताया कि उनका हाथ टूट गया है। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर विशाल प्रताप सिंह ने सभी को एंबुलेंस से तिलहर सीएचसी पहुंचाया। इस दौरान गंभीर रूप से घायल कल्पना वर्मा, श्वेता सिंह, तनिश कनौजिया, सुनीता, सोनम शर्मा और नवीना को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस में बस को थाने पर लाकर खड़ा कर लिया है। मामले में कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। दुर्घटना में यात्री अमन मिश्रा सहित लखीमपुर खीरी के अर्जुनपुरवा कॉलोनी निवासी काजल रस्तोगी, सिम्पी रस्तोगी, लखीमपुर की ऑफीसर्स कॉलोनी विजय प्रताप वर्मा की पत्नी कल्पना वर्मा, इसी कॉलोनी के विनायक वर्मा, लखनऊ की श्वेता सिंह, तनिष्क कनौजिया, चारबाग, लखनऊ की सुनीता, मनोज शर्मा की पत्नी सोनम शर्मा, बेटी अभिलाष शर्मा, मनोज कुमार, आशियाना, लखनऊ की योगेश सिंह और उनकी पत्नी प्रीति सिंह, तालकटोरा, लखनऊ के राजेश की 20 वर्षीय पुत्री एकता कनौजिया और लखनऊ सिटी निवासी दीपेंद्र की पत्नी नवीना घायल हो गए।

शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के छात्रों ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

लखनऊ। शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के छात्रों ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शाहीन ग्रुप के तीन छात्रों ने 720 अंकों में से 705, 8 छात्रों ने 700 से अधिक 38 छात्रों ने 680 से अधिक अंक प्राप्त किये। ऐशबाग ईदगाह स्थित इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में संचालित होने वाली शाहीन एकेडमी के भी कई छात्रों ने नीट परीक्षा में एकेडमी का नाम रोशन किया। नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मौलाना खालिद रशीद ने मुबारकबाद दी है। शाहीन एकेडमी की शिफा शमीम ने 705, बुशरा शमीम ने 695, अब्दुल्लाह नसीम ने 683, मोहम्मद अहमद ने 678, मोहम्मद सादिक शेख ने 673, हबीबा तस्नीम ने 662, वरीशा ने 660, अरबाज खान ने 630 और मोहम्मद यूनुस ने 626 अंक प्राप्त किये। मौलाना खालिद रशीद ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्रों और उनके परिजनों को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अयोध्या में जनता ने भाजपा की आशाओं पर पानी फेर दिया: अखिलेश यादव

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों से जाहिर है कि भाजपा के अहंकार का पतन हुआ है और उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ जनादेश आया है। प्रदेश मंत्रिमण्डल के 16 मंत्री लोकसभा चुनाव में अपनी विधानसभा हार गए हैं। केन्द्र में जो भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी वह पूर्ण बहुमत में पाने से ही वंचित रह गई। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में जनता ने भाजपा की आशाओं पर पानी फेर दिया। वहां की जनता दुःखदर्द से कराहती रही। भाजपा सरकार ने गरीबों को उजाड़ दिया। उजड़े किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दिया गया। अपनी जमीन से उजड़े लोगों के पुनर्वास पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजें में जनता ने सबक सिखा दिया। भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लग रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता सहित समाज का हर वर्ग परेशान है। नौजवानों की एक तिहाई जिंदगी बेकार हो गई है। उनका भविष्य अंधेरे में है। अग्निवीर योजना तुरन्त खत्म होनी चाहिए। जो जवान फौज में जाना चाहते हैं और उनकी उम्र समाप्त हो गई उन्हें फिर मौका मिलना चाहिए। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन का जहां तक सवाल है वह अब जनआकांक्षाओं का प्रतीक बन चुकी है। वह जनसेवा के अपने संकल्प पर दृढ़ रहेगा और संविधान बचाने तथा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के कष्ट और संकट से जनता को मुक्त कराने के अपने प्रयासों को निरन्तर जारी रखेगा। श्री यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन पीडीए का राष्ट्रव्यापी विस्तार करने और पीडीए के लिए लगातार संघर्ष करते रहने के लिए चचनबद्ध है। इंडिया गठबंधन किसान, मजदूर, युवा महिला व्यापारी, कारोबारी, नौकरीपेशा और सरकारी कर्मचारियों के मुद्दों को आधार बनाकर उनकी आवाज बनने का काम करता रहेगा। राजनीति में संभावनाएं कभी खत्म नहीं होती है।

सीईओ ए. मणिमेखलै आईएमसी लेडीज विंग पुरस्कार से सम्मानित

लखनऊ। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, ए. मणिमेखलै को, आज बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित आईएमसी लेडीज विंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आईएमसी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के लेडीज विंग द्वारा शुरू किया गया यह पुरस्कार वित्तीय सेवाओं, बैंकिंग और निवेश के क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान का प्रमाण है। 1995 में आरंभ के बाद से, यह पुरस्कार उन विशिष्ट महिलाओं को दिया जाता रहा है जिन्होंने बैंकिंग और निवेश के क्षेत्रों में अनुकरणीय नेतृत्व और नवाचार का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह पुरस्कार इंडियन मर्चेंट चैंबर्स हॉल, में आयोजित एक शानदार समारोह में गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएमडी, नादिर गोदरेज, के करकमलों से ए. मणिमेखलै द्वारा प्राप्त किया गया।

इबादतों के सही होने के लिए मसलों का जानना जरूरी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इबादतों के सही होने के लिए मसलों का जानना जरूरी है। मसलों की सही जानकारी के बिना हम खुदा की इबादत का हक अदा नहीं कर सकते। कुरान में ईमान वालों से कहा गया है कि अगर तुम्हें किसी चीज के बारे में पता न हो तो अहले इल्म से पूछ लो। यह बात दारुल उलूम फरंगी महल के प्रबंधक इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कही। मौलाना ने हज और कुर्बानी के लिए इस्लामिक सेंटर में हेल्पलाइन शुरू करते हुए कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि शरई मसलों में रहनुमाई के लिए उलमा से सम्पर्क करें, ताकि उनका हज, कुर्बानी और दूसरी इबादतें सही तरीके से अदा हों। हेल्पलाइन 8 जून से 19 जून तक दिन में 2 बजे से शाम 4 बजे तक काम करेगी। मौलाना ने कहा कि हेल्पलाइन पर उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर देश के साथ ही विदेशों से भी सवाल पूछे जाते हैं। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 7007705774, 9415102947, 9140427677 के साथ ही ई-मेल imamkrasheed @gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

मजलिसे बरसी आज

लखनऊ। स्वर्गीय आईएएस जफरुल हसन खां के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे बरसी 7 जून शुक्रवार को होगी। स्वर्गीय के पुत्र आईपीएस नैय्यर हसनैन खान, डॉ. आरिफ हसनैन खान और मुर्तजा हसनैन खान एडवोकेट ने बताया कि चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा गुफरानमआब में रात 7:45 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को आयतुल्लाह हमीदुल हसन खिताब करेंगे।

अवध और पूर्वांचल में मौसम ने ली करवट, आंधी के साथ हुई बारिश

लखनऊ में गोमतीनगर, हजरतगंज में केडी सिंह बाबू स्टेडियम सहित कई इलाकों में पेड़ गिरे

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। यूपी के अवध और पूर्वांचल क्षेत्र का मौसम बृहस्पतिवार की सुबह से बदल गया। लोगों को तपिश और लू से राहत मिली। लखनऊ और उसके आसपास से सटे जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। लखनऊ में 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवाओं से जन-जीवन प्रभावित हुआ। इससे बिजली की समस्याएं भी हुईं।

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से ही आंधी चलनी शुरू हुई। आंधी के साथ बारिश भी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक लखनऊ में तो कहीं कहीं 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तो कहीं इससे भी तेज गति से आंधी चली। बुलंदशहर, सुल्तानपुर, गाजीपुर, गोरखपुर समेत पूर्वांचल के कई जिलों में बारिश हुई। लखनऊ में गोमतीनगर, हजरतगंज में केडी सिंह बाबू स्टेडियम सहित कई इलाकों में पेड़ गिरे, जिससे बिजली भी प्रभावित हुई। तार टूटने की वजह से शहर में कई बिजली फॉल्ट हुए। कृषि वैज्ञानिक डा. सत्येन्द्र कुमार सिंह के मुताबिक, ये बारिश दलहनी फसलों के लिए फायदेमंद ही होगी। धान की नर्सरी तैयार हो रही है, इसके लिए भी ये फायदेमंद होगी। वहीं आम की फसलों को भी इससे फायदा होगा। बारिश होने से आम के स्वाद में बदलाव आएगा। जामुन की फसल पर भी इसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। सब्जियों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद होगी।

अयोध्या में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह करीब आधे घंटे तक आंधी चलने के बाद बारिश शुरू हो गई। एक घंटे तक हुई बारिश के चलते उमस भरी गर्मी से निजात मिल गई। बारिश थमने के बाद भी मौसम सुहाना बना रहा है। बृहस्पतिवार को भोर में 3.30 बजे के करीब अचानक आंधी चलने लगी। इस वक्त ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे। करीब आधे घंटे तक आंधी चलती रही। बारिश होने से आम के स्वाद में बदलाव आएगा। जामुन की फसल पर भी इसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। सब्जियों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद होगी। इसी के साथ चार बजे के करीब बारिश शुरू हो गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक एक घंटे बारिश हुई। कुछ जगह पर तेज बारिश हुई तो कुछ जगहों पर सिर्फ बूंदाबांदी हुई। पांच बजे के करीब बारिश थम गई। इसके बाद से मौसम का मिजाज सुहाना बना रहा। लोग जब सुबह सोकर उठे तो उन्हें उमस भरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। आंधी के साथ तेज बारिश ने जिले का मौसम बदल दिया है। बारिश होने से आम के स्वाद में बदलाव आएगा। जामुन की फसल पर भी इसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। सब्जियों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद होगी।

जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खूब बारिश हुई। देर रात से लेकर यह दौर सुबह तक चला। इससे कई जगहों पर जल भराव का भी संकट उत्पन्न हो गया। अवध के अन्य जिलों रायबरेली, सुल्तानपुर, उन्नाव, बाराबंकी आदि जिलों में भी सुबह आंधी के साथ बारिश हुई। हालांकि पूरे प्रदेश में मौसम ये बदलाव नहीं हुआ है। कुछ इलाकों में आज भी लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, आगरा, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। बारिश होने से आम के स्वाद में बदलाव आएगा। जामुन की फसल पर भी इसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। सब्जियों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद होगी।